**सुविचार**

सुदिन सबके लिए आते हैं, किंतु टिकते उसी के पास हैं जो उनको पहचान कर आदर देता है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



तेलुगु डेब्यू को लेकर उत्साहित मानुषी... 12

Ranchi ● Wednesday, 14 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 28 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 71,555.19 |
| निफ्टी | : | 21,743.25 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,920 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड के छात्र ने कोटा में की आत्महत्या

**RANCHI :** झारखंड के एक छात्र द्वारा राजस्थान के कोटा में आत्महत्या कर लिये जाने की खबर है। यह घटना मंगलवार सुबह घटी है। जानकारी के अनुसार शुभ चौधरी नामक छात्र ने आत्महत्या की है। शुभ कोटा में रहकर जेईई-मेन्स की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो साल से कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। जब सोमवार को जेईई मेन्स के परिणाम घोषित हुए, तो शुभ ने देखा कि उसका नंबर कम हैं, जिससे वह परेशान हो गया। वह अपने छात्रावास के कमरे में लौट आया और आज सुबह उनका शव छत से लटका मिला। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। छात्र के परिवार को सूचित कर दिया गया है। परिवार के कोटा पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा।

### चंपाई सरकार की तीसरी कैबिनेट बैठक कल

**RANCHI :** चंपाई सरकार की तीसरी कैबिनेट की बैठक 15 फरवरी को होगी। यह बैठक शाम पांच बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में विधानसभा के बजट सत्र को आहूत करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट के निर्णय के प्रत्याशा में राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा जा चुका है, जिसपर राज्यपाल ने मुहर लगा दी है। बजट सत्र 23 फरवरी से दो मार्च तक आहूत किया गया है, जिसका कार्यक्रम सरकार ने जारी कर दिया है।

### रेलवे क्वार्टर में घुस रेलकर्मी की गोली मारकर हत्या

**SAHIBGANJ :** झारखंड में अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं। आय दिन चोरी, लूट, डकैती और हत्या जैसी खबरें आ रही है। ताजा मामला साहिबगंज जिले का है, जहां नगर थाना से महज 50 कदम दूर नॉर्थ कॉलोनी में एक रेलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे की है। अपराधियों ने रेलकर्मी राज कुमार चंदन को उसके क्वार्टर में घुसकर गोली मारी। बताया जा रहा है कि गोली चंदन के सिर में लगी, जिससे कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। राज कुमार चंदन मूल रूप से बिहार के बांका जिला के मंदार हिल नया टोला का रहने वाला था। साहिबगंज में वह रेलवे के फोर्थ ग्रेड कर्मी के रूप में कार्यरत था और रेलवे के क्वार्टर में रह रहा था। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अमित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# 2027 तक झारखंड में हर किसी का अपना मकान होगा : चंपाई सोरेन

## सीएम ने 25385 लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र, 76 करोड़ 15 लाख 50 हजार रुपये की पहली किस्त जारी की

**PHOTON NEWS DUMKA :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्ष 2027 तक झारखंड में हर किसी का अपना मकान होगा। कोई भी व्यक्ति झुग्गी-झोपड़ी, टूटे-फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी को तीन कमरे का पक्का मकान मिलेगा। राज्य सरकार ने अपने बलबूते 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों के आशियाना के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। सीएम दुमका के जामा प्रखंड स्थित कमार दुधानी में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दुमका के 9827, जामताड़ा के 5711 और देवघर जिला के 9847 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया और उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहले किस्त की राशि के रूप में 76 करोड़ 15 लाख 50 हजार रुपये हस्तांतरित किए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अबुआ आवास योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों और बिचौलियों के साथ इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- योजना का गलत लाभ लेने-देने वालों पर होगी कार्रवाई
- व्यवस्थाओं में हुआ सुधार
- आपने इस सरकार को चुना है, यह आपकी सरकार है
- विश्वास को हम टूटेंगे नहीं देंगे, राज्य में किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा



दुमका में एक लाभुक को स्वीकृति पत्र सौंपते सीएम चंपाई सोरेन।

## बिना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। क्योंकि, बिना अच्छी शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी की वजह से किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं हो, इसकी व्यवस्था सरकार ने कर रखी है। छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना है। साथ ही प्रतियोगिता-परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए राज्य सरकार आर्थिक मदद दे रही है। छात्रवृत्ति की राशि में बजी बढ़ोतरी किया गया है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। इतना ही नहीं विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ग्रामीण परिवेश वाला राज्य है यहां के ज्यादातर ग्रामीण कृषि और मजदूरी पर निर्भर है ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम हो रहा है। शहरों के समांतर गांवों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है। इससे 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा। इसके साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने तथा वंचित टोलों में बिजली पहुंचाने के काम में गति लाई जा रही है।



# जमीन के तीन बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी ने दी दस्तक

## प्रतिबंधित जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज जब्त

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही ईडी की टीम ने मंगलवार को तीन बड़े जमीन कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी की। जिन तीन जमीन कारोबारी के ठिकाने पर ईडी की टीम ने छापेमारी की, उसमें सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित अयोध्यापुरी निवासी रमेश गोप, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रातू रोड निवासी आर्किटेक्ट सह जमीन कारोबारी विनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप शामिल हैं। दिनभर चली छापामारी में इन कारोबारियों के ठिकाने से जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ईडी को कुछ जगहों से प्रतिबंधित जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित कागजात भी मिले हैं। सभी दस्तावेजों की ईडी जांच करेगी। जमीन घोटाले की जांच के दौरान ईडी की टीम को रमेश गोप, विनोद सिंह व हिलेरियस कच्छप का नाम सामने आया था। जिसके बाद ईडी ने उनके आवास पर छापा मारा है। जमीन घोटाले में जांच का दायरा लगातार आगे बढ़ रहा है। जमीन घोटाले मामले में ईडी की टीम भानू प्रताप और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

- रमेश गोप, विनोद सिंह व हिलेरियस कच्छप के ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा
- दिनभर चली छापामारी, जब्त सभी दस्तावेजों की ईडी जांच करेगी
- जमीन घोटाले की जांच के दौरान तीनों कारोबारियों का नाम आया था सामने
- पूर्व सीएम हेमंत सोरेन व भानू प्रताप को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही ईडी



कोकर स्थित अयोध्यापुरी निवासी रमेश गोप के आवास पर छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम व इनसेट में रेड के दौरान तैनात जवान।

### बड़गाई अंचल की जमीन से जुड़ा है मामला

अनुमान लगाया जा रहा है कि ईडी की टीम जमीन घोटाला की जांच के लिए निकली है। मालूम हो कि जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के जिस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तार किया गया है, वह जमीन बड़गाई अंचल की ही है। बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन अभी ईडी की गिरफ्त में हैं। ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट विनोद सिंह के बीच वाट्सएप चैट के सबूत मिले हैं। रिमांड पिटिशन में ईडी ने इस बात का भी जिक्र किया कि बड़गाई अंचल की विवादित 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना थी। मालूम हो कि झारखंड के आईएएस छवि रंजन गिरफ्तार बड़गाई अंचल की जमीन मामले में ही गिरफ्तार हुए हैं। उन्हें 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। फिलहाल वे जेल में बंद हैं। ईडी की जांच में पता चला कि तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन को हर महीने दो से ढाई लाख रुपये मिलते थे।

# बोकारो में सीआरपीएफ व नक्सलियों की मुठभेड़

## 2 घंटे तक हुई फायरिंग, इलाके में घेराबंदी

**CRIME REPORTER BOKARO :** बोकारो के चुटे पंचायत से सटे गिधोंनिया जंगल में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच घंटों मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे झुमरा पहाड़ के तलहटी में चैंयाटाड़ और दंडरा के बीच सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। जंगल में दोनों ओर से दो घंटे तक फायरिंग हुई। जहां मुठभेड़ हुई, यह इलाका बोकारो के चतरोचटी थाना क्षेत्र में पड़ता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों का दस्ता चैंयाटांड़ के निकट जंगली इलाके में भ्रमण कर रहा है। इसी सूचना पर सीआरपीएफ 154 बी और कोबरा बटालियन 203 की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर ली। मंगलवार सुबह इलाके में सुरक्षा बलों को देख नक्लसी पहाड़ी की ओर से फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों की टीम ने भी नक्सलियों पर गोली चलायी। फिर पुलिस के बढ़ते दबिश को देख नक्सली भाग गए। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के दौरान दोनों से ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही थी। क्षेत्र में गरज के साथ बारिश भी हो रही थी। फिर भी जवानों का सर्च अभियान जारी रहा। हालांकि बारिश की वजह से नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सर्च अभियान में खलल पड़ रहा है, फिर भी पुलिस अभियान में जुटी है। मुठभेड़ की घटना पर बोकारो एसपी ने कहा कि सर्च अभियान के दौरान गोली चली है, फिलहाल कुछ बताया नहीं जा सकता।



- झुमरा पहाड़ के तलहटी में चैंयाटाड़ और दंडरा के बीच सुरक्षा बलों की नक्सलियों से सामना हुआ
- पुलिस के बढ़ते दबिश को देख नक्सली भाग निकले
- बारिश के बीच भी सर्च अभियान में जुटे हैं सुरक्षा बल



### हंस पर सवार होकर धरती पर आएंगी मां

**RANCHI :** इस वर्ष मां शादरे हंस पर सवार होकर धरती पर आ रही हैं। यह संकेत काफी शुभ माना जाता है। इस वर्ष शुभ मुहूर्त सुबह 7:01 से लेकर दोपहर 12:35 तक है। शुभ मुहूर्त का समय काफी लंबा है। आसानी से लोग इस साल पूजा में भाग ले सकेंगे। राजधानी में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरो पर है। राजधानी में इस वर्ष श्रद्धालु सरस्वती पूजा पर राम दरबार तो कहीं राम मंदिर का देख सकेंगे। हटिया के सिंह मोड में हिंदुत्व क्लब में राम दरबार का निर्माण किया जा रहा है, पंडाल बनकर तैयार हो चुका है। इसके अलावा रिम्स परिसर में राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, मां सरस्वती के साथ-साथ श्रद्धालु राम की कथा का प्रारूप देख सकेंगे।

# विधायक मनोज सहित 23 आरोपियों को उम्रकैद

## बड़गांव के किसान जयप्रकाश सिंह की हत्या में नौ साल बाद कोर्ट का फैसला

**AGENCY AARA :** भोजपुर के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में किसान जयप्रकाश सिंह की हत्या में आरा की अदालत की ओर से मंगलवार को भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 आरोपितों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट की ओर से सभी आरोपियों के खिलाफ 25-25 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायाधीश सह तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र सिंह ने यह फैसला सुनाया। विधायक मनोज मंजिल और एक वकील सहित 23 आरोपितों को अपहरण, हत्या और अपराध के दौरान सबूतों को गायब करने का दोषी पाये जाने के बाद कोर्ट की ओर से यह सजा सुनाई गई है। जिले के तरारी थाना क्षेत्र के कपूरडिहरा गांव निवासी मनोज मंजिल भोजपुर के अगिआंव (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं।



### अन्य सजायाफ्ता कैदी

अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी चीना राम, मनोज चौधरी, नंद कुमार चौधरी, अधिवक्ता भरत राम, त्रिलोकी राम, प्रेम राम, बबन चौधरी, पवन चौधरी, गुड्डू चौधरी, गबर चौधरी, राम बली चौधरी, शिव बली चौधरी, रवींद्र चौधरी, रोहित चौधरी, रामाधार चौधरी, सर्वेश चौधरी, रामानंद प्रसाद, प्रभु चौधरी, टनमन चौधरी, खेढ़ी गांव निवासी जय कुमार यादव, नंदू यादव और नारायणपुर थाना क्षेत्र के कुर्मीचक गांव निवासी चंद्रधन राय शामिल हैं।

## भारत खुद विकसित करेगा जासूसी विमान, जल्द मिलेगी सरकार की मंजूरी

# चीन और पाक की चालाकियों को अब मिलेगा करारा जवाब

**AGENCY NEW DELHI :** चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर रखने और लंबी दूरी के निगरानी अभियानों को अंजाम देने के लिए भारत अब खुद तीन नए जासूसी विमान विकसित करेगा। इन जासूसी विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। यह परियोजना स्वदेशी रूप से संचालित की जाएगी और इसके अधिकांश उपकरण भारत में ही बनाए जाएंगे। इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह के विमान की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी लेकिन अब इस परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला भारतीय वायु सेना के सहयोग से एयरबस-319 श्रेणी के विमान का उपयोग करके इस परियोजना का नेतृत्व कर रही है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण के लिए संबंधित एजेंसियां विमान निमार्ताओं को निविदा जारी करेंगी। इन जासूसी विमानों के लिए प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है।

- स्वदेशी रूप से संचालित परियोजना में विमान के अधिकांश उपकरण भारत में ही बनेंगे
- दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर होगी, लंबी दूरी के निगरानी अभियान में मिलेगी मदद



### रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के कगार पर भारत

अधिकारी ने बताया कि भारत तीन नए जासूसी विमानों को विकसित करने के साथ अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के कगार पर है। इन उन्नत विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। ऐसे जासूसी विमानों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। सेंटर फॉर एयरबोर्न स्टडीज इस पहल की देखरेख कर रहा है और एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम सहित विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। दरअसल, भारत ने 3 जासूसी विमान विकसित करने की इस परियोजना पर वैश्विक निमार्ताओं के साथ डेढ़ दशक पहले काम शुरू किया था। भारत ने 2009 में विमान परियोजना के लिए एम्ब्रेयर और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज को शॉर्टलिस्ट किया था लेकिन ऑफसेट नीति का खुलासा न किये जाने से यह परियोजना रद्द कर दी गई। इसके तीन साल बाद वायु सेना ने इन विमानों के विकास और खरीद के लिए नया अनुरोध जारी किया। इसके बाद 2017 में अनुमानित 570 मिलियन डॉलर में सात जासूसी विमानों के अधिग्रहण के लिए एक नया अनुरोध प्रस्ताव जारी किया गया था।

### महिला नेता से दुष्कर्म के प्रयास मामले में एमएलए ढुल्लू महतो कोर्ट से बरी

**DHANBAD :** कमला देवी मामले में पीड़ित और उसके पति द्वारा अपने पूर्व के बयान से मुकरने के बाद मंगलवार को न्यायालय ने सबूत के अभाव में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को बरी कर दिया। धनबाद के एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार ने मामले में फैसला सुनाते हुए बाघमारा विधायक को मामले से बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि धनबाद जिला भाजपा की पूर्व महिला नेता कमला देवी ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर आरोप लगाया था कि विधायक ने उनके से छेड़छाड़ करते हुए उनसे दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। उस वक्त इस मामले को लेकर धनबाद कई धरना-प्रदर्शन भी हुए थे। इसके बाद पीड़िता इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट पहुंची थी।

### पेपर लीक कांड : धंधेबाजों का बड़ा नेटवर्क

## 27 से 30 लाख में हुई थी डील अवर सचिव ने उगले कई राज

**CRIME REPORTER RANCHI :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में पता चला है कि इस पेपर लीक कांड में रांची से लेकर पटना तक के सरकारी अफसरों, कोचिंग संचालकों और धंधेबाजों का बड़ा नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि गिरफ्तार किए गये झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो। शमीम और उनके दो बेटों ने छह अभ्यर्थियों को परीक्षा के पहले 27-30 लाख रुपये में पर्चे उपलब्ध कराए थे। मंगलवार को अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दोनों बेटों शहजादा और शाहनवाज को रांची सिविल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने तीनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीनों को नगड़ी थाना क्षेत्र से रविवार को गिरफ्तार किया गया था। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में बिहार विधानसभा के कर्मी मोहम्मद रिजवान की भी संलिप्तता सामने आयी है। रिजवान गिरफ्तार अवर सचिव का दामाद है।



# पुलिस ने हथियार के साथ तीन बदमाशों को धर दबोचा

## किसी बड़े अपराध को अंजाम की थी साजिश, रौशन हत्याकांड में थे शामिल

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले के पतरातू क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो देसी कट्टा, एक पिस्तौल और 8 जिंदा गोली बरामद हुआ है।

पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बासल थाना क्षेत्र के मुक्ति डैम के किनारे कुछ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जमा हुए हैं। पुलिस ने तत्काल एक टीम बनाकर वहां छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें रांची जिले के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नयागांव निवासी रेयांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स, टंकी साइड निवासी शिवम राज और जगन्नाथपुर निवासी अनिकेत कुमार उर्फ मोनू शामिल हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम। • फोटोन न्यूज

**होटल मालिक हत्याकांड में शामिल था आरडीएक्स :** पतरातू एसडीपीओ ने बताया कि इनमें से एक अपराधी रेयांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स ने होटल व्यवसाई रौशन साव की हत्याकांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पिछले वर्ष अगस्त माह में पतरातू के माही रेस्टोरेंट के मालिक की हत्या गोली मारकर की गई थी। रेयांश सिंह ने बताया कि उस वारदात में जिस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया गया था उसका नंबर प्लेट भी छुपाया गया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने वह नंबर प्लेट भी बरामद कर लिया है।

# फासिस्ट ताकतों को रोकने का काम करेगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग



मीडिया को जानकारी देते सीके सुबैर। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** इंडियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय सह सचिव और झारखंड प्रभारी सीके सुबैर ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के स्टेट काउंसिल मीट में हम आए हुए हैं जहां झारखंड की नई स्टेट काउंसिल की टीम बनाई गई है । एयूएमएल इंडिया गठबंधन के साथ पूरे देश में फासिस्ट ताकतों को दूर करने का लगातार प्रयास करेगी । भाजपा भारत में मंदिर मस्जिद के आधार पर देश को बांट रही है एयूएमएल विश्वास करती है कि मिलजुल कर हम लोग भारत को विकसित करना है ।हमारी पार्टी केरल ,तमिलनाडु ,आंध्र और झारखंड में मजबूत स्थिति में है । इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर झारखंड में ओबीसी, माइनॉरिटी दलित के लिए लगातार आंदोलन करेंगे । नई कमेटी जल्द ही जिला कमेटी प्रखंड कमेटी की स्थापना करेगी। मौके पर बोलते हुए एयूएमएल के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साजिद आलम ने कहा कि झारखंड में नई कमेटी का गठन किया गया है यह कमेटी जल्द ही जिला प्रखंड में संगठन का गठन करेगा । झारखंड में झारखंड में पार्टी को मजबूत किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में वोट को पोलराइज्ड कर रही है ,विकास की बात नहीं किया जा रहा है ।जनता 2024 में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर फेंकेगी । इस मौके पर बोलते हुए मोहम्मद शाहबाज हुसैन,मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय कमेटी यह फैसला करेगी कि झारखंड में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हम कितने सीट पर लड़ेंगे ।झारखंड के ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से बात करेंगे। झारखंड में अब तक बोर्ड का गठन अभी तक नहीं हुआ है, इस पर बात किया जाएगा । इस मौके पर आईयूएमएल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साजिद आलम, आईयूएमएल की महिला मोर्चा की अध्यक्ष शहजादी खातून सहबाज हुसैन,फजल इमाम प्रदेश महासचिव मौजूद थे

# BRIEF NEWS

## बदलते मौसम में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



**RANCHI :** बढ़ते ठंड को देखते हुए झामुमो अलापंख्यक मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष युवा समाजसेवी फरीद खान के नेतृत्व में आज जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। गली मोहल्ले, चौक, चौराहों पर ठंड में ठिठुरते लोगों को थोड़ी राहत देने के अभियान में फरीद खान जुट गए। मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक, अंजुमन प्लाजा चौक, इकरा मस्जिद चौक, सुजाता चौक, और मुख्य मार्ग पर झामुमो कार्यकर्ता के साथ फरीद खान द्वारा निर्धन व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसके साथ ही शिक्षित करने का आह्वान भी किया गया। फरीद खान ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों में सबको बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। जरूरतमंद गरीब निर्धन व असहाय की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। गरीबों का भी अपना कर्तव्य होता है। वह अपने बच्चों को शिक्षित करे, जिससे वह शिक्षित बनकर देश समाज की सेवा कर सके। मौके पर झामुमो पूर्व जिला अध्यक्ष आफताब आलम, अमन खान, मो कर्फू, पप्पू भाई, मो सोनू, आबिद अंसारी, गुड्डू नाजिम, मो प्रिंस सहित कई लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में एनटीपीसी ने रैयतों से की बातचीत

**HAZARIBAGH :** एनटीपीसी कोल परियोजना से कोयला ढुलाई के लिए जोरदाग से लबनिया मोड़ तक सड़क निर्माण के लिए मंगलवार को रैयतों, एनटीपीसी अधिकारी व प्रशासन के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इसकी अध्यक्षता पचड़ा पंचायत मुखिया महेश प्रसाद ने की। वार्ता में कोयला ढुलाई के लिए दो किलोमीटर कच्ची सड़क निर्माण कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रैयतों ने रैयती जमीन पर सड़क ना बनाकर जीएम लैंड जमीन पर सड़क बनाने की सहमति दी। एनटीपीसी के अधिकारियों ने सहमति जताते हुए फिर से सड़क का रूट चार्ट जल्द तैयार कर सड़क का कार्य शुरू करने की बात कही। इस मौके पर अंचलाधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल, कांग्रेस नेता प्रेम रंजन पासवान, वार्ड सदस्य कन्हैया माली सहित भू-रैयतों व एनटीपीसी के अधिकारी मौजूद थे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत प्रतियोगिता आयोजित

**RAMGARH :** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सोसोकला हाई स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉक्टर तूलिका रानी ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों के बीच कुष्ठ रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के क्विज प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही रास्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षक को मानसिक रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। मौके पर चिकित्सक सावन कुमार ठाकुर, जिला कार्यक्रम सहायक आमोद कुमार, पीएमडब्लू-एनएलईपी मनीषा पहान, सीएचओ श्वेता लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक अमर कुमार बाउरी पहुंचे हजारीबाग

**HAZARIBAGH :** नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी मंगलवार को चतरा से रांची जाने के क्रम में हजारीबाग परिषद सभागार पहुंचे,जहां हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने पहुंचकर उनका स्वागत किया। विधायक मनीष जायसवाल ने उनके साथ झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और भाजपा संगठन को लेकर लंबी चर्चा- परिचर्चा की। अमर कुमार बाउरी ने बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की । इस अवसर पर अमर कुमार बाउरी ने झारखंड की मौजूदा राजनीतिक हालात पर कहा कि चंपाई सोरेन सरकार अबतक अपना मंत्रिमंडल का गठन नहीं कर पाई उससे राज्य के विकास की परिकल्पना करना बेकार है।

# अवैध कोयला लदा टवेरा जब्त, तीन कारोबारी धराए

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ जिले में अवैध कोयले के कारोबारी पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए अब नया तिकड़म लगा रहे हैं। ट्रक और अन्य माल वाहक वाहनों को छोड़ अब लग्जरी कार से अवैध कोयले की ढुलाई करने में जुट गए हैं। उनका यह खेल तब खत्म हो गया जब रामगढ़ पुलिस ने चुट्टूपालू घाटी में एक टवेरा कार को जब्त किया। मंगलवार को गस्ती के दौरान रामगढ़ पुलिस ने घाटी में ललकी घाटी मोड़ के पास एक टवेरा कार (जेएच 10 जी 5923) को पकड़ा। पुलिस ने जब्त गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें लगभग 800 किलो कोयला मिला। इस दौरान पुलिस ने तीन कारोबारी को भी पकड़ा जिसमें संदीप साहू, मोहम्मद सोनू उर्फ सैफ और रवि भुइंया शामिल हैं।

**हेसागढ़ा से रांची ले जाया जा रहा था कोयला**

रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि कोयले के कारोबारी कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा से यह अवैध कोयला अपनी गाड़ी में लादकर रांची जा रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप पहुंच गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मोहम्मद सोनू उर्फ सैफ कोयले के अवैध तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है।

## लोहरदगा में गन्ने की खेत में आग लगने से लाखों का नुकसान

**LOHARDAGA :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में शरारती तत्वों ने गन्ने की खेत में आग लगा दिया, जिससे राजू महतो, सद्दीक अंसारी, प्रदीप महतो, रिझु महतो, रेयासत अंसारी का लगभग 6 एकड़ खेत में लगी गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। सभी किसानों को करीब 8 से 10 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है। इस संदर्भ में प्रदीप महतो और रेयासत अंसारी ने कहा कि गन्ने की खेत में आग कैसे लगी और किसने लगाई इसकी पूरी जानकारी नहीं है लेकिन यह काम शरारती तत्वों का है। जब खेत से आग की लपटें उठने लगीं और धुंआ दिखाई दिया तब पता चला कि हम लोगों का खेत में आग लगा गई है। आनन-फानन में आग को बुझाया गया।

# पांकी के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के बयान पर कांग्रेस के नेताओं ने जताया विरोध

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना के आरोपी को जिंदा जला देने या पीट-पीट कर हत्या कर देने की बात कही थी। उनके इस बयान पर कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला समेत अन्य लोगों ने मंगलवार को विरोध जताया और विधायक पर कार्रवाई की मांग की है। रुद्र शुक्ला ने कहा कि विधायक का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। संविधान की कसम खाने वाले विधायक यदि कोर्ट और संविधान को भूल जाएं तो इससे बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने इस मामले में कहा कि मृतक के परिजनों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है और हम सभी लोगों को कानून -संविधान और प्रशासन पर विश्वास करना चाहिए।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस व आप के नेता। • फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात पांकी विधायक का है तो उनका दिमाग खराब हो गया है। वे लोगों को भड़काना चाहते हैं और राजनीति रोटी सेंकना चाहते हैं। लाश पर राजनीति अच्छी बात नहीं है। सभी लोग धैर्य से काम लें। कानून काम करेगा। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। हमलोग वरीय अधिकारी से मिलकर बात रखेंगे।

इस बाबत जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि विवादित बयान देने से संबंधित मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। किसी ने इस संबंध में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। इस संबंध में किसी तरह का आवेदन या फिर जानकारी दी जाती है तो कार्रवाई की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि जिले के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई नहर के पास सोमवार की दोपहर जाइलो कार चालक बलमुआ के मो. नौशाद ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को रौंद दिया था। हादसे में भुइयां कुरहा के विनोद सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी जबकि रामा सिंह को रांची रिम्स रेफर किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिजनों के साथ पांकी में कपूर्री चौके के पास कई घंटे तक सड़क पर जाम लगा रखा था। इस दौरान पांकी विधायक शशिभूषण ने विवादित बयान दिया था। इससे पहले भी वे मुस्लिमों को लेकर विवादित बयान दे चुके हैं।

# विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को शहर के मटवारी इलाके में एनएच-100 से मटवारी गांधी मैदान के चारों ओर करीब एक किमी लंबाई के राइडिंग क्वॉलिटी में सुधार कार्य का शिलान्यास किया। पथ निर्माण विभाग के जरिए करीब 52 लाख रुपये की लागत से गांधी मैदान के चारों ओर



गुणवत्तायुक्त पथ का निर्माण होगा। सड़क शिलान्यास के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने गांधी मैदान के नगरपालिका मार्केट में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और शुभचिंतकों संग चाय पर चर्चा भी की। विधायक ने कहा कि गांधी मैदान शहर की हृदयस्थली है और यहां हमेशा लोगों की चहलकदमी रहती है। ऐसे में गांधी मैदान के चहुंओर सुदृढ़ और मजबूत सड़क का होना बेहद जरूरी है। इस मौके पर विशेषरूप से स्थानीय भाजपा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, समाजसेवी रिंकू वर्मा, असीम चक्रवर्ती, शिवकुमार प्रजापति, संजय शरण, संतो चौधरी, पंकज सिंह, अजय प्रजापति, अरुण प्रजापति, मो अजीम, सुम कुमार, रूही खान, पार्वती धामी, सुशील कुमार, शिवा धामी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शराब के नशे में पारा शिक्षक स्कूल में मिले मदहोश

**PALAMU :** बच्चों को शिक्षा देने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य की जिम्मेवारी शिक्षकों की होती है, लेकिन जब शिक्षक ही लापरवाह हो जाए तो बच्चों का भविष्य चौपट होना लाजमी है। कुछ इसी तरह का मामला पलामू जिले के पाटन प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कनौदी से सामने आया है। यहां के पारा शिक्षक सतीश तिवारी स्कूल ड्यूटी के दौरान शराब पीकर मदहोश नजर आए।

# जंगल में मिला महिला का शव सास सहित कई अन्य हिरासत में

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** जमुआ थाना इलाके के कोवाड के जंगल में मंगलवार को एक महिला का शव बरामद हुआ। जानकारी मिलने के बाद जमुआ थाना प्रभारी सह डीएसपी नीलम कुजूर के साथ एसडीपीओ साजिद जफर भी पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे। मृतका की पहचान जमुआ थाना के काजीमगहा गांव निवासी मोहम्मद राशिद की पत्नी शाहीन प्रवीण के रूप में हुई है। इस दौरान जमुआ थाना पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। और मामले की जांच शुरू की। फिलहाल इस हत्याकांड से जुड़े कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए आरोपियों में मृतका शाहीन की सास शामिला, मौसी सास सजीला समेत कई और अन्य हैं।

# जंगल की जमीन पर अतिक्रमण में रुंगटा ग्रुप का नाम भी शामिल

## श्रीराम पावर एंड स्टील प्लांट के खिलाफ भी वन विभाग में दर्ज है मामला

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले में जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों में रुंगटा ग्रुप का नाम भी शामिल है। कुजू ओपी क्षेत्र में श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्लांट के खिलाफ भी वन विभाग में मामला दर्ज है। इस प्लांट के मालिक ने वन विभाग की 50 डिसमिल जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। यहां तक की उस क्षेत्र में प्लांट का सेटअप भी तैयार कर दिया गया है।

वन विभाग के पदाधिकारी को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने प्लांट मालिक को उस स्थान से अपना पूरा सेटअप हटाने का निर्देश दिया लेकिन रुंगटा ग्रुप ने जंगल की उस जमीन को छोड़ने में काफी लापरवाही दिखाई। नतीजा यह हुआ कि वन विभाग के पदाधिकारी को प्लांट के खिलाफ शिकायत दर्ज करनी पड़ी और अब प्लांट के प्रतिनिधि हर तारीख पर हाजिर हो रहे हैं।

इस प्रकरण पर डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि जब श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने जंगल की जमीन पर कब्जा किया था, तो उस दौरान उनसे दस्तावेज की मांग की गई थी। उनके दस्तावेज भी जब जांच में कहीं नहीं टिके तो प्लांट के लीगल सेल ने यह कहा कि वह जल्द ही वन विभाग की जमीन से अपना पूरा सेटअप हटा लेंगे। यदि वह अपना सेटअप नहीं हटाते हैं तो उन्हें जबरन हटाया जाएगा। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यदि वह अपना सेटअप हटाते हैं तो उसके बावजूद उन्हें वन विभाग के नियमों के अनुसार हजार्ना भरना पड़ेगा।

# धनबाद में एडमिट कार्ड नहीं मिलने से फूटा छात्रों का गुस्सा, विद्यालय गेट पर जड़ा ताला

**PHOTON NEWS DHANBAD :** बलियापूर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदरी परसबनिया गांव के राजकीय बुनियादी अतिक्रमित 2 उच्च विद्यालय परसबनिया के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को विद्यालय के गेट पर ताला जड़ कर धरने पर बैठ गए। विद्यार्थियों का कहना था कि मेघा छात्रवृति के लिए उन्होंने फॉर्म भरा था लेकिन विद्यालय प्रबंधन या शिक्षा विभाग की गलती के कारण छात्रों का समय पर एडमिट कार्ड नहीं मिल सका। इस वजह छात्र परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सके।




धरने पर बैठे छात्र-छात्राएं। • फोटोन न्यूज

छात्रों का कहना था कि हम गरीब छात्रों को छात्रवृति से वंचित कर दिया गया। आगे हमलोग कैसे पढ़ेंगे? धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में पढाई ठीक से नहीं होती है। इसी मामले में दोषियों पर कार्रवाई की माग को लेकर छात्र प्रदर्शन कर रहे थे।

स्थिति की जानकारी मिलने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, बलियापूर थाना प्रभारी सूबेदार कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं परसबनिया के मुखिया और गांव के प्रमुख लोगों ने मौके पर पहुंचकर समस्या को सुना। इसके बाद छात्रों और ग्रामीणों ने एक लिखित आवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। शिक्षा पदाधिकारी ने छात्रों और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद छात्रों का आंदोलन समाप्त हुआ।

## बीडी रेलखंड पर सभी यात्री ट्रेनों को बंद किए जाने से यात्रियों को भारी परेशानी

# ट्रेनों को जपला से बरवाडीह तक चलाने की मांग

**PHOTON NEWS PALAMU :** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए सोननगर यार्ड रिमॉडलिंग एवं सोननगर-अंकोरहा तृतीय लाइन के कमीशनिंग संबंधी अवसंरचना उन्नयन कार्य के लिए एनआई कार्य किया जाना है। इस कारण बीडी रेलखंड पर 15 से 23 फरवरी तक सभी ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावे कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है जिससे यात्रियों को आर्थिक और मानसिक कष्ट उठाना पड़ेगा।



धनंजय कुमार तिवारी। • फोटोन न्यूज

यह बातें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि रेलवे में आधुनिकीकरण निर्माण का कार्य किया जाना तो ठीक है, किन्तु जनहित का ख्याल भी रखना चाहिये। रेलवे ने यह एकतरफा फैसला कर जनमानस को काफी आहत किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से अबतक रेलवे अधिकारियों ने रेलवे के प्रति आम जनता के विश्वास ही खत्म कर दिया है। रेलवे के प्रति आम लोगो की धारणा रही है कि सब कुछ बंद हो सकता है, मगर रेल सेवा चालू रहती है, किन्तु मोदी राज में रेलवे के अधिकारियों की अदूरदर्शिता के कारण शादी-ब्याह या मुख्य पर्व के ऐन मौके पर ही रेल संरचनाओं का कार्य कराने के नाम पर यात्रियों को परेशानी झेलने पर विवश कर दिया जाता है।

तिवारी ने कहा कि मंडल रेल प्रबंधक को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रख कर कुछ आवश्यक पैसेंजर ट्रेनों को जपला या नबीनगर से बरवाडीह या बरकाकाना तक चलाना चाहिए।

उन्होंने कहा है कि सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, डेहरी बरवाडीह शटल पैसेंजर ट्रेन, वाराणसी बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन को जपला या नबीनगर रेलवे स्टेशन से चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर रेल प्रशासन यात्रियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों का परिचालन जपला या नबीनगर से शुरू नहीं करता है, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होगी।

# 19वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए पलामू की टीम गुजरात रवाना

**PHOTON NEWS PALAMU :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं गुजरात एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 16 से 18 फरवरी तक गुजरात विश्वविद्यालय, नवरंग पुरा, अहमदाबाद में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले से 12 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे एवं मैनेजर रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्पर्धा में भाग लेने के लिए अहमदाबाद रवाना हुई। बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो पलामू का



प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा समारोह का अयोजन कर समाजसेवी आनंद शंकर द्वारा सहयोग के रूप में दिए गए खिलाड़ियों को ट्रैक शूट का वितरण, जीजीपीएस स्कूल के एडमिस्ट्रेटिव अमित वशिष्ट, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल आनंद दुबे, योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल कुमार पांडे द्वारा ट्रैक शूट पहनाकर खिलाड़ियों को रवाना किया गया।

बालक अंडर 16 आयु वर्ग- जीजीपीएस स्कूल से आशुतोष कुमार ठाकुर-पैंथालोन, अंकित कुमार-जेवेलिन, प्रतम्य पांडेय-गोला फेंक, बीसी मिशन स्कूल से साधना कुमारी-60 मीटर, वीपीएम ज्ञान निकेतन से संध्या कुमारी-ऊंची कूद-अंश कुमार-60 मीटर।

बालक अंडर 14 आयु वर्ग ट्रेथलॉन-वीपीएम ज्ञान निकेतन से अपर्णा कुमारी, मानसी कुमारी, जीजीपीएस जमुने से प्रतीक उपाध्याय, ओरिएंट स्कूल से आयुष कुमार, टीम कोच-रेशमा पांडेय, मैनेजर-रंजीत कुमार सिंह।

## BRIEF NEWS

### जगरनाथपुर थाना के गेट के सामने बुजुर्ग की मौत

**RANCHI :** जगरनाथपुर थाना के गेट के सामने एक बुजुर्ग आदमी चलते-चलते सड़क के किनारे गिर गए और उनकी मौत हो गई है। स्थानीय लोगों की माने तो किसी अज्ञात गाड़ी के धक्का लगने से गिर पड़े। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। वहां से गुजर रही एक एंबुलेंस को लोगों ने रोका तो उस पर सवार सिस्टर ने जब इस बुजुर्ग आदमी के नब्ज चेक की तो कहा उनकी नब्ज नहीं चल रही है,शायद उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम कैलाश बताया जा रहा है। जांच पड़ताल जारी है।

### 14 फरवरी को छुट्टी के दिन भी ग्रामीण विकास विभाग को खोलने का आदेश

**RANCHI :** सरस्वती पूजा को लेकर घोषित 14 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय खोलने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को विभाग के उप सचिव के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। डारी आदेश में विभाग ने कहा है कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को गति देने के कार्य के चलते बुधवार 14 फरवरी 2024 को कार्यालय खुला रहेगा। ऐसे में विभाग के सभी आप्त सचिव, पदाधिकारी व कर्मचारी रोजाना की तरह कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

### डीआरडीए के 6 अधिकारियों का तबादला व पदस्थापन

**RANCHI :** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के छह कर्मियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है। परियोजना पदाधिकारी मजदूरी परक स्कंध चतरा को रामगढ़, परियोजना पदाधिकारी स्वरोजगार लोहरदगा सुधीर मुर्मू को साहेबगंज, सहायक तकनीकी पदाधिकारी जलछाजन लोहरदगा सुनीता नीलमनी मिंज को रांची, तकनीकी सहायक मजदूरी संतोष सिन्हा को जामताड़ा से धनबाद, सहायक तकनीकी पदाधिकारी जलछाजन प्रतिभा कुमारी मिंज को गुमला से खूंटी व सहायक तकनीकी पदाधिकारी गुमला प्रतिभा कुमारी मिंज को स्थानांतरित करते हुए खूंटी भेजा गया है। इस संबंध में ग्रामीण किवास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

### 'मिस्टर एक्स' ने झारखंड को 'ए टू जेड' तक लूट लिया : प्रतुल शाहदेव

**RANCHI :** भाजपा ने बडगाई के विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य बैंक्वेट हॉल बनाने की खबरों के बीच में हेमंत सोरेन पर तंज कसा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को कहा कि आर्किटेक्ट विनोद सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट की जो खबरें आ रही हैं, उसमें बताया जा रहा है कि बडगाई की विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य एवं आलीशान बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी। प्रतुल ने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार चैट में आर्किटेक्ट विनोद ने पूर्व मुख्यमंत्री के लिए हॉल का जो नक्शा बनाया है उसमें उनको 'मिस्टर एक्स' कहकर संबोधन किया है। प्रतुल ने कहा कि इसी 'मिस्टर एक्स' ने झारखंड का 'ए टू जेड' यानी सब कुछ लूट लिया।

### झारखंड उच्च न्यायालय में निकली नियुक्ति

**RANCHI :** झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय, रांची में 55 सहायक पदों को आमंत्रित और अधिसूचित किया है। आवेदन प्रक्रिया 20 फरवरी से शुरू होगी और आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 मार्च है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। झारखंड एचसी भर्ती 2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्थान से स्नातक या समकक्ष डिग्री होनी चाहिए और कंप्यूटर पर टाइपिंग की अच्छी स्पीड होनी चाहिए।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री बनाम ईसीआई का मामला

# याचिका सुनवाई के योग्य या नहीं, 26 को होगा तय

**PHOTON NEWS RANCHI :** देवघर में उपायुक्त रहने के दौरान आईएएस मंजूनाथ भजंत्री ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे पर एक ही दिन में पांच अलग-अलग थानों में मामला दर्ज किया था। वहीं छह महीने के बाद आचार संहित उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। जिसकी शिकायत इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया से की गई थी। यह मामला साल 2021 का है। शिकायत मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आईएएस मंजूनाथ भजंत्री का चुनाव कार्यों से दूर रखने, पद से हटाने और उनपर विभागीय कार्रवाई करने को कहा था। जिसके बाद इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आदेश को चुनौती देते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसपर मंगलवार को सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई में याचिका सुनवाई के योग्य है या नहीं, इस पर बहस हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और अगली सुनवाई 26 फरवरी को निर्धारित की है। प्रार्थी ने अदालत से रिट पिटिशन सर्विस को रिट पिटिशन सिविल में बदलने को लेकर अनुरोध किया है। सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि इस मामले को हाईकोर्ट के अतिरिक्त सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल( कैट) में भी ले जाने का विकल्प प्रार्थी के पास है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने अदालत से कहा कि कार्रवाई को लेकर विभाग ने उनके खिलाफ कोई प्रोसिडिंग शुरू ही नहीं की है। ऐसे में इस मामले को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल( कैट) में ले जाने को कोई मतलब नहीं है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह, अधिवक्ता प्रेरणा झुनझुनवाला और अधिवक्ता सुरभि ने पैरवी की। सरकार का पक्ष अधिवक्ता पीसी सिन्हा ने रखा। वहीं इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया की ओर से अधिवक्ता एके सिंह कोर्ट में उपस्थित थे।




### पांच थानों में दर्ज कराया गया था एफआईआर

मधुपुर उपचुनाव के दौरान आईएएस मंजूनाथ भजंत्री ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ एक ही दिन में पांच अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज कराया गया था। तब वे देवघर के उपायुक्त थे। कार्रवाई की यह बात चुनाव आयोग तक पहुंची थी। तब चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता को लेकर मामला दर्ज करने पर उपायुक्त से जवाब मांगा था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा और मंजूनाथ भजंत्री को उपायुक्त के पद से हटाने को कहा था।

### मंजूनाथ की कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने कहा कि मधुपुर उपचुनाव के दौरान देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच एक ही दिन में पांच एफआईआर अलग-अलग थानों में दर्ज कराई थी। यह पूरी तरह से दुर्भावना और राजनीति से प्रेरित होकर की गई कार्रवाई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई हो और आगामी चुनाव से उन्हें दूर रखा जाए। वहीं इस मामले में मंजूनाथ भजंत्री की याचिका कहती है कि इस तरह का कोई आदेश राज्य सरकार के अधिकारी के खिलाफ देने का अधिकार इलेक्शन कमीशन को नहीं है।

# खुद को पीएमओ ऑफिस का ओएसडी बताने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

### ओएसडी का फेक विजिटिंग कार्ड बरामद, दोस्तों को पुलिस ने छोड़ा

- दोस्तों को ओएसडी बताकर जमा रहा था धौंस
- जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई
- आरोपी खुद को पीके मिश्रा का ओएसडी बताता था



**CRIME REPORTER RANCHI :** डोरंडा थाना की पुलिस ने मंगलवार को खुद को पीएमओ ऑफिस में ओएसडी बताने वाले युवक मनीष कुमार को जेल भेज दिया। जबकि उसके दोस्तों को पुलिस ने छोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के पास विजिंटिग कार्ड बरामद किया है जिसमें लिखा हुआ है कि मनीष कुमार ओएसडी पीएमओ ऑफिस। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मनीष सोमवार को रांची में रहने वाले अपने तीन साथियों के साथ देउड़ी मंदिर गया था। वहां पूजा पाठ करने के बाद आरोपित ने अपने दोस्तों से कहा कि वह अब ओएसडी बन गया है। वह रांची आया है तो आईजी अखिलेश झा से मुलाकात करेगा। दोस्तों को लेकर वह आइजी के पास पहुंच गया। लेकिन आईजी ने आरोपी को पकड़ लिया कि वह झूठ बोल रहा है। उन्होंने डोरंडा पुलिस को मौके पर बुलाया और आरोपी और उसके दोस्तों को पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में डोरंडा थाना प्रभारी आनंद कुमार के बयान पर केस हुआ है। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी अपने दोस्तों के बीच रौब बनाना चाहता था या फिर वह किसी और इरादे से पहुंचा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के बारे में डिटेल खंगाला गया लेकिन वह इससे पहले किसी मामले में नहीं फंसा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मनीष के दोस्तों को अभी छोड़ दिया गया है। लेकिन प्राथमिकी में तीनों दोस्तों का भी नाम है। जांच के बाद पता चलेगा कि इस मामले में आरोपी के दोस्तों का कितना हाथ है। इसके बाद भी इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

सिटी एसपी ने बताया कि पीएमओ ऑफिस में पीके मिश्रा ओएसडी के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस की गिरफ्त में आने वाले वाला आरोपी खुद को पीके मिश्रा का ओएसडी बताता था। इसका सत्यापन पीएमओ ऑफिस से किया गया तो मामला पूरा फर्जी निकला।

### ओएसडी के घर में रहता है आरोपी

सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी पीएमओ आफिस के ओएसडी के घर में रहता है। वहीं पर रहकर उसने फर्जी विजिटिंग कार्ड बना लिया था। आरोपी अपने दोस्तों से कहता था कि वह पीएमओ आफिस में कार्यरत है। कुछ दिन पहले ही ओएसडी बना है। आरोपी अपने दोस्तों से अक्सर मिलता था और बातचीत करना था। इस वजह से दोस्तों को भरोसा हो गया था कि आरोपी पीएमओ ऑफिस में काम करता है। लेकिन पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी ओएसडी तो दूर वह पीएमओ ऑफिस में काम भी नहीं करता है। पुलिस इस मामले में देउड़ी मंदिर गई थी। वहां भी आरोपी के बारे में पूछताछ की गई।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का एनएसयूआई ने किया घेराव

# डोरंडा कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे, कैटिंन और बेहतरीन लाइब्रेरी व्यवस्था की मांग


कुलपति से बातचीत करते एनएसयूआई के छात्र।

**PHOTON NEWS RANCHI :** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एनएसयूआई के आरुषी वंदना सिंह के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज के विभिन्न मामलों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा का घेराव किया। छात्र संगठन ने ज्ञापन भी सौंपा। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत डोरंडा कॉलेज में कई मुद्दे हैं जो छात्र हित में पूरे नहीं हो पा रहे। आरुषि वंदना ने मांग की कि कॉलेज में अविलंब कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कॉलेज के नए बिल्डिंग में सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध कराया जाए। कॉलेज के लाइब्रेरी में बुक्स एव कॉमन रूम की व्यवस्था की जाए। एमसीए विभाग में टीचर की नियुक्ति की जाए। बीबीए, बीसीए, आईटी, एमबीए और एमसीए के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की सुविधा की जाए। सेशन 2020-23 यूजी सेमेस्टर 4 की रिजल्ट घोषित की जाए। कॉलेज में खेल सामग्री की सुविधा एवं खेल के लिए प्रॉपर जगह आवंटित हो। कॉलेज में योगा टीचर की नियुक्ति की जाए। कॉलेज में वाईफाई की सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाए। कंप्यूटर लैब में सुचारु रूप से कंप्यूटर सिस्टम की व्यवस्था की जाए। छात्रों की मांगों को सुनने के बाद कुलपति ने अजीत कुमार सिन्हा ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर जल्द विचार कर छात्र हित में निर्णय लिया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को, आपराधिक सुलह योग्य समेत कई मामलों होगा निबटारा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की विभिन्न अदालतों में नौ मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें आपराधिक सुलह योग्य मामले, दीवानी, श्रम और वैवाहिक समेत अन्य मामलों का निबटारा किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने रांची के व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) में बैठक की और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर निबटारे पर जोर दें। उन्होंने इसके लिए सभी कर्मचारियों को मिलजुलकर कार्य करने को कहा, ताकि ज्यादा से ज्यादा केस निबटाए जा सकें।


बैठक करते न्यायायुक्त दिवाकर पांडे।

### अधिक से अधिक पक्षकारों को भेजें नोटिस

आप भी अपने मामलों का निबटारा राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए कराना चाहते हैं, तो रांची सिविल कोर्ट के जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने मामलों के निबटारे को लेकर अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस भेजने को कहा, ताकि वादों का निष्पादन तेजी से हो सके। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि आप इसे गंभीरता से लें, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए अधिक से अधिक लंबित मामलों को निबटारा किया जा सके। इसके लिए सभी को दायित्व सौंपा गया है।

### इन मामलों का होगा निबटारा

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग से जुड़े केस, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से जुड़े केस, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इस बैठक में डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकार) के सचिव राकेश रंजन, रजिस्ट्रार शिवराज मिश्रा एवं कोर्ट के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा आज

**RANCHI :** राजधानी रांची में हर गली हर मोहल्ले में मां सरस्वती का पूजा पंडाल बनाने में छात्र जुटे हुए हैं। बसंत पंचमी 14 फरवरी को है। इस दिन ही मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। यह दिन विद्यार्थी और कला, साहित्य, संगीत आदि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बेहद खास है। पंडित मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि इस दिन पीले रंग का भी विशेष महत्व बताया गया है। बसंत पंचमी का दिन विद्या आरंभ या किसी भी शुभ कार्य के लिए बेहद उत्तम माना जाता है। इस दिन बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं। इस पंचमी तिथि का समापन 14 फरवरी की शाम 5.40 बजे होगा। उदयातिथि के चलते पंचमी का त्योहार 14 फरवरी को मनाया जाएगा।

# माओवादी प्रदीप सिंह से एनआईए ने की पूछताछ

**CRIME REPORTER RANCHI :** छोटू खरवार के दस्ते को लीड करने वाले माओवादी प्रदीप सिंह चेरो (खरवार)से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए )ने पूछताछ की। खबर है कि रांची की एनआईए ब्रांच ने प्रदीप सिंह से चार दिनों तक पूछताछ की है। इस दौरान एनआईए को कई अहम जानकारियां मिली हैं। जान लें कि लातेहार पुलिस ने छह दिसंबर 2023 को सदर थाना क्षेत्र के बरियातू जागीर जंगल से पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह को गिरफ्तार किया था। दरअसल टॉप माओवादी कमांडर प्रदीप सिंह खरवार को नक्सली कमांडरों ने जीपीएस नाम दिया है। प्रदीप सिंह खरवार को लातेहार, लोहरदगा और बूढ़ापहाड़ के इलाके के एक-एक पहाड़ और जंगल की जानकारी है। उसने माओवादी के टॉप कमांडर रवींद्र गंझू और छोटू खरवार के बारे में पुलिस को कई जानकारियां दी हैं। प्रदीप सिंह पर लातेहार, लोहरदगा और बूढ़ापहाड़ के इलाके में कई हमलों को अंजाम देने का आरोप है।

### लेडी के सी रॉय मेमोरियल स्कूल में फेस्टा रिसाउंड

**RANCHI :** रातु स्थित लेडी के सी रॉय मेमोरियल स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के वरीय अध्यापिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर झारखंड के सुप्रसिद्ध बैंड स्पर्श 2.0 ने लाइव कंसर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ह्वपापा कहते हैंह्न और ह्वओम शांति ओम ह्वजैसे गानों पर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अध्यापक-अध्यापिकाएं झूमने पर मजबूर हो गए। कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सम्पूर्ण वातावरण में समा बांध दिया।

# चर्चित कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड में कुख्यात उग्रवादी इरफान धराया

**CRIME REPORTER RANCHI :** चर्चित कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड के मुख्य आरोपी व कुख्यात उग्रवादी टीपीसी कमांडर इरफान अंसारी व एक अन्य उग्रवादी को चतरा पुलिस ने चाईबासा से गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा है। इरफान अंसारी पर हत्या, गोलीबारी, बानो में आगजनी समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं।

### हत्याकांड का मुख्य आरोपी है इरफान

रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र के पिर्रा में चार जनवरी को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के तीन दिन बाद टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। टीपीसी ने कारोबारी अभिषेक की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि उसे लगातार चेतावनी दी जा रही थी। उससे कहा जा रहा था कि संगठन का जो पैसा खाकर बैठा है, उसे वापस करे। उसे बार-बार पैसा वापस करने को बोला जा रहा था, लेकिन वह ध्यान नहीं दे रहा था। इसके अलावा क्षेत्र में जो भी कोयला का काम कर रहा था, उसे बंद करने के लिए बोला जा रहा था, लेकिन वह न तो वह काम बंद कर रहा था, न ही संगठन का पैसा वापस कर रहा था। जिस वजह से अभिषेक श्रीवास्तव पर फौजी कार्रवाई की गयी। कुछ महीने पहले बालूमाथ में कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू की भी हत्या की गई थी। रांची पुलिस ने 10 अक्टूबर 2021 को शहर के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर टीपीसी के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था।

आपूर्ति कार्यालय ने कहा, नहीं पहुंचता शत-प्रतिशत पीडीएस डीलरों के पास खाद्यान्न

# डोर स्टेप डिलीवरी एजेंट पर अनियमितता का आरोप खाद्यान्न पहुंचाने पर की जाती है अवैध वसूली

**PHOTON NEWS RANCHI :** डोर स्टेप डिलीवरी में खाद्यान्न वितरण के दौरान अनियमितता बरते जाने के मामले में डोर स्टेप डिलीवरी एजेंट संजीत कुमार यादव को शोकाज किया गया है। इस मामले को जिला आपूर्ति कार्यालय ने गंभीरता से लिया है । दरअसल कुछ दिन पहले रांची जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा 58 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से आनाज वितरण संबंधित पूछताछ की गई, उनका लिखित बयान भी लिया गया, जिसमें बताया गया कि जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को खाद्यान्न बिना वजन किए हुए एवं बोरा का वजन की कटौती नहीं की जाती है। साथ ही विक्रेताओं द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि डोर स्टेप के द्वारा खाद्यान्न भेजे जाने वाले वाहनों के चालकों एवं मजदूरों द्वारा भी अनाधिकृत रूप से 500 से 1500 रुपये अवैध वसूला जाता है।इसे लेकर विशिष्ट अनुभाजन रांची क्षेत्र के मार्केटिंग पदाधिकारी को जांच के लिए लगाया गया था।



आवंटित खाद्यान्न राज्य खाद्य निगम गोदाम से डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से जन वितरण प्रणाली दुकानों पर पहुंचाया जाता है।आफिसर को जांच के लिए जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन जांच के दौरान कई अनियमितता मिली। इस मामले में जिला आपूर्ति कार्यालय का कहना है कि डोर स्टेप डिलीवरी के दौरान आवंटित खाद्यान्न के विरूद्ध शतप्रतिशत खाद्यान्न जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को नहीं दिया जाता है एवं अवैध राशि की वसूली भी की जाती है, जो एजेंट के कार्यकलाप पर प्रश्न चिन्ह लगाता है तथा निविदा शर्त का सरासर उल्लघंन है।

लगाए गए आरोप पर संजीत कुमार यादव से अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया है। स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर इस कार्य उन्हें मुक्त कर दिया जाएगा और भविष्य के लिए उन्हें काली सूची में डाल दी जाएगी।

### रिम्स की जमीन को अब अतिक्रमण मुक्त कराएगा जिला प्रशासन

**RANCHI :** बरियातू स्थित डीआइजी ग्राउंड की जमीन पर अतिक्रमण करनेवाले 138 लोगों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया है। रिम्स प्रबंधन अब जिला प्रशासन की मदद लेकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करायेगा। रिम्स अधिकारियों का कहना है कि डीआइजी ग्राउंड पर ओपीडी कांप्लेक्स बनाना है। लेकिन जब इसका डीपीआर बनाने का कार्य शुरू हुआ, तो पता चला कि जमीन के कई हिस्से पर अतिक्रमण है। इसके बाद बड़गाई अंचल को पत्र लिखकर जमीन की मापी कराने का आग्रह किया गया। तत्कालीन अंचलाधिकारी ने जब मापी की, तो 138 लोगों के अतिक्रमण की जानकारी मिली। वहीं, रिम्स प्रबंधन ने दोबारा बड़गाईं अंचल कार्यालय से नोटिस जारी करने का आग्रह किया, तो दिसंबर 2023 में नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया।

# सूबे की बंजर भूमि पर होगी कांटा रहित कैक्टस की खेती

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की बंजर भूमि को हरा-भरा करने के लिए सरकार कांटा रहित कैक्टस की खेती की ओर कदम बढ़ा रही है। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने कहा है कि राज्य सरकार झारखंड की कुल 68 प्रतिशत बंजर भूमि को जीवंत बनाने के साथ उसे उपयोगी और कमाई का जरिया भी बनाने की पहल कर रही है। वह मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट वाटरशेड मिशन के तत्वावधान में प्रमोशन ऑफ स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन एंड कल्टिवेशन पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में वाटरशेड क्षेत्रों से आये किसानों से कहा कि वे सिर्फ जमीन दें और देखभाल की जिम्मेदारी उठाएं, विभाग उसके बाद कैक्टस की खेती की सारी जरूरतें पूरी करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल विभाग राज्य की 157 हेक्टेयर भूमि पर कैक्टस की प्रायोगिक खेती की शुरूआत करने जा रहा है। खूंटी जिले में इसका प्रयोग शुरू हो गया है। केंद्र प्रायोजित इस योजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि का सतत विकास करना है। साथ ही वाटरशेड विकास, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और लोगों की आजीविका को बढ़ाना है। कार्यशाला में बताया गया कि कांटा रहित कैक्टस की खेती से बंजर भूमि को जहां नया जीवन मिलेगा, वहीं कैक्टस से कई तरह के उत्पाद बनेंगे, जो किसानों की आय में इजाफा करेंगे।

BRIEF NEWS

### बोलेरो की टक्कर में दो छात्र घायल



**ROURKELA :** विरमित्रपुर में एनएच-143 पर बोलेरो वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 2 छात्र घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल को राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीपीयूटी का 10वां दीक्षांत समारोह आयोजित



**ROURKELA :** बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को राउरकेला में आयोजित किया गया है। विश्वविद्यालय परिसर में नेताजी सुभाष सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास थे। इस दौरान अतिथि के तौर पर राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री प्रीति रंजन घड़ाई थे। बीपीयूटी के कुलपति अमीय रंजन रथ ने स्वागत भाषण दिया। सभा में 119 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान एवं 73 छात्राओं को पीएचडी से सम्मानित हुए। अपने भाषण में राज्यपाल ने कहा कि सभी विद्यार्थी भविष्य में अच्छे नागरिक बनें।

### तीस नेत्ररोगियों की हुई मोतियाबिन्द की सर्जरी



**ROURKELA :** शहर के सेक्टर 6 में कलिंग क्लब के सदस्यों द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 30 मोतियाबिंद के मरीजों का डॉक्टरों द्वारा चिन्हित किया गया। कल पहले दौर में किलिंग क्लब के सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारी लेते हुए बर्मा आई केयर हॉस्पिटल सिविल में भर्ती कराया। वहां मुफ्त में 9 व्यक्ति की मोतियाबिंद की सर्जरी हुई। सर्जरी हुए 9 व्यक्ति को कलिंग क्लब के सदस्यों द्वारा अपने अपने घर गए। लाभान्वित परिवारों ने कलिंग क्लब के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

### राज्यपाल ने वेदव्यास शैव्यपीठ मिशन शक्ति कैफे उदितनगर हाई स्कूल का दौरा



**ROURKELA :** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास राउरकेला पहुंचने के बाद मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मंगलवार सुबह राज्यपाल वेदव्यास शैव्य पीठ पहुंचे और पूजा-अर्चना की। बाद में, उन्होंने पानपोस स्पोर्ट्स हॉस्टल का दौरा किया और छात्राओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। खेल छात्रावास का भ्रमण करने के बाद राज्यपाल उदितनगर स्थित मिशन शक्ति कैफे पहुंचे और वहां मौजूद मिशन शक्ति की महिलाओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बाद में राज्यपाल ने उदितनगर हाई स्कूल का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की।

**चांडिल अनुमंडल मैदान में भाजपा की ओर से मिलन समारोह का हुआ आयोजन**

# भाजपा राज्य के निर्माण व विकास के लिए समर्पित व संकल्पित : बाबूलाल

**PHOTON NEWS SARAIKELA :** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल अनुमंडल मैदान में भाजपा की ओर से मंगलवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ। ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अरविंद कुमार सिंह को विधिवत सदस्यता ग्रहण कराई।

मिलन समारोह को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही राज्य के निर्माण से लेकर विकास के लिए समर्पित और संकल्पित पार्टी है। उन्होंने कहा कि मलखान सिंह की घर वापसी हुई है। इनके पार्टी में पुनः सक्रिय होने से सिर्फ कोल्हान में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व से अलग झारखंड राज्य की लड़ाई चल रही थी लेकिन 65 वर्षों तक देश



कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते भाजपा के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी झारखंड की जन भावनाओं को नहीं समझा।

मरांडी ने कहा कि कांग्रेस यहां के आदिवासी मूलवासी को वोट बैंक समझती रही। वोट लिया और नोट देकर आंदोलन को खरीदा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार ने अपने वादे के अनुरूप जन भावनाओं का सम्मान करते हुए अलग राज्य का सपना साकार किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य का गठन किया। एक आदिवासी को राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनाया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री आज जेल में हैं तो वो अपने लूट और भ्रष्टाचार के कारण। नाम बदलकर जमीन लूटने के कारण। आज जब ईडी की कार्रवाई हो रही तो झामुमो बौखलाहट में है लेकिन किए की सजा आखिर उसे ही तो भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न खायेंगे, न खाने देंगे का संकल्प लिया है। देशभर में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही। विश्व के विकसित देश को पीछे छोड़ भारत 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत तीसरी बार मोदी सरकार में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत बनेगा। न कोई भूखा होगा, न कोई बेघर होगा। सबको स्वास्थ्य की सुविधा होगी। सबके हाथ रोजगार होंगे। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है।

## राउरकेला विकास मंच ने राज्यपाल को सौपा ज्ञापन



राज्यपाल रघुवर दास को ज्ञापन देते विकास मंच के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के आज राउरकेला दौरे के दौरान राउरकेला विकास मंच के प्रमुख सुमन दत्त के नेतृत्व में खत्रिय खंडायत सभा के उपाध्यक्ष उपेन्द्र नायक, उत्कल सम्मेलनी के महासचिव अक्षय दास, बसंती परिषद के अध्यक्ष शशधर पात्र से मुलाकात किए पानपोस सर्किट हाउस में राउरकेला के विकास के लिए राज्यपाल से मिलकर चर्चा की। राउरकेला में ईस्ट कोस्ट रेलवे के तहत एक नया रेलवे डिवीजन स्थापित करना, राउरकेला हवाई अड्डे को 4 सी लाइसेंस के साथ पूरी तरह से चालू करना और दिल्ली, बैंगलोर, मुंबई, हैदराबाद और कलकत्ता के लिए उड़ानों को जोड़ना, सरकारी महाविद्यालय विश्वविद्यालय में परिणित करना, हमीरपुर और अन्य स्लम क्षेत्रों में सरकारी कॉलेजों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें बेहतर बनाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। राज्यपाल को एक मांग पत्र भी दिया गया।

# कांग्रेस नेत्री निरूपमां बलियार सिंह का जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष से इस्तीफा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष निरुपमा बलियार सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने त्याग पत्र में बताया कि वह गांधी परिवार से प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। राउरकेला जिला कांग्रेस का नेतृत्व और नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के फैसले में काम नहीं कर सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता जिला कांग्रेस के नेताओ के बातों पर बिना झिझक विश्वास कर लेते हैं।पिछले 6 तारीख को कांग्रेस



सांसद राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान गेस्ट हाउस और होटल में भुवनेश्वर के नेताओं से मुलाकात की और दिन-रात उनके साथ रहकर उनमें विश्वास पैदा करने में सफल रहे। राहुल गांधी की भारत जोड़ अजस यात्रा को सफल बनाने के लिए भुवनेश्वर के नेता बड़े-बड़े होर्डिंग, पोस्टर लगाने में इतने व्यस्त थे कि आम लोगों तक पहुंचने का समय ही नहीं मिला।

उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय यात्रा में भाग लेने वाले 80 प्रतिशत कार्यकर्ता जिले के बाहर के थे। उन्होंने अपने त्याग पत्र में आगे शिकायत की कि उनके पद की गरिमा का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। उनकी सीधी, बिना रोक-टोक वाली बातों ने राउरकेला जिला कांग्रेस नेताओं को भ्रमित कर दिया है और साथ ही उन्हें नाराज भी कर दिया है। उन्होंने कहा, एक साधारण परिवार की महिला होने के नाते, वह राउरकेला के नेताओं की कूटनीतिक सोच से अलग-थलग महसूस करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए लिखा कि वे स्वतंत्र रूप से और बिना दबाव के राउरकेला के लोगों की सेवा करना चाहते हैं। सभी के सहयोग की कामना करते हैं। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला अध्यक्ष मीनाक्षी बाहिनीपति और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक को स्पीड पोस्ट और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा है और इसकी एक प्रति एआईसीसी को भी भेजी है।

## चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**PHOTON NEWS ROURKELA :** आगामी आम चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 11-रघुनाथपल्ली, 12-राउरकेला निर्वाचन क्षेत्र के सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण स्थानीय आईटीडीए पानपोसा सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया है। इसी तरह उदितनगर हाई स्कूल में 10-बीरमित्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर पदाधिकारियों को जिले में चुनाव प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसमें चुनाव से पहले और चुनाव के दिन की



प्रशिक्षण में शामिल पदाधिकारीगण। ● फोटोन न्यूज

तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गयी। इसी प्रकार ईभीएम एवं भीभीपैट प्रबंधन के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। राउरकेला के अतिरिक्त जिलापाल आशुतोष कुलकर्णी, अतिरिक्त उपजिलापल सरोज कुमार मिश्रा, राउरकेला के अतिरिक्त तहसीलदार निवेदिता प्रधान, बीडीओ बिश्रा जगन्नाथ हनुमान, बीडीओ कुआरमुंडा गंगाराम बुडेक, अतिरिक्त तहसीलदार बीरमित्रपुर पद्मिनी नायक, बिश्रा तहसीलदार मनीषा मदुलिका हेम्ब्रम ने सभी को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में कुल 80 सेक्टर पदाधिकारी एवं 80 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी ने भाग लिया।

## मानगो में पड़ोसियों में विवाद के बाद हुई फायरिंग, दो घायल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत दाईगुटु कृष्णा रोड में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस घटना में एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। हालांकि घटना में किसी को गोली नही लगी पर मारपीट में दो युवक घायल हो गए। घायलों में स्थानीय निवासी शंकर सिंह और उसका साथी अनिल साहू शामिल है। दोनो घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनो का इलाज चल रहा है। दोनो के सिर पर पिस्टल की बट ने वार दिया गया है। घायल शंकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज में कैंटीन चलाता है। इधर घटना के बाद मानगो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल से एक जिंदा गोली बरामद की है।

**विकास तिवारी ने चलाई गोली**

घटना के संबंध में शंकर ने बताया कि वह अपने साथी अनिल



के साथ घर के बाहर खड़ा था। इसी बीच विकास अन्य युवकों के साथ पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर विकास ने पिस्टल निकाला और गोली चला दी। गोली किसी को नहीं लगी। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। विकास मानगो छोटू पंडित हत्या के मामले में सजायाफ्ता है। फिलहाल वह अपील बेल पर जेल से बाहर है।

## जमशेदपुर : भाजयुमो नेता की हत्याकांड के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में भाजयुमो नेता सूरज कुमार हत्याकांड मामले में मंगलवार को अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई। मामले की सुनवाई करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा अदालत ने मामले में दोषी सोनू सिंह और कमल शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा अदालत ने दोषियों पर 55 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना नहीं देने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान है। अदालत ने आईपीसी की धारा 302 में आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुमार्ना और धारा 201 में सात साल की सजा और 25 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। दोनों सजा एक साथ चलेगी। इसके पूर्व अदालत शुक्रवार को दोनों को दोषी करार दिया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रभात शंकर तिवारी ने अपना पक्ष रखा था।

### विवाद के बाद कर दी गई थी हत्या

सात दिसंबर 2021 को सूरज अकेला घर जा रहा था। इसी बीच सोनू और कमल समेत दो नाबालिग ने सूरज को रोका और बात करने लगे। बात करते-करते सोनू ने चापड़ निकाला और सूरज पर कई वार करने लगा।घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में सूरज को टीएमएच ले जाया गया जहां इलाज के दौरान 9 दिसंबर को सूरज की मौत हो गई थी।

## बमामाईंस बीपीएम प्लस 2 हाई स्कूल में चोरी

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बमामाईंस थाना अंतर्गत बीपीएम प्लस 2 स्कूल में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन को तब हुई जब मंगलवार सुबह स्कूल खोला गया। प्रबंधन ने पाया कि चोर स्कूल की सभी वायरिंग को उखाड़ कर ले गए। वहीं चोरों ने स्कूल की मेन स्वीच के बिजली तार को भी नहीं छोड़ा। चोर स्कूल परिसर में लगे हाई मास्ट लाइट को भी ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर बमामाईंस पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामले में स्कूल की प्रधानाध्यापिका रंजिता गांधी के बयान पर बमामाईंस थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## नीलगिरी अपार्टमेंट में मनाया गया नीलकंठ मंदिर का स्थापना दिवस



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** न्यू बाराद्वारी स्थित नीलगिरी अपार्टमेंट प्रांगण स्थित सोमवार को नीलकंठ महादेव मंदिर का स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सदस्य सपरिवार उपस्थिति थे। सुबह 9 बजे से पूजा अर्चना का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ इसके बाद दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रसाद वितरण में सोसाइटी के सभी सदस्यो के अलावा बड़ी संख्या में भक्तो ने भोग ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय, टाटा स्टील के डीबी सुन्दरम एवं शहर के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे एवं भोग ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के सदस्य गौतम पांडेय, एन रमेश राजू, संदीप सेन, रमेश राणपरा एवं नीलगिरि अपार्टमेंट के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

**एक्सएलआरआई जमशेदपुर में सोशल इंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव का हुआ समापन**

# इनोवेटिव आइडिया के जरिये बेहतर उद्यम चलाने वाले पुरस्कृत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर में सोशल इंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव का समापन हुआ। जिसमें समाज के अलग-अलग करीब 200 से अधिक स्टेक होल्डरों ने हिस्सा लिया। ट्राइबल इंटरप्रेन्योरशिप फॉर सस्टेनेबल ट्रांसफॉमेशन थीम पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में इस बात पर मुख्य रूप से मंथन किया गया कि किस प्रकार से जनजातीय समुदाय के लोगों को अगर सहयोग प्रदान किया जाए तो वे बड़े से बड़े उद्यम शुरू कर अच्छा कार्य कर सकते हैं। एक्सएलआरआइ की छात्र समिति सिग्मा-ओइकोस और एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के सेंटर फॉर इनक्लूसिवनेस द्वारा किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड आइएएस अधिकारी सह ट्राइफेड के पूर्व प्रबंध निदेशक प्रवीर कृष्ण मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में भारत के विकास में आदिवासी व



विजेता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

जनजातीय समुदाय के लोगों के योगदान की जानकारी दी। इस दौरान वन्य उत्पादों पर लगने वाले एमएसपी, वन धन योजना के साथ ही रिटेल मार्केटिंग जैसी पहलों के प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस दौरान जनजातीय समुदाय के लोगों के विकास के लिए उन्हें सहयोग देने के साथ ही डिजिटल सपोर्ट देने के लिए साझा प्रयास करने की बात कही।

इस दौरान दो पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। पहले चरण के मॉडरेटर के रूप में सुनील कुमार षाड़ंगी थे। वहीं पैनलिस्ट में प्रवीर कृष्णा, अक्षय सोनी, नीतीश कुमार सिन्हा और फादर जोसेफ मारियानस उपस्थित थे। रांची एक्सआइएसएस के निदेशक श्री कुजूर ने आदिवासी उद्यमिता के लिए सरकारी नीति और कॉर्पोरेट घरानों का लाभ उठाने विषय पर अपनी बातों को रखा। वहीं, दूसरे पैनल में सफल आदिवासी उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से रुसिका ग्रुप के डोमन टुडू (रुसिका ग्रुप), द ओपन फील्ड्स के कुमार अभिषेक उरांव, डुओसिस बायो-इनोवेशन की डॉ रूबी गुप्ता, आंग अपैरल्स के मोहित मोहन सामद मौजूद थे। उन्होंने वित्तीय पहुंच और रूढ़िवादिता पर काबू पाने जैसी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की और दिखाया कि उन्होंने विकास हासिल करने के लिए नवाचार और साझेदारी का किस प्रकार उपयोग किया। सिग्मा-ओइकोस ने द/नज इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित एक सामाजिक स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता के अंतिम दौर में 25 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जहां फाइनलिस्टों ने अक्षय सोनी और प्रोफेसर कल्याण भास्कर के सामने अपने विचार प्रस्तुत किए। पिचों का मूल्यांकन उनके विचार, मापनीयता, स्पष्टता, कार्यान्वयन की व्यवहार्यता और समाज पर प्रभाव के आधार पर किया गया। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए गये।

इस अवसर पर जमशेदपुर इमर्जिंग सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवाड्‌र्स 2024 का भी आयोजन किया गया। जिसमें रुसिका ट्रेंड्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक डोमन टुडू को आदिवासी परंपराओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके द्वारा किए गये काम के लिए सर्वोच्च सम्मान दिया गया। बाजार, जनजातीय सशक्तिकरण और सतत विकास में योगदान के लिए राजस्वर की सखी शक्ति समिति की मंजू मीना और खूंटी की द ओपन फील्ड की डॉ मनीषा उरांव को भी उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। एक्सएल-जेएसईवाई पुरस्कार एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एसजे ने प्रदान किया, जबकि विशेष उल्लेखनीय पुरस्कार डीन एकेडमिक प्रो संजय पात्रो और डीन प्रशासन और वित्त फादर डोनाल्ड डीसिल्वा ने प्रदान किया।

## विधायक दीपक बिरुवा ने बोड़दोर में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** विधायक दीपक बिरुवा ने मंगलवार को सदर प्रखंड अंतर्गत सिंबिया पंचायत के बोड़दोर में पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। यह सड़क मुंडासाई सुसुन अखाड़ा चौक से बोड़दोर तक डीएमएफटी फंड से करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगी। पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया गया। सड़क का निर्माण कार्य को शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर हालत थी। लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी। ग्रामीणों द्वारा इसके निर्माण की मांग काफी दिनों से की जा रही थी।

कच्ची सड़क होने की स्थिति में स्थानीय लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी होती थी। विशेषकर बारिश के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालय जाने में काफी असुविधा होती थी। यह



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

काफी महत्वपूर्ण सड़क है जो बड़दोर को सीधे जिला मुख्यालय से जोड़ती है। ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात मिले। इसलिए इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विकास कार्य को लेकर समर्पित है। मौके पर विधायक ने संवेदक को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। इसलिए इसका निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं ससमय समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके पहले स्थानीय लोगों ने विधायक का हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से दामा-दुमंग की थाप पर स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी साफ तौर देखी गई। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष मसीह देवगम, सचिव कैलाश देवगम, पंचायत समिति सदस्य दिनेश मुंडा, सोमाय सुंडी, अशोक सुंडी, नेहरू लाल सामड, सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# यूट्यूब पर गाना सुना कहा-आओ कॉन्ट्रेक्ट साइन करेंगे

## गया में नाबालिग को पुलिस ने छुड़ाया; दूसरे यूट्यूबर ने मांगे थे 40 लाख

एजेंसी

**गया।** गया में 15 साल के यूट्यूबर को पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर लिया है। नाबालिग श्याम कुमार उर्फ प्रिंस का यूट्यूब पर मां राधे नाम से चैनल है। वो इस पर गाने डालता था। उसे उसके ही साथी ने अपने दोस्तों के साथ अगवा किया था। प्रिंस को बकायदा कॉल कर के बोला गया कि हम तुम्हारे गाने के फैन हैं। आओ तुम्हारे साथ कॉन्ट्रेक्ट साइन करते हैं। प्रिंस जैसे ही वहां गया अपराधियों ने उसका अपहरण कर लिया। परिवार से 40 लाख की फिरौती मांगी गई थी।पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अगवा नाबालिग श्याम कुमार उर्फ प्रिंस को किडनैपर्स के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने 5 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। सभी नवादा के



रहने वाले थे। प्रिंस यूट्यूब पर गाना गाता है।प्रिंस को रविवार की दोपहर गाना गाने के नाम पर संपर्क कर सभी अपराधियों ने बुलाया था। और फिर मूफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा मोड़ के पास से विश्वास में लेकर किडनैप कर लिया था। किडनैप करने के दौरान अपराधियों ने प्रिंस को नशे का इंजेक्शन भी दे दिया था। इससे वह बेहोश हो गया था।किडनैप करने के बाद अपराधियों ने प्रिंस के पिता रंजय सिंह को फोन कर 40 लाख की फिरौती मांगी थी। फिरौती की रकम नहीं देने पर न केवल प्रिंस बल्कि उसकी बहन की भी हत्या कर देने



की धमकी दी थी। इस धमकी से पूरा परिवार दहशत में था। पूरे परिवार ने आनन-फानन में बोधगया थाने की पुलिस और एसएसपी और आईजी से गुहार लगाई थी।मुंह बांधकर कार के डिक्की में रखा था एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी, बोधगया एसडीपीओ और थानाध्यक्ष बोधगया की एक टीम बनाई और उस टीम में एसटीएफ को भी शामिल किया। पुलिस ने अपराधियों का लगातार पीछा करते हुए बिहारशरीफ के खराटी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर अपहृत प्रिंस को छुड़ा लिया। प्रिंस को अपराधी एक कार की डिक्की में हाथ पैर बांधकर रखा था। मुंह पर कपड़ा बांध दिया था। उसके साथ मारपीट भी की गई थी।बीते ढाई साल से मां राधे के नाम से यूट्यूब चैनल भी चलाता है और खुद गाना भी गाता है। प्रिंस बोधगया के नावां गांव का रहने वाला है। उसके पिता रंजय सिंह किसान हैं। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों में से एक अपराधी भी यूट्यूब चैनल चलाता है और वह भी गाना गाता है। दोनों की दोस्ती यूट्यूब चैनल के माध्यम से ही हुई थी। प्रिंस के घर पर भी एक दो बार पहले जाकर मिला था।सोमवार को प्रिंस से संपर्क किया और कांट्रेक्ट पर गाना गाने का लालच दिया। इस पर प्रिंस भुसुंडा मोड़ के पास उनसे मिलने आ गया और वहां से अपराधियों प्रिंस को किडनैप कर लिया।

# प्रेमी जोड़े ने की शादी, अब रिश्तेदार कर रहे मारपीट



एजेंसी

**अरवल ।** अरवल के मेहंदिया थाना क्षेत्र के मधुश्रवा मठिया गांव में एक प्रेमी जोड़ा पेड़ के नीचे आश्रय लेने पर मजबूर है। प्रेमी जोड़ा के साथ-साथ उसके माता-पिता भी कड़कड़ती ठंड में पेड़ के नीचे जिंदगी गुजारने पर मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि लड़की के रिश्तेदारों के द्वारा मारपीट की जा रही है।जिसके बाद से ही दोनों प्रेमी जोड़ा अपने माता-पिता को लेकर कभी पुलिस तो कभी समाज के बीच दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। मेहंदिया थाने में न्याय के लिए प्रेमी जोड़ा ने गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।प्रेमी मनोज कुमार पिता ललन राजवंशी मेहंदिया थाना क्षेत्र मधुश्रवा मठिया गांव का रहने वाला है। उसने रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के रहने वाली गुड़िया कुमारी पिता महेंद्र राजवंशी के साथ 20 अक्टूबर 2023 को प्रेम विवाह किया था।प्रेमी मनोज कुमार (21) ने बताया कि वह गुड़िया कुमारी (19) से प्रेम करता है और दोनों ने कोर्ट और मंदिर में शादी की है। जिसके बाद दोनों कुछ दिन अपने रिश्तेदार के घर रहे, फिर अपने पैतृक गांव पहुंचे तो लड़की के रिश्तेदारों ने उन्हें गांव में घुसने से मना किया और मारपीट की।प्रेमिका गुड़िया कुमारी ने बताया कि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते है और दहेज मुक्त शादी करने का फैसला किया और न्यायालय में जाकर शादी की। जिसके बाद अब रिश्तेदार हमें घर में रहने नहीं दे रहे हैं। मेरे सास और ससुर के साथ भी मारपीट की जा रही है। हम दोनों को गांव से बाहर निकाला दिया गया है, जबकि हम दोनों का पैतृक गांव मधुश्रवा है। इस गांव को छोड़कर हम लोग कहां जा सकते हैं।लड़के के मां सावित्री देवी ने बताया कि हम लोग मेहंदिया थाने में सुबह से न्याय के लिए बैठे हुए थे।

# दंपती समेत चार की लाठी डंडे से पिटाई

एजेंसी

**आरा ।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव में टोनबाजी करने का विरोध करने पर एक परिवार के दंपती समेत चार लोगों की जमकर लाठीझ़डंडे से बेहरमी से पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला शांत होने के बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में



उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी स्व शिव शंकर राम के 58 वर्षीय पुत्र बीरा राम,उनकी 50 वषीर्या पत्नी गोगा देवी व 34 वर्षीय पुत्र जितेंद्र राम एवं 23 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। इधर,धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उसके चाचा बृजभार राम एक अनजान युवक को अपने घर में रखे हुए हैं और उक्त युवक द्वारा एक माह पूर्व भी उसकी बहन पर टोनबाजी की थी।उस समय भी उनके बीच कहासुनी हुई थी। तभी से उनलोगो से विवाद चला आ रहा है। एक बार फिर उक्त युवक द्वारा उसकी बहन पर फिर से टोनबाजी की गई। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके चाचा एवं उनके परिवार वालों द्वारा मिलकर लाठी-डंडे एवं ईट मारकर सभी की पिटाई कर दी। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# लोकतंत्र के लुटेरे ने किया लोकतंत्र को लूटने का प्रयास

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार सरकार के फ्लोर टेस्ट में राजद पर खरीद बिक्री का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी को कलंक कहा है। कहा है कि राजद खेल करने की बात कह रहा था। यह कल खरीद-फरोख्त का नंगा नाच हुआ है। कल दिए गए भाषण से तेजस्वी यादव के काले कारनामे नहीं छुप जाएंगे। उन्होंने लोकतंत्र की हत्या की है।गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय में कहा कि सरकार को इसकी सीबीआई से जांच करानी चाहिए कि किनको कितने पैसे दिए गए थे या कितने पर डील हुआ था। तेजस्वी यादव कहते हैं




कि यह डील की सरकार है, जबकि उनका तो जन्म ही डील में हुआ है। पिताजी ने चारा घोटाला में डील किया। लालू यादव ने नौकरी के बदले जमीन लेकर डील की, जिसकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिम तैसी।कल दिए गए भाषण से तेजस्वी यादव के काले कारनामे नहीं छुप जाएंगे। उन्होंने लोकतंत्र की हत्या की है। लोगों ने कहा कि खेल क्या हुआ है, मैंने कहा लोकतंत्र के लुटेरों ने लोकतंत्र को लूटने का पूरा प्रयास किया, लेकिन खुद लूट गए। विश्वास मत में डील की सीबीआई इंक्वारी होगा, तब सभी चीज जनता के सामने आएगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि नीतीश कुमार अब नहीं पलटेंगे। मैं कहता हूं मोदी की गारंटी है कि आप कभी सरकार में नहीं आएंगे। यह मोदी की गारंटी जरूर है कि आप सरकार में नहीं आएंगे। तेजस्वी यादव देखने में सुंदर हैं, युवा हैं, लेकिन अंदर से भ्रष्टाचार और कलंक के प्रतीक हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव याद रखें अच्छी-अच्छी बातें करने से नहीं होता है।

# परदेश पैसे कमाने गया पति कर ली दूसरी शादी

एजेंसी

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में एक बेबस पत्नी ने बेवफा पति के खिलाफ एसपी को आवेदन दिया है। परदेश से पैसे भेजने की बात कहकर दिल्ली गए पति ने दूसरी शादी कर ली। पिछले दो सालों से वो घर नहीं लौटा। पत्नी पति के इस हरकत से सदमे में है। पत्नी का आरोप है कि वो अब उसका कॉल तक नहीं उठा रहा। वो आगे की जिंदगी कैसे काटेगी। बच्चे को किसका नाम देगी, उसे ये समझ नहीं आ रहा। पति की बेवफाई से नाराज पत्नी ने एसपी से मिलकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मामला डगरूआ थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से जुड़ा है। जबकि पीड़िता की



पहचान मो महफूज (35) की पत्नी रिजवाना परवीन के रूप में हुई है।जानकारी देते हुए पीड़िता रिजवाना परवीन के पिता मो. आदिल और मां गुलफराज ने बताया कि तय तमन्ना के साथ उन्होंने अपनी बेटी रिजवाना परवीन की शादी उनके गांव विशुनपुर में ही रहने वाले मो महफूज से साल 2020 में की थी। शादी के 2 साल बाद वो काम ढूंढने की बात कहकर परदेश कमाने चला गया। वे तब 4 महीने की गर्भवती थी। दिल्ली पहुंचकर पति ने कहा कि वो परदेस से उसे पैसे भेजेगा। कुछ दिनों तक तो पति कॉल करता रहा, मगर इसके ठीक बाद ही पति ने फोन उठाना बंद कर दिया। वे लोग कई बार फोन करते रहे मगर कोई जवाब नहीं। पीड़िता के परिजनों का कहना है बेटी रिजवाना की डिलीवरी के वक्त भी उन्होंने दामाद को कॉल किया, मगर फोन बंद आ रहा था। आज बच्चा दो साल का हो चुका है। दामाद ने आज तक बेटे का मुंह तक नहीं देखा। वहीं, इस दौरान रिश्तेदारों से पता लगाने पर पता चला कि दामाद ने दिल्ली में किसी महिला से शादी कर ली है। जो पहले से ही 2 बच्चे की मां है।

# प्रेम प्रसंग को लेकर बवाल

बेगूसराय बेगूसराय में प्रेम प्रसंग के प्रतिशोध में आग बबूला लोगों ने प्रेमी के रिश्तेदार पर लाठी-डंडे एवं चाकू से हमला कर दिया। वहीं से प्रेमी के बहन के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के साहेबपुर कमाल पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या-7 का है। जहां के निवासी इहशाक अंसारी के बेटे मोहम्मद शहादत अंसारी को गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अस्पताल में भर्ती शहादत अंसारी ने बताया कि सोमवार की रात अपने घर से निकल कर बच्चों के लिए बिस्किट खरीदने दुकान



आया था। तभी आरोपियों ने लाठी-डंडे के साथ उस पर टूट पड़ा और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। आरोपियों ने आठ फायरिंग भी की है।हाथ-पैर सहित शरीर पर कई जगह चाकू से हमला किया गया। स्थानीय लोगों की मदद से घरवालों ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### गोलीबारी के विरोध में प्रदर्शन



**पटना।** के नौबतपुर में व्यापारियों पर हुई गोलीबारी के विरोध में दूसरे दिन भी दुकानदारों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठाने बंद रखी है। इसको लेकर व्यापारियों ने मंगलवार को बाजार में एक विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च में शामिल दुकानदार पूरे बाजार में घूम-घूम कर लोगों से अपनी-अपनी प्रतिष्ठानों को बंद कर प्रदर्शन करने और प्रशासन से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।व्यापारियों ने कहा कि नौबतपुर का बाजार थाना से महज 200 से 400 मीटर की दूरी पर बसा है। इसके बावजूद भी अपराधी दुस्साहस का परिचय देते हुए बाजार में रंगदारी की मांग करते हैं। अपराधी खुले आम हथियार लेकर घूमते हैं और व्यापारियों को अपना निशाना बनाते हैं। दुकानदारों ने कहा कि इस बात की सूचना थाना को देने पर थाना के पदाधिकारी या तो फोन रिसीव नहीं करते या फिर सूचना देने के घंटे बाद मौके पर पहुंचते हैं।व्यापारियों का यह कहना है कि नौबतपुर बाजार में पूर्व मुखिया और एक व्यापारी को अपराधियों ने शाम के वक्त गोली मार दी। घटना के 48 घंटे से अधिक गुजर जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। व्यापारियों ने कहा कि घटना का सीसीटीवी फुटेज भी प्रशासन को उपलब्ध करा दिया गया है। अपराधियों की पहचान भी हो चुके हैं। इसके बावजूद भी अभी तक पुलिस ने कोई कड़ा कदम नहीं उठाया है।24 घंटे के अंदर पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो नौबतपुर के सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों को बंद करके उच्च पथ को जाम कर देंगे। जिसकी पूरी जवाब देही प्रशासन को होगी। वहीं दूसरी तरफ एम्स में इलाजरत होम्योपैथिक डॉक्टर सह पूर्व मुखिया बृजभान प्रसाद की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मंगलवार की सुबह उन्हें वेंटिलेटर पर ले जाया गया है।

### नो इंट्री में घुसे 28 ट्रक से 56000 की वसूली



**बक्सर ।** डुमरांव में नो इंट्री में अवैध रूप से घुसी ट्रकों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कुल 28 ट्रकों पर 56000 रुपए का जुमार्ना लगाया है। साइबर सेनानी सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से एसडीपीओ को सूचना मिली थी कि डुमरांव शहर में नो इंट्री में ट्रक प्रवेश कर रही हैं। सुचना मिलने पर थाना को निर्देशित कर सभी ट्रक को पकड़ जुमार्ना किया गया।बता दें कि साइबर सेनानी ग्रुप में एक सदस्य ने एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी को नौ बजे फोटो के माध्यम से सूचना दी कि नो इंट्री में कई ट्रक घुस गए हैं। सदस्य के संदेश पर जवाब देते हुए एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि थाने को निर्देशित करते हुए सभी ट्रकों को थाने पर खड़ा करा दिया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि नो इंट्री में घुसे 28 ट्रकों पर 56000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। बता दें कि नो इंट्री में घुसे अवैध ट्रकों के कारण लंबा जाम लग जाता था। वहीं इस बड़ी कार्रवाई के बाद ट्रक चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। नो इंट्री से निजात के लिए डुमरांव में 2020 में ही बाईपास की प्रस्तावना रखी गई। लेकिन चार वर्ष बीतने के बाद अबतक भूमि अधिग्रहण तक की प्रक्रिया पूरी नही हो सकी है। भूमि अधिग्रहण हेतु अधिसूचना जारी होने के साथ ही मार्च 2023 में अधिग्रहण के लिए 40 करोड़ 12 लाख की राशि उपलब्ध कराने के उपरांत भी धरातल पर काम आगे ना बढ़ना विभागीय कार्य पर बेपरवाही को दशार्ता है।

### रिटायर्ड शिक्षक ने ट्रेन से काटकर की आत्महत्या



**जहानाबाद ।** जहानाबाद में एक रिटायर शिक्षक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घटना जहानाबाद-गया-पटना रेल खंड पर राजा बाजार के पास की है। वहीं मृतक की पहचान राजा बाजार मोहल्ला निवासी राम ध्यान शर्मा के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि सोमवार के शाम वह अपने घर से घूमने के लिए निकले थे। वहीं देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन उनकी खोजबीन शुरू की। जिसके बाद रेलवे ट्रैक के किनारे उनका शव पड़ा मिला। जिसके बाद घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वहीं परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह का विवाद नहीं था। वह घर से बाजार घूमने बात कह कर निकले थे। जिसके उनके नहीं लौटने पर हमलोगों ने खोजबीन शुरू की। तब अचानक हमे उनकी मौत की जानकारी हुई।नगर थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रेन से कटने से एक व्यक्ति की मौत हुई है।

# सिविल कोर्ट में नौकरी के नाम पर 30लाख की ठगी



**गिया ।** सविल कोर्ट में नौकरी देने के नाम पर चार युवकों से सरकारी शिक्षक का 30 लाख रुपए की ठगी करने का मामला उजागर हुआ है। ठगी का शिकार हुए चार युवकों में दो गया जिले के एक औरंगाबाद तो दूसरा जहानाबाद का बताया जा रहा है। पीड़ित ने थाने में शिकायत करने के बाद घटना को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से इंसाफ की गुहार लगाया है।पहली ठगी का शिकार हुए जिले के कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेहुरा टोला चेतावन बिगहा निवासी राम उदय दास राम विजय दास दोनों पिता रामस्वरूप दास से 17 लाख की ठगी कर ली गई। दोनों सगे भाई हैं। इसके अलावा दूसरा युवक औरंगाबाद जिले के हसपुरा का रहने वाला नलिनी कुमार ग्राम गौसपुर थाना हसपुरा शामिल है, इससे 9 लाख 30 हजार रुपए की ठगी की गई है। वहीं जहानाबाद जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र के रहने सौरभ कुमार पिता चमारी 3 लाख 70 हजार रुपए की ठगी कर ली गई।सभी पीड़ितों से जालसाज ने गया में अलग-अलग स्थानों पर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया।

# शिक्षाविद की बरसी पर ग्रीन कॉरिडोर की शुरूआत

एजेंसी

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर जिले का रामचंद्रपुर दशहरा गांव पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग ही छाप छोड़ी है। गांव के लोग बेटी की शादी के मौके पर पेड़ तो लगाते ही थे अब श्राद्ध के मौके पर ही पेड़ लगाने की शुरूआत की है। पर्यावरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर ट्री मैन के रूप में जाने जाने वाले समाज सेवी सुजीत कुमार भगत ने शिक्षाविद् पिता स्व गणेश प्रसाद भगत की बरसी पर भोज और कर्मकांड के लिए जमा किए गए पैसे से ग्रीन नीम कॉरिडोर की शुरूआत की है।गांव से गुजरने वाली मुख्य पथ पर दोनों ओर पांच किलोमीटर तक नीम का पेड़ लगाने की शुरू आत की है। पांच हजार पेड़ लगाने का योजना है।पेड़ की सुरक्षा के लिए जाली में लगाएंगे।




ताकि पेड़ सुरक्षित रहे साथ ही इस इलाके का वातावरण शुद्ध तो हो ही समाज में एक मैसेज भी पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जाय। सुजीत भगत ने कहा कि मांगलिक कार्य और श्राद्ध के मौके पर पेड़ लगाने के पीछे का उद्देश्य हैं कि लोगों को पेड़ के प्रति जुड़ाव हो वह पेड़ लगाने के साथ ही आने बच्चों की तरह उसकी सेवा करें।बता दें कि सुजीत ने वर्ष 2013 में अपनी बहन पूनम की शादी के बाद सुबह विदाई के मौके पर फलदार पेड़ लगवाया। शादी के मौके पर बाराती के साथ



पर्यावरण परिचर्चा का आयोजन किया था। सुजीत का यह प्रयास, अब गांव की परंपरा बन चुकी है। अब गांव में धार्मिक आयोजन, बच्चों के जन्मोत्सव के मौके पर भी लोग वृक्ष लगाते हैं।गांव के लोग सिर्फ पेड़ लगाने तक ही मतलब नहीं रखते बल्कि पेड़ की देखरेख बेटी और बहू के समान करते हैं। इसका नतीजा हुआ कि बालू की रेत से परेशान रहने वाले ग्रामीण अब पेड़ों के बीच सकुन महसूस करने लगे हैं। पिछले एक दशक में दशहरा गांव में 20 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। माना जा रहा है कि इलाके में नीम का पेड़ लगाने से वातारण और शुद्ध होगा।शिक्षावृद् गणेश प्रसाद भगत की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर रामचंद्रपुर दशहरा गांव में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। जिसके बाद लोगों ने गांव में सड़क किनोर आम और नीम का पेड़ लगाया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षा विद् के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जला कर किया गया।इंद्रदेव राय की अध्यक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अजय कुमार बुलगानीन, मोहिउद्दीननगर के प्रमुख जवाहर लाल राय, मनोज सुनील, अविनाश झा, भाई दिनकर, हरिवंश राय, शिवशंकर राय, सदानंद राय ने सभा को संबोधित किया।

# नीतीश पर विश्वास

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विश्वास मत जीतकर फिर एक बार अपनी सरकार का बहुमत साबित कर दिया। विगत कुछ दिनों से नाना प्रकार के कयास लगाए जा रहे थे, उन सबका पटाक्षेप हो गया है। लगभग हरेक दल के विधायक संदेह के घेरे में थे। अविश्वास का ऐसा माहौल बन गया था कि लगभग सभी पार्टियां अपने-अपने विधायकों की निष्ठा को लेकर आशंकित हो गई थीं। वैसे ज्यादा संभावना यही थी कि नीतीश कुमार विश्वास मत जीत लेंगे। सदन में जल्दी ही विपक्षियों को भी एहसास हो गया कि वे संख्या बल में पिछड़ गए हैं। विपक्ष की अनुपस्थिति में एनडीए ने सबसे पहले ध्वनि मत से अपना बहुमत साबित किया। हालांकि, बाद में प्रत्यक्ष मतदान की मांग हुई और सरकार के पक्ष में 129 वोट पडे, जबकि विपक्ष ने मतदान में भाग ही नहीं लिया। दोनों तरफ से ही आरोपों की झड़ी लगी रही। किसी ने नैतिकता की दुहाई दी, तो किसी ने अपने विरोधी पर कमाने का आरोप लगाया और अंततः बाजी सत्ता पक्ष के हाथ लगी। विधानसभा में बीस साल पहले के समय को भी फिर याद किया गया, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सरकारों पर भी आरोप लगे। बेशक, अब बिहार के लिए आगे बढ़ने का समय है। क्या राजनीति आरोपों से आगे बढ़ेगी? क्या भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई होगी? इस बात से भला कौन इनकार करेगा कि बिहार की राजनीति में निष्ठा और नैतिकता को स्थिरता मिलनी चाहिए। यह बहुत अच्छी बात है कि विभिन्न दलों के बीच जिस तरह से पाला बदल होने की आशंका थी, वह नहीं हो सकी। राजद और जनता दल यू में दो-तीन विधायकों का इधर-उधर होना कोई विशेष चिंता की बात नहीं है। इसमें कोई शक ही नहीं है कि नीतीश कुमार की सरकार संख्या बल में और शक्तिशाली होकर सामने आई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्पष्ट कहा है कि वह अपनी पुरानी जगह और गठबंधन में वापस आ गए हैं और उसे कभी नहीं छोड़ेंगे। हालांकि, राजनीति में संभावनाओं का कभी अंत नहीं होता, फिर भी कम पाला बदलने से नेता और राज्य की भी प्रतिष्ठा को बल मिलता है। ह्यइंडिया ब्लॉकह्न को लेकर नीतीश कुमार का दुख एक बार फिर उभर आया, तो स्वाभाविक ही है। वाकई, उन्होंने महा विपक्षी गठबंधन के लिए खूब प्रयास किए थे, पर जब उस गठबंधन में उनकी ही उपेक्षा शुरू होने लगी, तब उन्हें एनडीए में लौटने में ही अपना व्यापक हित दिखा। वह एक सर्व-स्वीकार्य राजनेता के रूप में बिहार में तमाम राजनीतिक दलों के लिए भी एक ऐसे मजबूत स्तंभ हैं, जिनके सहारे विगत दो दशक में बिहार की सत्ता खड़ी होती आई है। ध्यान देने की बात है कि बिहार में जो सत्ता परिवर्तन हुआ है, उसमें नेताओं का रुख भी अपेक्षाकृत ज्यादा समझदारी भरा रहा है। गठबंधन टूटने के बावजूद तेजस्वी यादव को अच्छी तरह पता है कि भविष्य में गठबंधन की जरूरत फिर पड़ सकती है, इसलिए उनके तेवर पिछली बार की तरह तल्ख नहीं थे। पहले एकाधिक अवसर ऐसे आए हैं, जब बिहार में अनेक नेताओं ने एक-दूसरे के लिए बहुत कटु शब्दों का इस्तेमाल किया है।

# संसदीय मामले

शनिवार को 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र के समापन के साथ ही आम चुनाव का बिगुल बज गया है और मुकाबले की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस सत्र के दौरान अपने विभिन्न हस्तक्षेपों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां कांग्रेस पर तीखा हमला बोला, वहीं क्षेत्रीय पार्टियों और उनके नेताओं की आलोचना से परहेज किया। शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सदस्यों के अभूतपूर्व निलंबन के बाद, बीता सत्र कहीं ज्यादा खुशनुमा माहौल में शुरू हुआ। सभी सदस्यों की सदन में वापसी हुई, जिनमें वो 14 सांसद भी शामिल थे जिनके मामले दोनों सदनों की विशेषाधिकार समितियों के पास भेजे गये थे। सत्र से ठीक पहले, समितियों ने उनके नामों को पाक-साफ कर दिया। लेकिन हाल ही में उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए, आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद व नेता संजय सिंह इस आधार पर शपथ नहीं ले सके कि उनके खिलाफ पिछले कार्यकाल से जुड़े विशेषाधिकार उल्लंघन के मामले अभी लंबित हैं। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने बैठक की तारीख तक तय नहीं की है। राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पर चर्चा की खातिर सत्र को एक दिन के लिए बढ़ाया गया। सिर्फ वामपंथी पार्टियां ही थीं जिन्होंने इसके बहिष्कार पर साफ नजरिया सामने रखा और कहा कि वे किसी सांप्रदायिक एजेंडे का हिस्सा नहीं बनेंगी। किसी विवाद को न्योता देने से बचते हुए, दूसरी विपक्षी पार्टियों ने इससे दूर रहने के दूसरे कारण बताये। इस कार्यवाही से दूर रहने के लिए, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने, लोकसभा में, तमिल मछुआरों की दुर्दशा का हवाला दिया, और राज्यसभा में, राज्य में बाढ़ की वजह से हुई तबाही के प्रति केंद्र की उदासीनता पर फोकस किया। तृणमूल कांग्रेस और आप के सांसद भी नजर नहीं आये। बीते पांच साल भारतीय संसदीय इतिहास में अभूतपूर्व रहे। संसद को ब्रिटिशकालीन इमारत से नये और काफी बड़ी परिसर में स्थानांतरित किया गया, जिसकी डिजाइन पर भी सवाल उठे। यह कितना विरोधाभास-पूर्ण है कि सांसदों को एक तरफ ज्यादा जगह मिली, तो दूसरी तरफ 17वीं लोकसभा ने विपक्ष की भूमिका में लगातार क्षरण देखा। सबसे पहला तो यह कि इस लोकसभा ने पूरे कार्यकाल के दौरान बिना उपाध्यक्ष के काम किया। आम तौर पर यह पद विपक्ष के पास रहता था।

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके और अकादमिक अपेक्षाएं

**ANALYSIS**

प्रो. सरोज शर्मा

बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। जब हम परीक्षा तनाव पर नजर डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं।

बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। जब हम परीक्षा तनाव पर नजर डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे



की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें। परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाए रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है। ह्लअपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं" यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कोई नियम-कानून न लागू करें। उन्हें एक निश्चित मात्रा में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के साथ अपने स्वयं के शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने की अनुमति दें। केवल अंतिम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय परीक्षा देने की प्रक्रिया में छोटी सफलताओं और महत्वपूर्ण पड़ावों का स्वागत करें। ऐसे दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें जो सीखने और विकास को केवल उच्च ग्रेड प्राप्त करने से आगे रखता हो। जब भी बच्चे को कठिनाइयां हों, तो उन्हें उनकी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों की याद दिलाएं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें। माता-पिता को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए। परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा अनुभव किए जाने वाले तनाव को दूर करने के लिए कई हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है, जिनमें से प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रिया और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि शैक्षणिक मानक उचित हैं, वे तनाव कम करने की रणनीतियों को क्रियान्वित कर सकते हैं और सकारात्मक स्कूल माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। न केवल स्कूल प्रणाली, मीडिया स्वस्थ सीखने की आदतों को बढ़ावा देने, शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करने और अकादमिक सफलता के सकारात्मक व संतुलित चित्रण को प्रोत्साहित करने वाली पहल का समर्थन करके मदद कर सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) ने विभिन्न हितधारकों के लिए विभिन्न सिफारिशों के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या का समाधान सुझाया है। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों के भीतर परामर्श सेवाएं और सहायता नेटवर्क प्रदान करने का सुझाव देती है। यह कक्षा में मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन की अहमियत को मानती है। इन भावनाओं की गंभीरता को देखते हुए, सहायता प्राप्त करने के लिए शीघ्रता से कार्य करना महत्वपूर्ण है। तनाव तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के विभिन्न तरीके मौजूद हैं। कई देशों में सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन, संकट समाधान सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आसानी से उपलब्ध हैं। हालांकि, तनाव सतर्कता और सतर्क व्यवहार को प्रोत्साहित करता है, लेकिन तनाव की एक निश्चित मात्रा वास्तव में सहायक और फायदेमंद मानी जाती है। परिणामस्वरूप बच्चों को उचित तैयारी करने में सहायता मिलती है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाता है, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। कई बच्चे खुद यह पता लगाते हैं कि परीक्षाओं के तनाव को कैसे संभालना है- एक शेड्यूल बनाना, दोस्तों से बात करना, अधिक अध्ययन करना, टीवी देखना, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना, माता-पिता या अन्य वयस्कों से बात करना, वर्कआउट करना आदि- कुछ बच्चों को इसकी आवश्यकता होती है। उन्हें दूसरों की तुलना में अधिक सहायता और मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है। लेकिन, यदि आवश्यक हो, तो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, परामर्शदाता या किसी परिचित व भरोसेमंद व्यक्ति से मदद लेने का सुझाव दिया जाता है।

# स्वतंत्रता आंदोलन में थी सरोजिनी नायडू की अहम भूमिका

आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में नाइटिंगेल ऑफ इंडिया तथा भारत कोकिला के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 145वीं जयंती मना रहा है। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान- वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की ह्यलेडी ऑफ द लेकह्न नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था। मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा. गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोजिनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा. गोविन्दराजुलु के साथ हो गई। 1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि भारत छोड़ो आंदोलन के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक भी कहा जाता था। महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी डियर बुलबुल तो कभी डियर मीराबाई और कभी-कभी मजाक में अम्माजान या मदर भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी जुलाहा तो कभी लिटिल मैन और कभी मिकी माउस कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें बुलबुल नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए लिटिल मैन शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें भारत कोकिला की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए, शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही, इस योजना से लोगों को अधिक आय, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन होगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



विश्व में चाहे जहां भी आप जाएं, अपने संस्थान और अपनी जड़ों से सदा जुड़े रहें। आपका यह जुड़ाव आपको और आगे बढ़ने में मदद करेगा, साथ ही जीवन को सार्थक बनाने में भी उपयोगी सिद्ध होगा।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



दुमका के जामा प्रखंड स्थित कमार दुधानी में आयोजित अबुआ आवास योजना के कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस कार्यक्रम में दुमका, जामताड़ा एवं देवघर के लाभुकों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र तथा उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि का हस्तांतरण किया गया।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# रेडियो की खनक सदैव रहेगी बरकरार?

इसमें दो राय नहीं कि सूचना-मनोरंजन की पारंपरिक उपाधि सदैव रेडियो के हिस्से ही रहेगी। आज का दिन रेडियो के लिए खास है। क्योंकि समूचा संसार आज विश्व रेडियो दिवस मना रहा है। रेडियो की अहमियत मानव जीवन से कितना वास्ता रखती है, जिसका अंदाज मौजूदा वर्ष-2024 की थीम से लगा सकते हैं। इस बार की थीम ह्यसूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदीह्न रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना। ये सच है कि सूचना यो मनोरंजन विधाओं में चाहे कितने ही साधन क्यों न उपलब्ध जाएं। पर, रेडियो की अहमियत और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं होगी। विश्व रेडियो दिवस सालाना 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को ने अपने 36 वें वार्षिक सम्मेलन से मनाने का निर्णय लिया था। 13 फरवरी ही वह तारीख थी जो 1946 में अमेरिका में पहली बार रेडियो ट्रांसमिशन से संदेश भेजा गया था और संयुक्त राष्ट्र रेडियो की शुरूआत हुई. इसलिए संयुक्त राष्ट्र रेडियो की वर्षगांठ के दिन से ही वर्ल्ड रेडियो डे मनाने का चलन आरंभ हुआ। विश्व के ऐसे कई छोटे मुल्क जो अब भी काफी पिछड़े हुए हैं, वो सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिहाज से आधुनिक युग में भी रेडियो पर ही निर्भर हैं। भारत में भी आजादी के कुछ दशकों तक संचार का प्रमुख जरिया रेडियो ही रहा। 80 के दशक से पूर्व जनमानस के बचपन का सीधा वास्ता भी रेडियो से ही होता था! संचार के विभिन्न आयाम जैसे, गाना, समाचार, स्वर चित्रहार, अच्छी-बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं। लाइव मैच की कमेंट्री हो, या सरकारी कामकाज, खेतिबाड़ी, रोजगार आदि की जानकारी का भी एक मात्र साधन रेडियो ही होता था। नब्बे के दशक के बाद जैसे ही देश ने बदलाव की अंगड़ाई ली, उसके बाद बहुत कुछ पीछे छूट गया, काफी कुछ बदला. हालांकि उससे कुछ समय पहले ब्लैक एंड बाईट टीवी ने दस्तक दे दी थी। लेकिन जबसे कलर टीवी का आगाज हुआ, लोगों की अभिरुचि एकाएक रेडियो से कम हूई। इसके बाद आल इंडिया रेडियो ने भी प्रादेशिक स्तर पर कई स्टेशनों को समेट लिया। तब, दर्शक तेजी से टीवी की ओर दौड़े, लेकिन एक वर्ग ऐसा था जिसका मन फिर भी रेडियो से नहीं डगमगाया? उन्होंने सदैव रेडियो को ही प्राथमिकता दी, उनके लिए रेडियो ना सिर्फ संगीत का रंगमंच रहा, बल्कि, मन का संचार, आत्मा का संगीत और भावनाओं की अभिव्यक्ति जैसा रहा। वक्त चाहे कितना ही क्यों न बदले, लेकिन रेडियो का वजूद हमेशा जिंदा रहेगा। रेडियो को सुनने वालों की कमी नहीं होगी। नित नए निजी रेडियो एफएम खुल रहे हैं। नए-पुराने जमाने के गाने लोग आज भी मोबाइल के जरिए एफफम पर सुनते हैं, दरअसल वो जानते हैं कि जो मजा रेडियो में है वो और अन्य में नहीं? मौजूदा केंद्र सरकार रेडियो के प्रचार व प्रसार-प्रसारण पर ज्यादा ध्यान दे रही है। तभी, प्रधानमंत्री खुद अपना पसंदीदा प्रोग्राम मन की बात रेडियो पर करते हैं। रेडियो के प्रति उनका स्नेह काबिले तारीफ है। रेडियो दिवस के मनाने की पीछे भी एक लंबी कहानी है। स्पेन रेडियो अकादमी ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रस्ताव रखा था। फिर साल 2011 में यूनेस्को के सदस्य देशों ने उस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकारा। तब जाकर 13 फरवरी का दिन विश्व रेडियो दिवस के लिए मुकर्रर हुआ। पर, असल मायनों में हिंदुस्तान को ही रेडियो का जनक माना जाता है। एक लॉजिक है इसके पीछे? एक जमाने में अफगानिस्तान, नेपाल और एशियायी देशों के शासक-राजा सिर्फ भारतीय रेडियो को ही सुना करते थे, क्योंकि वो भारतीय प्रस्तोताओं के प्रस्तुतिकरण के कायल होते थे।

# इन्द्रजालीय भंगिमा

वित्त मंत्रालय ने संसद में अर्थव्यवस्था पर पेश किए गए एक श्वेत पत्र में 2004-2014 के दौरान मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार पर अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। मंत्रालय ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को 10 साल पहले दुनिया की पांच सबसे नाजुक (फ्रैजाइल फाइव) अर्थव्यवस्था में शुमार भारत की अर्थव्यवस्था में दुरुस्ती और सुधार लाकर उसे दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उंचा उठाने का श्रेय दिया है। इस श्वेत पत्र में यूपीए काल के 15 बहुचर्चित घोटालों को सूचीबद्ध किया गया है। इन घोटालों में कोयला, 2जी स्पेक्ट्रम, राष्ट्रमंडल खेल और यहां तक कि जम्मू एवं कश्मीर क्रिकेट बोर्ड में 44 करोड़ रुपये की हेराफेरी का मामला भी शामिल है। इस श्वेत पत्र के पेश होने से कुछ घंटे पहले, कांग्रेस ने अन्याय के 10 साल के बारे में एक ब्लैक पेपर जारी किया। इसमें इस सरकार की नोटबंदी (जिस पर श्वेत पत्र मौन है), त्रुटिपूर्ण जीएसटी व्यवस्था, वेतन वृद्धि में स्थिरता के साथ बेरोजगारी की स्थिति, किसानों की परेशानी और यूपीए काल के मुकाबले कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बावजूद उच्च मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक भूलों को उजागर किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने यूपीए काल की संविधानेत्तर शासन प्रणाली और 1991 के उदारीकरण अभियान के बाद अभी तक लंबित सुधारों को अंजाम देने में डॉ. सिंह की विफलता पर सवाल उठाया और कहा कि इस सरकार ने उन सुधारों और उससे भी आगे जाकर काम किया। उन्होंने यहां तक कि 1950 और 1970 के दशक के मामलों का भी हवाला दिया और भ्रष्टाचार को कांग्रेस का डीएनए बताया।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# अमेरिका की फिनटेक ने भारत में खोला नया कार्यालय

**- 50 से ज्यादा कर्मचारियों की होगी भर्ती**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका स्थित फिनटेक कंपनी फॉर्मिडियम ने कहा कि उसने भारत में एक नया कार्यालय खोला है और अगले तीन सालों में अलग-अलग पदों पर 50 से ज्यादा कर्मचारियों को नियुक्त करने करने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने बेंगलुरु में नया कार्यालय सेंटर ऑफ इनोवेशन (सीओआई) स्थापित किया। फॉर्मिडियम के संस्थापक और सीईओ नीलेश सुद्रानिया ने एक बयान में कहा` कि हम फंड प्रशासन व्यवसाय में एक तकनीक-सक्षम फिनटेक फर्म के रूप में अपनी यात्रा को गति प्रदान करने के लिए भारत की सिलिकॉन वैली में उपलब्ध रोमांचक टैलेंट पूल का उपयोग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा` कि हम अगले तीन सालों में 40-50 से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्त करेंगे। कंपनी के अनुसार नया कार्यालय टेक डेवलपमेंट पर फोकस करेगा और ब्लॉकचेन, एआई और फिनटेक में रिसर्च, डेवलपमेंट और एग्जीक्यूशन प्रयासों का नेतृत्व करेगा। फॉर्मिडियम सीओआई के लिए क्लाउड, सिक्योरिटी, ब्लॉकचेन और जनरल एआई में प्रतिभाओं को नियुक्त करना चाहता है। इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और प्रोडक्ट भूमिकाओं में पद हैं।




फॉर्मिडियम 2016 से जयपुर और अहमदाबाद जैसे भारत के प्रमुख शहरों में परिचालन में है, जिसमें भारत में कुल 800 से ज्यादा कर्मचारी हैं। कंपनी फंड प्रशासन और निवेश प्रबंधन के तरीके को बदलने के लिए टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता देती है। यह फंड मैनेजर्स के लिए इनोवेटिव टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन, वैश्विक पहुंच के साथ हाई-क्वालिटी फंड सर्विस प्रदान करता है।

# टाटा समूह में घटी टीसीएस की हिस्सेदारी

## 10 साल में पहली बार ग्रुप की अन्य कंपनियां निकलीं आगे

**नई दिल्ली ।**




टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) हमेशा ही लिस्टेड टाटा समूह की कंपनियों के बाजार मूल्य में सबसे बड़ी रही है लेकिन अब 10 सालों में पहली बार इसकी टाटा समूह में हिस्सेदारी 50 फीसदी से नीचे गिर गई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि टाटा के अन्य स्टॉक, विशेष रूप से छोटे स्टॉक, हाल ही में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और पर्याप्त वृद्धि दिखा रहे हैं। हालांकि बाजार पूंजीकरण के आधार पर टीसीएस अभी भी टाटा समूह की सबसे बड़ी कंपनी है, लेकिन शेयर बाजार में इसका प्रदर्शन अन्य टाटा कंपनियों जितना मजबूत नहीं रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईटी सेवा उद्योग में मंदी के कारण टीसीएस की आय में धीमी वृद्धि देखी गई है, जबकि ऑटोमोटिव, खुदरा और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में आय में तेज सुधार देखा गया है। एक ओर जहां टीसीएस ने मध्यम वृद्धि दर्ज की है, वहीं टाटा समूह की अन्य कंपनियों ने अपने बाजार पूंजीकरण में तेज वृद्धि हासिल की है। दिसंबर 2022 से मार्केट कैप में 178 फीसदी की तेज वृद्धि के साथ ट्रेंट सबसे ज्यादा प्रदर्शन करने वाली टाटा कंपनी रही है, इसके बाद टाटा मोटर्स, इंडियन होटल्स कंपनी, टाटा कंज्यूमर और टाइटन कंपनी हैं। टाटा समूह की लिस्टेड कंपनियों के कुल मुनाफा में टीसीएस का हिस्सा दिसंबर 2023 तिमाही में गिरकर पांच-तिमाही के निचले स्तर 55.7 फीसदी पर आ गया है। यह कमी समूह की अन्य कंपनियों की तुलना में धीमी आय वृद्धि का संकेत देती है। विश्लेषकों को उम्मीद है कि टीसीएस भविष्य में समूह के बाजार मूल्य और कमाई में कम योगदान देगी।

# पड़ोसी बाजारों में अपना कारोबार का विस्तार करेगी आईटीसी

**- एफएमसीजी श्रेणी में कंपनी अन्य परिसंपत्तियों का कर सकती है अधिग्रहण**

**नई दिल्ली ।**




आईटीसी भारत के बाहर अपने सिगरेट के अलावा एफएमसीजी और आतिथ्य सेवा कारोबार का विस्तार करने जा रही है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने हाल ही में कहा था कि कंपनी भारत के बाहर कारोबार के विस्तार पर जोर देगी। उन्होंने कहा कि हम करीब 100 देशों को पहले से ही निर्यात कर रहे हैं और उसे बढ़ाना चाहते हैं। दूसरी ओर हम आसपास के बाजारों में अहम मुकाम हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। एफएमसीजी श्रेणी में कंपनी अन्य परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर सकती है अथवा विनिर्माण के लिए अपना कारखाना लगा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर पड़ोसी बाजार में हमें अवसर` दिखाई देगा तो हम वहां निवेश अथवा अ धिग्रहण कर सकते हैं। हम अपनी सहायक इकाइयों के जरिये नेपाल में कन्फेक्शनरी और बिस्कुट का उत्पादन पहले ही शुरू कर चुके हैं। जहां तक आतिथ्य सेवा कारोबार का सवाल है तो होटल क्षेत्र में आईटीसी का पहला विदेशी उद्यम श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आईटीसी रत्नदीप है। अगली तिमाही में यह होटल शुरू हो सकता है। मिश्रित उपयोग वाली इस परियोजना में समुद्र किनारे 5.86 एकड़ भूमि पर एक सुपर-प्रीमियम रिहायशी अपार्टमेंट परिसर और एक लक्जरी होटल शामिल हैं। वर्ष 2023 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इस परियोजना के विकास के लिए वेलकम होटल्स लंका (प्राइवेट) लिमिटेड में आईटीसी का निवेश 31 मार्च 2023 तक 2,775 करोड़ रुपये है। पुरी ने कहा कि कंपनी प्रबंधन करार करेगा ताकि कम से कम संपत्तियों वाली नीति के साथ आगे बढ़ा जाए।

कंपनी जिन बाजारों की ओर रुख करेगी वे अधिक दूर नहीं होंगे और जो वृद्धि की संभावनाओं के साथ-साथ आईटीसी के पोर्टफोलियो के अनुरूप होंगे। इस लिहाज से कंपनी की नजर पश्चिम एशिया के बाजारों पर हो सकती है।

# जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली ।**

देश में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग से जनवरी में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर ऊंचाई पर पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,93,250 इकाई हो गई, जो जनवरी 2023 में 3,47,086 इकाई थी। फाडा के एक अधिकारी ने कहा कि नए मॉडल पेश होने, अधिक उपलब्धता, प्रभावी विपणन, उपभोक्ता योजनाओं तथा शादियों के सीजन से एसयूवी की उच्च मांग से बिक्री में उछाल आया। वास्तविक बाजार की मांग के साथ बेहतर तालमेल बैठाने तथा भविष्य में ओवरसप्लाई के मुद्दों से बचने के लिए ओईएम के साथ उत्पादन को लेकर फिर से विचार-विमर्श करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) को निरंतर सफलता और समग्र बाजार स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उत्पादन योजना के साथ नवाचार को संतुलित करना चाहिए। फाडा के अनुसार दोपहिया वाहनों की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 14,58,849 इकाई हो गई। वाणिज्यिक वाहन की बिक्री पिछले महीने 89,208 इकाइयों पर स्थिर रही। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी 2023 में 71,325 इकाइयों से पिछले महीने 37 प्रतिशत बढ़कर 97,675 इकाई हो गई। ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 88,671 इकाई हो गई। कुल खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना अधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 21,27,653 इकाई रही, जो जनवरी 2023 में 18,49,691 इकाई थी।



# भारत का कोयला आयात दिसंबर में 27 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

देश का कोयला आयात दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 27.2 फीसदी बढ़कर 2.335 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय वित्त वर्ष 2026 तक शून्य तापीय कोयला आयात का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बी2बी ई-वाणिज्य कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार देश का कोयला आयात दिसंबर 2022 में एक करोड़ 83.5 लाख टन था। दिसंबर 2023 में कोयले का आयात करीब 2.335 करोड़ टन था। दिसंबर 2022 में दर्ज किए गए 1.835 करोड़ टन की तुलना में दिसंबर 2023 में आयात 27.25 प्रतिशत अधिक रहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर में कोयला आयात बढ़कर 19.243 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 19.182 करोड़ टन था। इस दौरान गैर-कोकिंग कोयले का आयात 12.437 करोड़ टन था, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में आयातित 12.689 करोड़ टन से थोड़ा कम है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि दिसंबर में थर्मल कोयले के आयात में वृद्धि हुई, खासकर सीमेंट और स्पंज आयरन क्षेत्रों में, हालांकि आयात की मौजूदा मांग कम बनी हुई है वास्तविक मात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले महीनों में समुद्र संबंधी लागत कैसी रहेगी।




# वेदांता एल्युमीनियम ने ई-वाणिज्य मंच शुरू किया

**नई दिल्ली ।** वेदांता एल्युमीनियम ने प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादों की बिक्री के लिए एक ई-वाणिज्य मंच की शुरुआत की है। ई-वाणिज्य मंच खरीदारों को ऑर्डर करने से लेकर डिलीवरी तक तमाम सेवाएं देगा। कंपनी ने ई-सुपरस्टोर, वेदांता मेटल बाजार पर 750 से अधिक एल्यूमीनियम उत्पाद सूचीबद्ध किए हैं। वेदांता के एल्युमीनियम कारोबार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि छोटी और मझोले आकार की कंपनियों के लिए यह एक बड़ा बदलाव साबित होने वाला है। स्लेवेन ने ई-वाणिज्य मंच को भारत में उद्योग के लिए एक बड़ी सफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे कंपनी को अपने ग्राहकों को उत्पादों की पूरी श्रृंखला प्रदान करने में मदद मिलेगी। मंच पर उपलब्ध उत्पादों में सिल्लियां, बिलेट्स, प्राथमिक फाउंड्री मिश्र धातु, तार की छड़ें, रोल्ड उत्पाद, फिलप कॉइल्स, हॉट मेटल तथा रेस्टोरा (कम कार्बन एल्यूमीनियम) शामिल हैं। इसके अलावा सुपरस्टोर कंपनी के ग्राहक आधार की जरूरतों के अनुरूप अनुकूलित समाधान भी प्रदान करता है। वेदांता लिमिटेड की कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने वित्त वर्ष 2023 में 22.9 लाख टन एल्यूमीनियम का उत्पादन किया था।



# पीएसयू शेयरों में गिरावट से निवेशकों के 6.4 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई ।** पिछले तीन सत्रों में पीएसयू शेयरों में लगातार गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 6.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। बीएसई पर पीएसयू इंडेक्स में 23 जनवरी के बाद से 12 फरवरी को सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। ये इंडेक्स 1.7 फीसदी फिसले। पिछले तीन सत्रों में सबसे ज्यादा गिरावट भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में देखने को मिली है। इसके बाद में सूची में दूसरे नंबर पर आईआरएफसी का नाम शामिल है। इन दोनों कंपनियों के मार्केट कैप में करीब 40,000 करोड़ से भी ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इसके बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड और एनएचपीसी का स्थान रहा है। इनके मार्केट कैप में लगभग 25,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस अवधि में एनटीपीसी लिमिटेड और ओएनजीसी का मार्केट कैप 20,500 करोड़ रुपए फिसल गया है। एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट्स और इंडियन ओवरसीज बैंक भी इस सूची में शामिल हैं। इनका मार्केट कैप 20,000 करोड़ रुपए और 19,000 करोड़ रुपए कम हो गया। जनरल इंश्योरेंस कॉर्प और कोल इंडिया को मार्केट कैप में 17,000 करोड़ रुपए फिसला है। इससे पहले बीएसई पीएसयू इंडेक्स, जिसमें लगभग 104 लिस्टेड सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां शामिल थीं, लगातार सात सत्रों तक बढ़ी थी, उस दौरान लगभग नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और वर्ष के लिए 13 प्रतिशत की बढ़त हासिल हुई थी। पीएसयू स्टॉक 2021 से ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं, बीएसई पीएसयू इंडेक्स में लगातार तीसरे साल बढ़त देखी जा रही है।

# देश की 500 निजी कंपनियों का मूल्यांकन सऊदी-सिंगापुर की जीडीपी से भी ज्यादा

**मुंबई ।** देश की प्रमुख 500 निजी कंपनियों का मूल्यांकन 2022 की तुलना में बढ़कर 2023 में 231 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह देश की जीडीपी का 71 फीसदी है। साथ ही सऊदी अरब, स्विटजरलैंड और सिंगापुर की जीडीपी से ज्यादा है। हुरून इंडिया-एक्सिस बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रमुख 500 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज तीसरे साल भी शीर्ष पर है। इसका पूंजीकरण 15.65 लाख करोड़ रुपए रहा है। 12.4 लाख करोड़ के साथ टीसीएस दूसरे स्थान पर है। विलय के बाद 10 लाख करोड़ का मूल्यांकन पार करने पर एचडीएफसी बैंक तीसरे स्थान पर है। 500 कंपनियों में सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों शामिल हैं। इन कंपनियों की बिक्री की वृद्धि दर 13 फीसदी बढ़कर 952 अरब डॉलर रही है। एक्सिस बैंक के एक अे धिकारी ने कहा कि ये 500 कंपनियां 70 लाख लोगों को रोजगार देती हैं। एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक शीर्ष 10 में हैं। जियो फाइनेंशियल 28वें स्थान पर है। 44 फीसदी कंपनियां सेवा क्षेत्र की हैं। 56 फीसदी भौतिक उत्पादों को बेचती हैं। 437 कंपनियों के बोर्ड में महिलाएं शामिल हैं। 179 में महिलाएं सीईओ रैंक पर हैं। 342 कंपनियों के मूल्य में वृद्धि हुई है। 18 के मूल्य में दोगुना से ज्यादा बढ़त हुई है।

# एमसीएक्स पर नहीं खुला कमोडिटी बाजार

**नई दिल्ली ।** तकनीकी समस्या के कारण मंगलवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) अपने निर्धारित समय पर नहीं खुल पाया। इसके खुलने का समय सुबह 9 बजे का है। पहले एमसीएक्स पर 10 बजे कारोबार खुलने की सूचना थी लेकिन अब एमसीएक्स पर सूचना के मुताबिक दोपहर 1 बजे के बाद कारोबार शुरू होगा। एमसीएक्स पर बहुमूल्य धातु सोने-चांदी से लेकर कॉपर, एल्यूमीनियम, जिंक जैसी बेस मेटल का वायदा कारोबार होता है। देश के करोड़ों कमोडिटी ट्रेडर्स कारोबार नहीं कर पा रहे हैं। इस कमोडिटी एक्सचेंज पर क्रूड आयल समेत अन्य कमोडिटी का भी वायदा कारोबार होता है। एमसीएक्स भारत का पहला सूचीबद्ध कमोडिटी डेरिवेटिव एक्सचेंज है। इसका परिचालन नवंबर 2003 में शुरू हुआ था और यह भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियामक ढांचे के तहत काम करता है।

# आरबीआई मंजूरी दे तो पेटीएम के साथ काम करने को तैयार: एक्सस बैंक

**मुंबई ।** निजी क्षेत्र का ऋणदाता एक्सिस बैंक का कहना है कि वह पेटीएम के साथ काम करना चाहता है, बशर्ते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसके लिए मंजूरी दे। एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) अमिताभ चौधरी ने यह जानकारी दी है। चौधरी ने एक्सिस बैंक की 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 सूची जारी करने के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा` कि यह बात नियामकीय मंजूरी पर निर्भर करती है और अगर नियामक हमें पेटीएम के साथ काम करने की अनुमति देता है, तो निश्चित रूप से हम उनके साथ काम करेंगे। वे फिनटेक उद्योग में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि बैंक सामान्य कारोबार के लिए पेटीएम के साथ चर्चा कर रहा है और 31 जनवरी, 2024 के बाद वे नए पहलुओं पर चर्चा कर रहे हैं। एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव अर्जुन चौधरी ने कहा कि हम अपनी सामान्य कारोबारी सेवाओं के लिए पेटीएम के साथ बातचीत कर रहे हैं। 31 जनवरी के घटनाक्रम के बाद हम नई चीजों पर चर्चा कर रहे हैं। 31 जनवरी, 2024 को आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को लगातार अनुपालन न करने और सामग्री पर्यवेक्षी संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए 29 फरवरी, 2024 से नई जमा स्वीकार करने और लेनदेन करने पर पाबंदी लगा दी थी।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये से ऊपर निकला**

**सेंसेक्स करीब 482.70 , निफ्टी 127.20 बढ़ा**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ ही बैंकिंग शेयरों में भी खरीदारी से बाजार बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.68 प्रतिशत करीब 482.70 फीसदी बढ़कर 71,555.19 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.59 फीसदी तकरीबन 127.20 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान बैंकिंग शेयरों में जमकर खरीददारी हुई। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 2.46 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, रिलायंस ग्रीन के शेयर भी ऊपर आये हैं। वहीं दूसरी ओर केवल पांच कंपनियों के शेयर ही गिरावट पर बंद हुए। इनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्रा टेक, टाइटन, टाटा मोटर्स और आईटीसी बैंक शामिल हैं।

वहीं आरबीआई द्वारा प्रतिबंधों की समीक्षा की उम्मीदों के टूटने के बाद पेटीएम का शेयर आज 10 फीसदी नीचे आकर 400 रुपये से नीचे आ गया और 380.35 रुपये पर बंद हुआ। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये के ऊपर पहुंच गया। ये उपलब्धि हासिल करने वाली रिलायंस भारत की पहली लिस्टेड कंपनी बन गई। इससे पहले गत दिवस बाजार में गिरावट रही थी। इससे पहले आज सुबह आईटी और मेटल शेयरों में कमजोरी के दौरान मजबूती में खुलने के बाद घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 191 अंक की बढ़त लेकर खुला और 44.45 अंक बढ़कर 71,116.94 के स्तर पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी-50 लाल निशान से निकलते हुए 4.95 की हल्की बढ़त के साथ 21,600 पर कारोबार करता देखा गया। बैंकिंग शेयरों में मंगलवार को खरीदारी देखने को मिल रही है जिसके चलते आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 1.87 फीसदी ऊपर आकर कारोबार कर रहा था।




# अरबपति एलन मस्क की बादशाहत पर खतरा

**बर्नार्ड अरनॉल्ट दुनिया के सबसे अमीरों की सूची में कुछ कदम दूर**

**सैन फ्रांसिस्को।**

टेस्ला के मालिक और मशहूर अरबपति एलन मस्क की बादशाहत पर खतरा मंडरा रहा है। नंबर एक की पोजीशन से खिसकने के बाद अब उनके दूसरे स्थान को भी उन्हीं के देश के कारोबारी से कड़ी टक्कर मिल रही है। गौरतलब है` कि लक्जरी ब्रांड लुई वुइटन के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में टॉप पर हैं जबकि एलन मस्क दूसरे नंबर पर काबिज है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की नेटवर्थ एलन मस्क के करीब पहुंच गई है और वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनने से कुछ ही कदम दूर है। फोर्ब्स के अनुसार जेफ बेजोस की नेटवर्थ फिलहाल 195.9 बिलियन डॉलर है जबकि एलन मस्क की टोटल नेटवर्थ 201.6 बिलियन डॉलर है। इस हिसाब से जेफ़ बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनने से कुछ ही कदम दूर है। दुनिया के सबसे व्यक्तियों की सूची में बर्नार्ड अरनॉल्ट पहले नंबर है। फ्रांस के अरनॉल्ट की टोटल नेटवर्थ फिलहाल 219.9 बिलियन डॉलर है, जो भारत के मशहूर अरबपति गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी दोनों की टोटल संपत्ति से भी ज्यादा है। बता दें कि हाल के दिनों में एलन मस्क की नेटवर्थ में कमी आई है। दरअसल, टेस्ला के चौथी तिमाही के उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे जसिस्की वजह से कंपनी के शेयर लुढ़क गए थे और मस्क की नेटवर्थ में 18 बिलियन डॉलर से ज्यादा का घाटा हो गया था। दुनिया के टॉप 10 अमीर व्यक्तियों की सूची में फेसबुक के मालिक मार्क जुकरबर्ग चौथे नंबर पर है। उनकी कुल नेटवर्थ 164.8 बिलियन डॉलर है।



# स्टरलाइट ने ब्यावर परियोजना के लिए 2,400 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली ।** स्टरलाइट पावर ने राजस्थान में अपनी ब्यावर ट्रांसमिशन परियोजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) से 2,400 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। स्टरलाइट पावर ने बयान में कहा` कि अपनी ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (बीटीएल) परियोजना के लिए सफलतापूर्वक वित्त पोषण प्राप्त कर लिया है। परियोजना का ठेका मिलने के चार महीने के भीतर स्टरलाइट पावर ने उसके लिए वित्त पोषण प्राप्त किया है। स्टरलाइट पावर के एक अधिकारी ने कहा कि किसी भी बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए वित्त पोषण हासिल करना बड़ी उपलब्धि होती है। इतने कम समय में इसे हासिल करने से इस महत्वपूर्ण परियोजना के वितरण में तेजी लाने में मदद मिलेगी।







# वैलेंटाइन-डे
# एक दिन प्यार के नाम...!

प्यार का दिन, प्यार के इजहार का दिन. अपने जज्बातों को शब्दों में बयां करने के लिए शायद इस दिन का हर धड़कते हुए दिल को बेसब्री से इंतजार होता है. हम बात कर रहे हैं प्यार के परवानों के दिन की यानी 'वेलेंटाइन-डे' की. 14 फरवरी को मनाए जाने वाले इस दिन को विभिन्न देशों में अलग अंदाज और विश्वास के साथ मनाया जाता है. जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' के नाम से मनाया जाता है, वहीं जापान और कोरिया में इस दिन को वाइट डे का नाम से जाना जाता है.

कहते हैं ईश्वर की सबसे बड़ी नैमत है मोहब्बत, यह जिसे मिल जाती है उसे खुदा की खुदाई मिल जाती है। हर धर्म, हर मजहब में इसे भगवान का दर्जा दिया गया है। तभी संत-महात्मा भी इसकी तरफदारी करते हैं। कबीर दास जी कहते हैं ढ़ाई आख़र प्रेम का पढ़े सो पंडित होय। संत वेलेंटाइन भी ऐसे ही महान संत थे जिन्होंने प्रेम के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी। उन्हीं की याद में आज भी 14 फरवरी के दिन वेलेंटाइन डे यानी प्रेम दिवस मनाया जाता है।

## संत वेलेंटाइन और प्रेम के अलग-अलग रंग

संत वेलेंटाइन रोम में एक चर्च के पादरी थे। उन्होंने अपने अंतिम समय में संसार को प्रेम का ऐसा मंत्र दिया जो आज भी हर दिल में धड़कता है। प्रेम का रंग जितना ही निराला है उतना ही निराला है इसे प्रकट करने का तरीका, यही कारण है कि समय-समय पर कवियों ने इसे अपने-अपने तरीके से बयान किया है। अज्ञेय जी कहते हैं वे मुर्दे होंगे प्रेम जिन्हें सम्मोहनकारी हाला है। मैंने विदग्ध ही जान लिया, अंतिम रहस्य पहचान लिया। मैंने आहुति बन कर देखा यह प्रेम यज्ञ की ज्वाला है। वहीं राष्ट्रकवि दिनकर जी कहते हैं लगता है जिसे, उसे फिर नींद नहीं आती है। दिवस रूदन में, रात आह भरने में कट जाती है। मन खोया-खोया, आंखें कुछ भरी-भरी रहती है। भीगी पुतली में कोई तस्वीर खड़ी रहती है। प्रेम वास्तव में अनोखा एहसास है यही कारण है कि इसको लेकर युवा ही नहीं हर उम्र के लोग उत्साहित रहते हैं और इसी उत्साह से वेलेंटाइन डे को मनाने की योजनाएं भी बनाते हैं। यही कारण है कि आज प्रमुख पर्व त्योहार की भांति ही वेलेंटाइन डे मनाया जाने लगा है।

## वेलेंटाइन डे पर गुलाबों का महत्व

इस अवसर पर गुलाब का फूल उसी प्रकार महत्व रखता है जैसे- होली में रंग और दीपावली में दीपक। इसका कारण यह है कि इस दिन सभी प्रेमी अपने प्रेम का इजहार गुलाब का फूल देकर करना चाहते है। गुलाब कई रंग के होते हैं और रंगों के अनुरूप इनका मतलब भी अलग-अलग होता है जैसे- लाल गुलाब प्यार का प्रतीक है, यह मंगल की राशि मेष और वृश्चिक वालों को काफी पसंद आता है। पीला गुलाब खुशी और दोस्ती का प्रतीक होता है जो गुरु की राशि धनु और मीन वालों को काफी भाता है क्योंकि उनकी प्रकृति गंभीर और ज्ञानियों वाली होती है।

सफेद गुलाब शाश्वत प्रेम और दिल की सच्चाई को बयान करता है जो कर्क राशि के व्यक्तियों को काफी भाता है। पर्पल रंग का गुलाब तुला या वृषभ राशि के लोगों को काफी पसंद होता है क्योंकि यह पहली नजर में प्यार का प्रतीक होता है। वैसे सफेद रंग का गुलाब भी इन्हें अच्छा लगता है।

हरा रंग का गुलाब गुलाब नयापन, खुशी और प्रचुरता का प्रतीक होता होता है जो कन्या और मिथुन राशि वालों को आकर्षित करता है। लैवेंडर कलर का गुलाब गहरे प्यार का प्रतीक होता है जो सिंह राशि के व्यक्तियों को काफी पसंद आता है। इस वेलेंटाइन पर आप राशि के अनुसार गुलाब देकर अपने प्रेमी से प्यार का इजहार कर सकते हैं। वैसे एक बार में आई लव यू कहना है तो लाल गुलाब देना सबसे अच्छा है।

## कौन थे? संत वेलेंटाइन

रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस का शासन था। उसके अनुसार विवाह करने से पुरूषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने आज्ञा जारी की कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। आखिर क्लॉडियस ने 14 फरवरी सन् 269 को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है।

## प्यार में सौदा नहीं

**दोनों विजातीय हैं, एक-दूसरे से प्रेम करते हैं और इस प्रेम की परिणिति विवाह के रूप में चाहते हैं। दोनों ने अपने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी तो एक-दूजे के परिवार में आने-जाने तथा देखने-दिखाने के बाद दोनों की शादी तय हो गई।**



प्रेम के कई रूप हैं, विभिन्न रिशते के साथ विभिन्न नाम। सत्य, निष्ठा, आस्था, भरोसा सब है, लेकिन लादा गया समझौता नहीं है प्रेम।

वे दोनों भारत की एक प्रतिष्ठित कंपनी में काम करते हैं। दोनों का सालाना पैकेज लाखों में है। दोनों विजातीय हैं, एक-दूसरे से प्रेम करते हैं और इस प्रेम की परिणिति विवाह के रूप में चाहते हैं। दोनों ने अपने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी तो एक-दूजे के परिवार में आने-जाने तथा देखने-दिखाने के बाद दोनों की शादी तय हो गई। लेकिन सगाई की तारीख तय करने से ठीक पहले लड़के के माता-पिता ने लड़की के माता-पिता से भारी दहेज की माँग कर डाली, वो भी नकद राशि।



लड़की के माता-पिता समक्ष थे, शादी में भरपूर खर्चा भी करने वाले थे। लेकिन पढ़ी-लिखी, लाखों रुपए का पैकेज पाने वाली लड़की को ये गँवारा न हुआ और उसने लड़के से बात की। प्रेम का दम भरने वाले लड़के का जवाब हैरान कर देने वाला था। उसने कहा-मैं इस बारे में अपने मम्मी-पापा से कोई बात नहीं कर सकता, ये उनका लुकआउट है। हाँ यदि तुम चाहो/कहो तो हम कोर्ट मैरिज कर सकते हैं। लड़की स्तब्ध! क्या कदम उठाए? कोर्ट मैरिज के लिए हाँ कर ससुराल से नाता तोड़े या प्रेम को भूल जाए।

यहाँ सवाल ये है कि क्या सचमुच ये प्रेम है? यदि है तो इसमें सौदेबाजी की जगह कहाँ है? यदि है तो कपूर की तरह उड़ क्यों गया? क्या लड़के ने प्रेम अपने माता-पिता से पूछकर किया था, जो बाकी बातें भी वे ही तय करेंगे? हालाँकि लड़की की कमाई इतनी थी कि वह साल भर की पगार में दहेज की राशि की पूर्ति कर देती।

खैर...बाद के एपिसोड में शुभचिंतकों (?) द्वारा अपनी राय प्रकट की जाने लगी। आजकल लड़कियाँ पढ़-लिखकर कमाने क्या लगीं, हवा में उड़ती हैं। भई! समझौता तो करना ही पड़ेगा। बराबरी का पढ़ा-लिखा लड़का मिल रहा है, एक ही कंपनी में काम करते हैं, फिर क्या दहेज के लिए नाक लगाना? भई! दे दुआ के नक्की करो और क्या?

अब वापस लड़के पर आएँ तो यदि ये लोग कोर्ट मैरिज कर लेते हैं तो कलांतर में वह अवश्य ही लड़की को इस बात के लिए दोषी ठहराएगा कि उसकी वजह से वह अपने माँ-बाप से अलग हुआ। समाज, रिश्तेदारी में वे दोनों ही उचित सम्मान नहीं पा सकेंगे। जिसके कि वे हकदार हैं और यदि लड़की अपने माता-पिता से दहेज देने के लिए कहती है तो उसका सेल्फ रिस्पेक्ट भी हर्ट होगा। न वो इस गिल्टी से बाहर आ पाएगी जिसका असर निश्चय ही उनके दाम्पत्य पर विपरीत ही पड़ेगा।

दो पढ़े-लिखे प्रेम करने वाले योग्य युवाओं की ऐसी पेसोपेश, एक दुखदायी स्थिति है। प्रेम हो जाना नि:संदेह एक सुखद अनुभूति है। लेकिन वो सिर्फ दैहिक आकर्षण नहीं बल्कि एक दूसरे के सुख-दु:ख का साझा निर्वहन है। प्रेम की परिणिति जब विवाह की वेदी तक जाती है तो दोनों की जिम्मेदारी है इसे सफल बनाना। कंपनी के बड़े फैसलों में भागीदारी निभाने वाला होनहार जब जिंदगी के फैसले में हस्तक्षेप न करे तो माँ-बाप के फैसले में कहीं न कहीं उसकी मौन स्वीकृति नजर आती है। ऐसे में बिगड़ते रिश्तों का ठीकरा लड़का की योग्यता के माथे फोड़ देना कहाँ तक उचित है?

स्त्री अपना प्रारंभ भली-भाँति जानती है। विवाहोरांत अधिकांश समझौते या एडजेस्टमेंट भी उसी के हिस्से आते हैं। लेकिन विवाह की वेदी पर आत्मसम्मान की आहूति देगी तो निश्चय ही उस अग्नि की आँच उसे निखारने के बजाए जीवन भर झुलसाती ही रहेगी। प्रेम के कई रूप हैं, विभिन्न रिश्ते के साथ विभिन्न नाम। सत्य, निष्ठा, आस्था, भरोसा सब है, लेकिन लादा गया समझौता नहीं है प्रेम।

## वेलेंटाइन डे के दिन क्या करें

- 'वेलेंटाइन डे' ऐसा दिन होता है, जिस दिन प्रेमी और प्रेमिका के बीच पल रहे प्यार को और नजदीकियां मिल जाती हैं. हर कोई यह जानना चाहता है कि प्यार में ज्यादा मिठास कैसे घोली जाए. हम आपको बता रहे हैं ऐसे टिप्स, जिससे आपके प्यार भरे रिश्तों में और गर्माहट आ जाएगी.
- अपने एवं उनके पसंदीदा गानों की एक सीडी बनाएं, जिसका आप दोनों एक-साथ सुनकर आनंद ले सकें. कुछ रोमांटिक सीडी, डीवीडी या क्लासिक वीडियो खरीदें और उसे लाल रिबन में एक-साथ लपेट कर गिफ्ट करें.
- आभूषण हमेशा ही लड़कियों के लिए पसंदीदा उपहार रहा है. दिल के आकार का एक लॉकेट खरीदें. उसमें अपनी तस्वीर डालें और उनके नाम का पहला अक्षर डालकर उस लॉकेट को बंद करें. इसे दिल के आकार के बॉक्स में या ताजा फूलों के साथ बांधकर गिफ्ट करें. लड़कों के लिए नाम का पहला अक्षर उकेरा हुआ ब्रेसलेट गिफ्ट करें.
- आप खुद बनाएं रेशम या कांच के फूलों के गुलदस्ते, जो उनके पास रहेंगे हमेशा. अगर आपकी प्रेमिका पर्यावरण को पसंद करती है, तो उसे उपहार करें एक पौधा, जिसके विकास का आनंद वह अपने बगीचे में प्रत्येक वर्ष ले सके.
- अपने प्रेमी या प्रेमिका के लिए पसंदीदा भोजन तैयार करें. तालिका पर रोमांटिक व्यंजनों को प्यार से सजाएं और मोमबत्तियों की रोशनी के सम्मोहक वातावरण में एक साथ खाएं. फलों को पिघलते हुए चॉकलेट और क्रीम का स्पर्श दें.
- उनके पसंदीदा शौक के अनुसार उन्हें व्यक्तिगत उपहार दें, जैसे टेनिस या गोल्फ की गेंदों पर या सिगार पर लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करें.
- उनके लिए सबसे कीमती उपहार है आपका साथ. एक साथ थिएटर में कोई अच्छी फिल्म देखने जाएं या किसी स्पा में जाएं. गाड़ी में लंबी सैर पर जाएं या अपनी व्यस्त जीवनशैली से थोड़ा-सा समय निकालकर एक रोमांटिक वीकएंड की योजना बनाएं.
- अगर आप वेलेंटाइंस डे के दिन प्रपोज करना चाहते हैं, तो मूड बनाने के लिए आस-पास गुलाब की पंखुड़ियों को छिड़ककर अंगूठी कैंडी बॉक्स या शैम्पेन के ग्लास में छिपा दें.
- वेलेंटाइंस डे की पार्टी आयोजित करें और खेलें चॉकलेट से प्यार भरा कोई खेल. आप इस दिन खास तरह के मीठे चॉकलेट वाले बॉडी पेंट से एक-दूसरे के शरीर पर कलाकारी भी कर सकते हैं.
- 'वेलेंटाइंस डे' के दिन अपनी प्रेमिका को एक अच्छा सा परफ्यूम भेंट करें और उस पर लिख दें- 'मैं इस परफ्यूम की खुशबू तुम्हारे जिस्म पर महसूस करना चाहता हूं.' इस संदेश के सहारे आप उसे यह एहसास दिला पाएंगे कि आपका जीवन उसके बिना कुछ भी नहीं है. इससे आप यह एहसास दिलाने में कामयाब हो जाएंगे कि बस और बस आप ही उसके इकलौते और सच्चा प्यार है. इस संदेश के माध्यम से आप उसे यह भी अहसास दिलाएंगे कि उन्हें इस तरह देखने के लिए आप बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस तरह के भेंट और संदेश से आपका वेलेंटाइंस डे यादगार बन जाएगा.
- लड़के आमतौर पर जिम जाते हैं और अपनी बॉडी को फिट रखने की कोशिश करते हैं, इसलिए प्रेमिका के लिए अच्छा होगा कि वेलेंटाइंस डे के दिन वह अपने प्रेमी को एक अच्छा-सा ट्रैकसूट गिफ्ट करें. हो सके तो इसके साथ एक जोड़ी जॉगिंग शू भी गिफ्ट कर दें. इससे आपका प्रेमी न सिर्फ इन गिफ्ट्स को पाकर बेहद खुश होगा, बल्कि जब-जब इन्हें पहनेगा या देखेगा तो प्रेमिका से मिलने की तलब से भी बच नहीं पाएगा.
- लेदर वॉलेट लड़कों को खूब भाता है. हर लड़के की चाह होती है कि उसके पास एक लेदर वॉलेट हो. लेदर वॉलेट कभी भी पुराना फैशन नहीं होता है. ऐसे में वेलेंटाइंस डे के दिन प्रेमिका अपने प्रेमी को लेदर वॉलेट गिफ्ट भी कर सकती हैं. कोशिश करें कि लेदर वॉलेट के अंदर अपनी और अपने प्रेमी की गले लगाते हुए फोटो चिपका दें. यह आप दोनों के रिश्तों में और गरमाहट लाने में मदद करेगा, साथ ही वेलेंटाइंस डे को यादगार बना देगा.



## इस वेलेंटाइन डे चुनिए लाल रंग, बनिए रचनात्मक

वेलेंटाइन डे के मौके पर ज्यादातर महिलाएं लाल रंग की पोशाक पहनती हैं क्योंकि यह प्यार का रंग है। विशेषज्ञों की मानें तो काले रंग की छोटी पोशाक के साथ रूबी के आभूषण और लाल रंग की हाईहिल्स पहनने जैसे प्रयोग भी किए जा सकते हैं। कोको बूटिक की रचनात्मक निदेशक जैस्मीन केरावाला कुछ नुस्खे बताती हैं कि किस तरह वेलेंटाइन डे पर भीड़ से अलग दिखा जा सकता है।

- लाल रंग के आभूषण - अपनी काले रंग की छोटी पोशाक के साथ चमकीले रूबी के आभूषण - लटकती बालियां, कॉकटेल अंगूठी या कड़ा पहनिए। ये आपके रूप को और संवारेंगे।
- लाल रंग के स्टीलेटोज - अगर आप मौसम के मोनोक्रोम चलन पर चलना चाहते हैं, तो अपनी काले और सफेद रंग के पहनावे के साथ लाल रंग के स्टिलेटोज (ऊंची और पतली एड़ी के सैंडल) पहनें।
- लाल पतलून - आप लाल रंग की चुस्त पतलून पहन सकती हैं। इसके साथ आप बिना आस्तीन वाला ट्यूब टॉप और चंकी नेकपीस और बैलेट फ्लैट्स पहनें।
- लाल रंग की मैक्सी ड्रेस - आप रेड मैक्सी ड्रेस भी पहन सकती हैं। इसके साथ तटस्थ स्टीलेटोज और कम से कम आभूषण पहनें।
- लाल एक्सेसरीज - लाल रंग का क्लच या बेल्ट भी अच्छे विकल्प हैं।

## 7 बार वारंट देने के बाद भी कोर्ट नहीं पहुंची जयप्रदा,अब पुलिस करेगी गिरफ्तार

रामपुर। बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में दो मामले चल रहे हैं। इनमें से एक कैमरी में और दूसरा केस थाना स्वार में चल रहा है। दोनों मामले लोकसभा चुनाव 2019 में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। इन मुकदमों में अदालत में मामले लंबित हैं, क्योंकि



जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हो रही हैं। उनके खिलाफ अब 7वीं बार एनबीडब्लू (गैर जमानती) वारंट जारी किए जा चुका है। इसके वाबजूद भी वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही हैं। रामपुर कोर्ट ने एसपी को सख्त आदेश दिए हैं। आदेश में जयाप्रदा को तलाश कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की बात कही गई है, लेकिन बीते कई महीनों से पुलिस को एक्ट्रेस की लोकेशन ही पता नहीं चल पा रही है। ऐसे में कोर्ट ने एक बार फिर एनबीडब्ल्यू जारी किया है। अब मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। जयाप्रदा को रामपुर पुलिस लंबे समय से तलाश रही है। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह 7वीं बार है, जब पुलिस ने एक्ट्रेस के खिलाफ वारंट जारी किया है। पुलिस उनकी तलाश प्रदेश के अलावा भी अन्य इलाकों में भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। जया प्रदा पर साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आरोप लगे. जयाप्रदा बीजेपी की टिकट पर रामपुर सीट से चुनाव लड़ रही थीं। इस दौरान उनके खिलाफ पहला मामला स्वार थाने में दर्ज हुआ। जिसमें आरोप है कि उन्होंने आचार संहित लागू होने के बावजूद नूरपुर गांव में सड़क का उद्घाटन किया। इसके अलावा दूसरा मामला केमरी थाने का है। इसमें आरोप है कि जयाप्रदा ने पिपलिया मिश्र गांव में आयोजित जनसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दोनों मामलों में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

## सनी देओल, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे सांसद बहस तो दूर संसद में चूं तक नहीं करते

नई दिल्ली । संसद में मेज थपथपाना, बिल लाना, चर्चा बढ़ना, बहस करना जैसी कई गतिविधियां होती हैं, लेकिन सनी देओल और शत्रुघ्न सिन्हा जैसे सांसद बहस तो दूर की बात है वह तो चूं तक नहीं करते हैं। हालांकि इसमें कुछ नया भी नहीं है और अधिकांश सांसद सत्र में शामिल भी नजर आते हैं। अब इनमें कुछ सदस्य ऐसे भी हैं, जो बहस तो दूर की बात, बल्कि चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से सांसद सनी देओल से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा तक का नाम शामिल है। कहा जा रहा है कि ऐसे सांसदों की संख्या करीब 9 है, जो पूरे 5 सालों के कार्यकाल के दौरान सदन को एक बार भी संबोधित नहीं कर सके। गुरदासपुर से सांसद सनी देओल का नाम भी इस सूची में है। हालांकि, असनसोल सांसद शत्रुघ्न सिन्हा कुछ मौकों पर संसद में नजर भी आए। साथ ही वह विपक्षी सांसदों की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शनों का हिस्सा भी बने। लेकिन इस दौरान शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार भी कोई सवाल दाखिल नहीं किया। साथ ही वह अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे को उठाने में भी असफल रहे। बता दें कि सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में बीजापुर से भाजपा सांसद रमेश चंद्रप्पा जीगाजिनागी, बहुजन समाज पार्टी से अतुल राय, टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी और भाजपा से ही प्रधान बरुआ, बीएन बचे गौड़ा, अनंत कुमार हेगड़े और वी श्रीनिवास प्रसाद का नाम शामिल है। हालांकि अब ओम बिरला कुछ ऐसे प्रयास कर रहे हैं जिनसे इनकी चुप्पी पर विराम लगेगा। खबर है कि लोकसभा स्पीकर बनने के बाद से ही ओम बिरला ने पहली बार बने सांसदों की सूची तैयार की थी। उन्होंने सभी को कम से कम एक बार सदन में बोलने के लिए प्रेरित भी किया था। हालांकि, उनके तमाम प्रयासों के बाद भी ऐसे कई सांसद रहे जिन्होंने संसद में एक बार भी भाषण नहीं दिया।

## श्रीलंका में गिरफ्तार 18 भारतीय मछुआरे स्वदेश लौटे

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हाल में गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के 18 भारतीय मछुआरे मंगलवार को स्वदेश लौट आए। मछुआरे कोलंबो से विमान के जरिए यहां पहुंचे और तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मछुआरों को पिछले महीने समुद्री नियमों के उल्लंघन के आरोप में श्रीलंका की नौसेना ने गिरफ्तार किया था और वहां की जेल में बंद कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एक स्थानीय अदालत ने इस महीने की शुरुआत में उनकी रिहाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उन्हें वहां एक शिविर में रखा गया था। राज्य सरकार ने मछुआरों के लिए वाहन की व्यवस्था की थी जिसके जरिए वे सड़क मार्ग से रामनाथपुरम रवाना हुए।

## कर्नाटक : स्कूल ने कथित हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

मंगलुरु (कर्नाटक)। मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भाजपा विधायक भरत शेट्टी वाई और वेदव्यास कामथ ने इस मुद्दे को उठाया था और शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। शेट्टी ने एक बयान में कहा कि ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है और कुछ स्कूल छात्रों के बीच हिंदू विरोधी भावनाएं फैला रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से ईसाई प्रबंधन द्वारा संचालित स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला कराने पर पुनर्विचार करने का भी आग्रह किया। आरोप है कि शिक्षिका ने छात्रों से कहा था कि महाभारत और रामायण 'काल्पनिक' हैं और उसने बच्चों में 'हिंदू विरोधी' भावनाएं पैदा करने की कोशिश की। स्कूल ने सोमवार देर रात स्कूल के अभिभावकों को संबोधित एक पत्र में कहा कि शिक्षिका को उसके पद से हटाया जा रहा है और उनके स्थान पर एक नए शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस का बड़ा ऐक्शन, पंजाब के 2 मजदूरों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक आतंकवादी की गिरफ्तारी के साथ श्रीनगर में प्रवासी श्रमिकों की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि पिछले हफ्ते श्रीनगर में पंजाब के दो प्रवासी मजदूरों की हत्या करने वाले आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में इस्तेमाल हथियार पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया है। पंजाब के दो गैर-स्थानीय निवासियों को 7 फरवरी को श्रीनगर के शाल कदल इलाके में गोली मार दी गई थी। एक अमृतपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे रोहित मासी को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। 7 फरवरी की घटना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा वर्ष की पहली लक्षित हत्या थी और इसकी जिम्मेदारी प्रतिबंधित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' ने ली थी, जो पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का एक छाया समूह है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आईजीपी कश्मीर वीके बर्डी ने कहा कि लंगू सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के संपर्क में था और उसे श्रीनगर में कुछ आतंकी हमले करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पुलिस ने तकनीकी और क्षेत्रीय विश्लेषण के आधार पर कुछ संदिग्धों पर ध्यान केंद्रित किया। जांच के दौरान एकत्र किए गए ठोस सबूतों के आधार पर, मुख्य आरोपी श्रीनगर के ज़ल्डागर निवासी आदिल मंजूर लंगू की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी को पाकिस्तान के एक हैंडलर ने 'श्रीनगर में कुछ आतंकी हमले करने का निर्देश दिया था।' हैंडलर ने उसे हथियार मुहैया कराया। पुलिस ने आगे कहा कि आरोपी बेहद प्रेरित और कट्टरपंथी व्यक्ति था। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान में उसके हैंडलर ने सोशल मीडिया पर उसे कट्टरपंथी बनाया और आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया। साजिश को आगे बढ़ाने के लिए, हैंडलर ने उसे हथियार उपलब्ध कराया जिसके बाद उसने उसे हमले को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया।

# 'जब विपक्ष कमजोर होता है तो देश में तानाशाहों का जन्म होता है', राकेश टिकैत का मोदी सरकार पर निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसानों के प्रदर्शन के बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि जब देश का विपक्ष कमजोर होता है तो देश में तानाशाहों का जन्म होता है। सब राजनीतिक पार्टीयां एक हैं। सत्ता वाले भी और विपक्ष वाले भी। उन्होंने कहा कि ये अपनी सरकार बचाएं... जब देश का राजा ही ये कह रहा है कि हम 400 सीट जीतेंगे तो फिर देश में चुनाव की जरूरत कहां रह गई?... आप इसी चुनाव का नवीकरण कर लीजिए। आप क्यों देश को पागल बना रहे हैं?

राकेश टिकैत ने कहा कि देश में बड़ी पूंजीवाद कंपनिया हैं... उन्होंने एक राजनीतिक पार्टी बना ली है और इस देश पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में दिक्कते आएंगी ही... अगर उनके(किसान) साथ कोई अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनके लिए कोई दिक्कत पैदा की तो ना वो किसान हमसे ज्यादा दूर हैं और ना दिल्ली हमसे ज्यादा दूर है। हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के समीप शंभू में पंजाब से लगती सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश करने वाले किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को शंभू सीमा के समीप हिरासत में भी लिया गया है।



अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया।

## आतंकी पन्नू का बयान, मोदी हाउस पर खालिस्तानी झंडा लगाओ

नई दिल्ली। किसानों के आंदोलन के बावजूद आतंकी पन्नू ने उकसाने बाला बयान जारी किया है। उसने वीडियो में कहा कि मोदी हाउस पर खालिस्तानी झंडा लगाओ। बता दें कि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से किसानों के राजधानी तक मार्च को रोकने के लिए की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के कारण मंगलवार को दिल्ली में यातायात अराजकता फैल गई। अधिकारियों ने आंदोलन और सार्वजनिक समारोहों को प्रतिबंधित करने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। वहीं किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान की आड़ में मोस्ट वांटेड टेररिस्ट गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वार फिर भड़काऊ विडियो जारी किया है। जबकि विडियो का संज्ञान लेते हुए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। अंदेशा है कि किसान आंदोलन की आड़ लेकर देश विरोधी तत्व माहौल खराव करने की कोशिश करेंगे। हालांकि पुलिस को शरारती तत्वों के साथ खासकर सीएए-एनआरसी प्रोटेस्ट के दौरान सक्रिय रहे संदिग्धों पर शिकंजा कसने को कहा गया है। वहीं प्रतिबंधित आतंकी संगठन एसएफजे चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने विडियो में 13 फरवरी को देश विरोध तत्वों को दिल्ली फतह करने के साथ ही आपत्तिजनक बातें कहीं हैं। खुफिया रिपोर्ट के मुताविक 10 से 15 हजार किसान अपने 1000 ट्रैक्टर के साथ दिल्ली की तरफ कूच करने की बात कही गई। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए पुलिस के आला अफसरों ने हर थाना एरिया में पांच से छह टायर किलर तैयार रखने को कहा है।

# 'किसानों पर गोलों की बौछार, ये कैसा अमृतकाल...', अखिलेश-ममता का भाजपा सरकार पर बड़ा वार

**मुंबई (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने किसान आंदोलन को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि किसानों के मार्च को रोकने के लिए आंसूगैस का इस्तेमाल, और (सीमाओं पर) कीलें और बैरिकेड्स लगाना, सब कुछ किया जा रहा है। (केंद्र) सरकार किसानों की आवाज दबाना चाहती है। ये (केंद्र) के वही लोग हैं जिन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने, फसल दर और एमएसपी लागू करने का वादा किया था। इससे अलावा उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि भाजपा राज में ये है भला कैसा अमृतकाल। किसानों पर आँसू गैस के गोलों की बौछार। धिक्कार! धिक्कार!! धिक्कार!!!

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा में प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने की निंदा करते हुए इसे कृषकों पर 'भाजपा का बर्बर हमला' करार दिया। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'जब अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने पर किसानों पर आंसू गैस के गोलों से हमला किया जाएगा तो हमारा देश कैसे तरक्की कर सकता है? मैं भाजपा द्वारा हमारे किसानों पर बर्बर हमले की कड़ी निंदा करती हूं।' उन्होंने कहा, 'उनके विरोध को दबाने के बजाय, भाजपा को अपने बढ़े हुए अहंकार, सत्ता की भूख की महत्वाकांक्षाओं और



निष्प्रभावी शासन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसने हमारे देश को नुकसान पहुंचाया है।'

किसानों के 'दिल्ली चलो' विरोध मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने मंगलवार को अंबाला में शंभू बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। कुछ किसानों ने ट्रैक्टर की मदद से सीमेंट के अवरोधक हटाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा बैरिकेड से दूर रहने की अपील के बावजूद, कई युवा पीछे नहीं हटे और बैरिकेड के ऊपर खड़े रहे। उन्होंने बताया कि जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने लोहे का बैरिकेड तोड़ दिया और उसे घग्गर नदी के पुल से नीचे फेंकने की कोशिश की, तो पुलिस ने आंसू गैस के कई गोले छोड़े।

## गोपालगंज में एआईएमआईएम नेता की गोली मारकर हत्या, लड़ चुके थे चुनाव, नीतीश पर भड़के ओवैसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के गोपालगंज जिले में सोमवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता अब्दुल सलाम की गोली मारकर हत्या कर दी। सलाम दिसंबर के बाद से बिहार में मारे जाने वाले दूसरे एआईएमआईएम नेता हैं। सलाम, जिन्होंने नवंबर 2022 में गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ा था, असफल रहे, ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे, जब दो मोटरसाइकिलों पर चार हमलावरों ने उन पर गोलीबारी की, क्योंकि वह एक रिश्तेदार के साथ पीछे बैठे थे। पुलिस ने कहा कि सलाम को अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना की। औवैसी ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में हमारे सीवान जिला अध्यक्ष आरिफ जमाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. नीतीश कुमार, जब कुर्सी बचाने की होड़ पूरी हो जाए तो कुछ काम कीजिए। हमारे नेता ही निशाने पर क्यों? क्या उनके परिवारों को न्याय मिलेगा? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने तोहफा दिया। गोपालगंज में हमारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता अब्दुल सलाम की हत्या कर दी गई है... सिवान में भी दो महीने पहले हमारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की हत्या कर दी गई थी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि नीतीश कुमार के शासन में कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। वहां राजद नहीं बल्कि भाजपा है लेकिन कानून एवं व्यवस्था का मुद्दा अभी भी जारी है। दुर्भाग्य से, सरकार द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है... जिम्मेदारी सरकार की है। एआईएमआईएम के बिहार प्रवक्ता आदिल हसन आज़ाद ने सलाम को राजनीतिक रूप से अपनी पहचान बनाने वाला एक गैर-विवादास्पद और ईमानदार नेता बताया।

## सीएम एन बीरेन सिंह का बड़ा बयान, बोले- 1961 के बाद मणिपुर में बसने वालों को निकालेंगे बाहर

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि 1961 के बाद राज्य में आने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान की जाएगी और उसे निर्वासित किया जाएगा, चाहे वह किसी भी जाति या समुदाय का हो। आपको बता दें कि पड़ोसी देशों से चिन कुकी जनजाति के अवैध अप्रवासी भी राज्य में उचित दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा जारी एक बयान में, बीरेन सिंह ने कहा कि 1961 के बाद दुनिया के अन्य हिस्सों से राज्य में आने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान की जाएगी और उसे निर्वासित किया जाएगा।

सीएम सिंह ने कहा कि मणिपुर की मूल आबादी का पता लगाने और अवैध प्रवासियों का पता लगाने के लिए जनसंख्या आयोग का गठन किया गया है। जनसंख्या आयोग के सदस्य आईएलपी और 1961 को आधार वर्ष मानकर घर-घर जाकर जनसंख्या सर्वेक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दो श्रेणियां होंगी-स्वदेशी और स्थायी निवासी। जो लोग 1961 से पहले मणिपुर आए, उन्हें स्थायी निवासी माना जाएगा। जो लोग 1961 के बाद आये, उन्हें स्थायी निवासी नहीं माना जायेगा।

राज्य सरकार ने राज्य में विभिन्न परमिटों को पंजीकृत करने, डेटा संग्रह, ट्रैकिंग और आईएलपी की निगरानी के लिए आईएलपी पोर्टल भी लॉन्च किया। आईएलपी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है जो राज्य सरकार द्वारा एक विशिष्ट अवधि के लिए मणिपुर जाने वाले भारतीय नागरिक की आंतरिक यात्रा की अनुमति देने के लिए जारी किया जाता है। एन बीरेन सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में पोस्त की अवैध खेती को खत्म करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सचिवालय में बृहस्पतिवार को इस खतरे को खत्म करने के उपायों और नई रणनीतियों पर विचार-विमर्श के लिए एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

# अमेठी, रायबरेली और वाराणसी में राहुल के साथ यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका गांधी

**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल,पश्चिम बंगाल, विहार,झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी।जहां कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। गौरीगंज के बाबूगंज में राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। न्याययात्रा तेंदुआ में रात्रि विश्राम करेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी करने का दावा किया गया है। अमेठी के अलावा प्रियंका गांधी वाराणसी और रायबरेली के कार्यक्रमों में भी रह सकती हैं। वाराणसी में राहुल गांधी काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे तो वहीं रायबरेली में एक बड़ी जनसभा का आयोजन होना है।

प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र ने न्याय यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा और मार्ग की जानकारी दी। बताया कि राहुल गांधी अठेहा से अमेठी कस्बा, सगरा तिराहा, बरामासी, ताला, टिकरिया बाईपास के रास्ते स्टेट बैंक, वी मार्ट, गौरीगंज कस्बा होते हुए बाबूगंज (निकट टोल प्लाजा ) पहुचेंगी। यहां पर जनसभा होगी। इसके बाद तेदुआ में यात्रा रात्रि विश्राम करके 20 फरवरी को रायबरेली के लिए रवाना होगी। राहुल



गांधी की न्याय यात्रा 16 फरवरी को चंदौली से प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी और पड़ाव में रात्रि विश्राम करेगी। अगले दिन 17 को वाराणसी के गोलगड्डा मंदिर मार्ग से यात्रा शुरू होगी। इसी दिन प्रियंका गांधी के भी यात्रा में शामिल होने की उम्मीद है। इसके बाद यह यात्रा भदोही, प्रतापगढ़ होते हुए 19 को अमेठी पहुंचेगी। 20 को फुर्सतगंज से यात्रा शुरू होगी, फिर रायबरेली होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इन दोनों दिन भी प्रियंका गांधी उपस्थित रह सकती हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि प्रियंका गांधी से यूपी की पूरी यात्रा में मौजूद रहने की अपील की गई है। फिलहाल अभी एक से दो दिन उनकी मौजूदगी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि दोनों नेताओं के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक में रायबरेली सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कहा कि यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल,पश्चिम बंगाल, विहार,झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। कहा कि अमेठी गांधी परिवार की कर्मभूमि है। ऐसे में सभी की निगाहें अमेठी में यात्रा के पहुंचने के बाद सफलता पर टिकी है। पूर्व मंत्री व प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि अमेठी में यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। संगठन प्रभारी मकसूद खान ने कहा संपूर्ण देश की निगाहें न्याय यात्रा को लेकर अमेठी की ओर है। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के हर घर पर जाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश दें। बैठक में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, अनिल सिंह, आशीष शुक्ल, डॉ अरविंद चतुर्वेदी, सेवादल,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,छात्र संगठन,अल्पसंख्यक सहित अन्य फ्रंटल संगठनों ने समेत सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

# पहाड़ों से उतरेगी ठंड, मैदानी इलाकों में होगी बारिश, यूपी, एमपी और बिहार सहित कई राज्यों में गिरेंगे ओले

**कोलकाता (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक जहां शीतलहर और कोहरे की मार से लोग परेशान थे। वहीं, अब जाती हुई ठंड लोगों को और भी सताने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर कई पहाड़ी इलाकों में बारिश के आसार हैं। उत्तरप्रदेश-बिहार सहित कई राज्यों के मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है कि मंगलवार को कई राज्य में बारिश और छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है। सर्द हवाओं और कड़ाके की सर्दी के बाद एक बार फिर ठिठुरन वाली ठंड आपको सता सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों से लेकर उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम ने उत्तर प्रदेश-बिहार और मध्य प्रदेश में छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी बारिश और ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है।

उत्तराखंड के मौसम में बदलाव देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने आज यानी मंगलवार को चोटियों पर हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं आसपास के क्षेत्रो में हल्की बारिश हो सकती है। जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में 3,500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर कई अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, आंधी-बिजली और तेज हवाओं के साथ 14 फरवरी को बिहार में बारिश हो सकती है। बिहार के अलावा, 14 फरवरी को गंगीय पश्चिम बंगाल में रहेगी। वहीं ओडिशा में 15 और 16 फरवरी को, उत्तर प्रदेश में 14 फरवरी के दौरान बारिश का अनुमान है।

राजधानी दिल्ली में सुबह हल्का कोहरा रहा। सर्द हवाओं के साथ बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार व बुधवार को दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश में छिटपुट ओलावृष्टि भी संभव है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की भी संभवाना जताई है। तमिलनाडु में हल्की बारिश संभव है।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 14 February 2024

## स्टेशन पर गोलीबारी में एक की मौत, पांच घायल

न्यूयॉर्क । अमेरिका के सबसे बड़े महानगर न्यूयॉर्क के सिटी सबवे के एक स्टेशन पर गोलीबारी में एक शख्स की मौत हो गई है, जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यहां कई लोगों को गोलियां भी लगी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार शाम 4-38 बजे हुई। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। उसने बताया है कि हमलावरों ने चार पुरुषों और दो महिलाओं को गोली मार दी। यह घटना ब्रॉन्क्स स्टेशन की बताई जा रही है। यहां पर माउंट एडेन और जेरोम एवेन्यू का इंटरसेक्शन है। मिली जानकारी के अनुसर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर हमलावरों ने गोलियां बरसाई। पुलिस ने यह भी बताया कि घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालांकि इस घटना को लेकर किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाए जाने की खबरें आ रही हैं।



## बच्चा पैदा करने पर कंपनी अपने कर्मचारी को दे रही है 62 लाख का इनाम

सियोल । दक्षिण कोरियाई कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए शानदार ऑफर दिया है। कंपनी ने अपने बयान में बताया है कि जो भी कर्मचारी के घर बच्चा पैदा होगा उसे बतौर पुरस्कार के कंपनी 100 मिलियन कोरियन वॉन यानि की करीब 62.34 लाख रुपये देगी। सियोल बेस्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी बूयंग ग्रुप ने सोमवार को एक बयान में कहा कि यह ऑफर पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए है। दरअसल, एक दक्षिण कोरियाई कंपनी देश की बेहद कम जन्म दर को ठीक करने में मदद के लिए लाखों डॉलर का भुगतान करने को तैयार है। बता दें कि वर्तमान में ये दर 0.78 है, जो दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर है। स्टैटिक्टिक्स कोरिया के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह दर 2025 तक 0.65 तक पहुंच सकती है। कंपनी अब वित्तीय तौर पर पैसा देकर कर्मचारियों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए कह रही है। कई यूरोपीय देशों को भी उम्रदराज़ आबादी का सामना करना पड़ता है, लेकिन उस परिवर्तन की गति और प्रभाव आप्रवासन द्वारा कम कर दिया जाता है। हालाँकि, दक्षिण कोरिया, जापान और चीन जैसे देशों ने अपनी कामकाजी उम्र की आबादी में गिरावट से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर आप्रवासन से परहेज किया है।

## सर्वे में हुआ खुलासा, रशियन-कोरियन महिलाएं होती हैं बेहद खूबसूरत

लंदन । दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाएं होने का खिताब रशियन-कोरियन महिलाओं को जाता है। यदि गूगल सर्च को देखें तो लोग अक्सर यह सवाल पूछते रहते हैं। यही वजह है कि इससे जुड़े हुए सर्वे भी होते रहते हैं। ?जिसके बाद महिलाओं को सबसे सुंदर करार देने का निर्णय होता है। जानकारी के मुता?बिक यूरोपीय संगठन की ओर से भी एक सर्वे किया गया, जिसमें परीक्षकों ने महिलाओं की त्वचा के रंग और आंखों के रंग सहित कई चीजों को परखा गया। अगर आप सोच रहे हैं कि ये देश भारत या कोई एशियन कंट्री है, तो ऐसा नहीं है। इस लिहाज से दो देशों का नाम ज्यादा लिया जाता है। एक तो पिछले दो साल से युद्ध की विभीषिका झेल रहा देश यूक्रेन है। यहां की महिलाएँ पूरी दुनिया में आकर्षक मानी जाती हैं। हालांकि कई वेबसाइट्स तुर्की की महिलाओं को भी यूक्रेन के बराबर ही खूबसूरत मानते हैं। यूक्रेन और तुर्की के बाद स्वीडन की महिलाओं को सबसे सुंदर माना जाता है। इसके अलावा पोलैंड, नॉर्वे, बेलारूस, और रूस की महिलाएं भी अपनी अलहदा खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। सर्वे के मुताबिक इजरायली महिलाएं खूबसूरत तो होती हैं, लेकिन हिंसक होती हैं। इसका कारण यहूदी महिलाओं को 2 साल तक सेना में सेवा करनी होती है, ऐसे में वो सुंदरता में अगर कहर हैं तो हिंसा में काल हैं। फ्रांस और जर्मनी, पश्चिमी और मध्य यूरोप में सबसे सुंदर महिलाओं वाले देश हैं। यहां की महिलाएं एक अलग ही चार्म रखती हैं। इनकी आंखों और बालों का रंग काफी आकर्षक होता है। यूरोपीय संगठन द्वारा सर्वे के नतीजे के आधार पर ये बताया गया है। यही वजह है ज्यादा यूरोपीय देशों की बात की गई है। वैसे सुंदर महिलाओं की लिस्ट में ब्राज़ील और अमेरिकन महिलाओं का भी नाम आता है, जबकि कोरियन महिलाएं अपनी खूबसूरत त्वचा के लिए ही पहचानी जाती हैं। एशियन देशों की बात करें तो भारत और पाकिस्तान की महिलाएं भी सुंदरता के साथ-साथ शार्प फीचर्स की वजह से सुंदर मानी जाती हैं। इनके बालों और आखों का काला रंग और साधारण सुंदरता भी दिल जीत लेती है।

## मिस्र ने इजरायली वित्त मंत्री पर गाजा युद्धविराम वार्ता में बाधा डालने का लगाया आरोप

काहिरा। मिस्र ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच पर आरोप लगाया है कि वह गाजा युद्धविराम वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। टाइम्स ऑफ इजरायल समाचार वेबसाइट ने मिस्र के अधिकारियों के हवाले से कहा कि श्री स्मोट्रिच ने शनिवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बंधक वार्ता के लिए इजरायली प्रतिनिधि को मिस्र नहीं भेजने का आह्वान किया। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री स्मोट्रिच का गैर-जिम्मेदराना और भड़काऊ बयान देना जारी है, जिससे दिन-ब-दिन संघर्ष बढ़ रहा है। इससे गाजा पट्टी में संकट को रोकने के किसी भी प्रयास को विफल करता है। मंत्रालय के अनुसार इस तरह के बयान पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, क्योंकि मिस्र का अपने क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण है और वह किसी भी पक्ष को अपनी कमियों को सही ठहराने के किसी भी असफल प्रयास में मिस्र का नाम शामिल करने की अनुमति नहीं देता है। उल्लेखनीय है कि मिस्र गाजा पट्टी में शांति लाने और फिलिस्तीनी- इजरायली बंदियों को रिहा करने के लिये मिस्र-कतरी प्रायोजन के तहत वार्ता करने का प्रयास कर रहा है।

## इजरायली सेना ने राफा में 2 बंधकों को बचाया

यरूशलम। इजरायल के विशेष बलों ने दो बंधकों को रिहा करने के लिए सोमवार तड़के गाजा के राफा में हमलों की शुरुआत की, जिसमें कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। तीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इज़रायल में इन हमलों को वीरता के रूप में मनाया गया वहीं इस ऑपरेशन ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में डर का माहौल पैदा कर दिया। इससे चलते एन्क्लेव के 20 लाख से अधिक निवासियों में से आधे से अधिक गाजा के अन्य हिस्सों में इजरायली बमबारी से शरण मांग रहे है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अपडेट में कहा कि रात भर में कम से कम 67 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय टीवी चैनलों पर प्रसारित छवियों और वीडियो फुटेज में एक मस्जिद सहित क्षेत्र की इमारतों को व्यापक क्षति दिखाई गई। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायल ने सोमवार तड़के राफा क्षेत्र पर करीब 40 हवाई हमले किए, जिसमें जमीनी स्तर पर भारी गोलाबारी की गई। राफा में अल-कुवैती अस्पताल के निदेशक सुहैब अल-हम्स ने बताया कि दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे उनके अस्पताल में बड़ी संख्या में घायल, दर्दनाक अंग-भंग और गंभीर रूप से जलने से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंचे। राफा में फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि विशेष इजरायली बल गुप्त रूप से शहर के मध्य में शबौरा पड़ोस में स्थित एक इमारत में पहुंचे और हमास के सदस्यों के साथ झड़प के बाद दो बंदियों को मुक्त करा लिया गया। इज़रायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि बचाव के बाद इज़रायली बलों और हमास लड़ाकों के बीच भारी लड़ाई हुई। सेना ने भारी हवाई हमले किए। उन्होंने कहा, 'इजरायली वायु सेना द्वारा दक्षिणी कमान के साथ मिलकर हवाई कवरेज और हमलों की लहर थी।' इज़रायली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में लगभग 130 बंधक बने हुए हैं, जिनमें से कम से कम 30 के मारे जाने की सूचना है। पिछले नवंबर में एक महिला सैनिक के बचाव के बाद, रात के समय का ऑपरेशन केवल दूसरा उदाहरण है जिसमें इजरायली बलों ने गाजा में बंधकों को सुरक्षित रूप से छुड़ाने का दावा किया है। रिहा किए गए दो बंधकों लुईस हार (70)और फर्नांडो साइमन मार्मन (60) दोनों के पास अर्जेंटीना की नागरिकता भी है - को विमान से तेल अवीव के बाहर शीबा अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के उप महानिदेशक, येल फेनकेल नीर ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी चिकित्सा जांच की गई और उनकी हालत बेहतर है। इज़रायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी किए गए वीडियो फुटेज में दोनों को अस्पताल में दिखाया गया है।



रियो डि जिनेरियो में कार्निवल परेड में अपनी कला का प्रदर्शन करती हुई एक कलाकार।

## ध्वनि की गति से नौ गुना तेज है रफ्तार मिसाइल रुस ने दागी

कीव। रूस ने बीते सात फरवरी को यूक्रेन पर हमले के दौरान हाइपरसोनिक जिरकॉन मिसाइल दागी थी। कीव के एक वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान के फारेंसिक परीक्षणों के प्रमुख ने सोमवार को यह जानकारी दी। संस्थान के निदेशक आलेक्जेंडर रुविन ने प्रारंभिक विश्लेषण का हवाला देते हुए अपने टेलीग्राम चैनल पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिसाइल के टुकड़ों और उन पर दर्ज विवरण से उसके जिरकान होने की बात प्रमाणित होती है। कीव के एक वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान के फारेंसिक परीक्षणों के प्रमुख ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिसाइल के टुकड़ों और उन पर दर्ज विवरण से उसके जिरकान होने की बात प्रमाणित होती है। उन्होंने मिसाइल मलबे को दिखाने के लिए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। उल्लेखनीय है रूस ने जून 2022 में कहा था कि उसने जिरकॉन का परीक्षण पूरा कर लिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जिरकॉन को बेजोड़ हथियार प्रणालियों की नई पीढ़ी का हिस्सा बताया था। बता दें कि सात फरवरी को यूक्रेन में हुए हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और आवासीय भवनों और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति हुई थी। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से इस बारे में अभी तक कोई बयान नहीं दिया गया है। उन्होंने मिसाइल मलबे को दिखाने के लिए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। यह मिसाइल 1,000 किमी की दूरी तय करती है। इसकी रफ्तार ध्वनि की गति से नौ गुना तेज है। सैन्य विश्लेषकों के अनुसार, इसकी हाइपरसोनिक गति बहुत मायने रख सकती है।

# पाकिस्तान में होंगे दो प्रधानमंत्री, नवाज-बिलावल के बीच हुआ समझौता

**वाशिंगटन । (एजेंसी)।** 8 फरवरी को हुए चुनाव के बाद से ये सवाल लगातार उठ रहे हैं कि कौन पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री बनेगा। पाकिस्तान से जो खबरें आ रही हैं उसके अनुसार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद को लेकर पीएमएल नवाज और बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच डील फाइनल हो गई है। पाकिस्तान में दो प्रधानमंत्री का फॉर्मूला तय किया गया है। पाकिस्तान में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने के बाद वहां जोड़ तोड़ की राजनीति भी लगातार जारी है। इमरान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने पाले में लाने की कोशिशें भी तेज हो गई हैं। अगर पीएमएलएन को पूर्ण बहुमत मिलता तो नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ खुद उनके प्रधानमंत्री बनने का ऐलान कर चुके थे। लेकिन पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक नवाज शरीफ गठबंधन सरकार संभालने के इच्छुक नहीं थे। उन्हें लगता है कि कमजोर सरकार में फैसले लेना मुश्किल होगा। वहीं पिछले बार गठबंधन सरकार में विदेश मंत्री रहे बिलावल भुट्टो ने चुनाव से पहले ही साफ कर दिया था कि वो इस बार नवाज सरकार में मंत्री नहीं बनेंगे। पीपीपी इस बार बिलावल



भुट्टो को प्रधानमंत्री बनाने के मुद्दे पर अड़ी हुई है। पाकिस्तान की मीडिया के अनुसार, नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने नई सरकार के गठन का फॉर्मूला तैयार किया है। इसके अनुसार दो प्रधानमंत्री होंगे। पहेल तीन साल नवाज शरीफ और फिर बिलावल भुट्टो को पीएम पद मिलेगा। बता दें कि पाकिस्तान चुनाव में पीएमएलएन को 75 सीटें मिली हैं। पीपीपी के हिस्से 54 सीट आई है। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान ने 17 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## अमेरिकी चुनाव में तुरुप का पत्ता साबित हो सकती हैं मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट



**बुडापेस्ट (एजेंसी)।** वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में 5 नवंबर को इसी साल चुनाव होने हैं। डेमोक्रेटिक और रिपब्लकिन दोनों ही चुनाव की तैयारी में जुट गए है। ऐसा लगता है कि आखिरी लड़ाई डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच होगी। अमेरिका चुनाव में इस बार मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट की चर्चा जोरों पर है। कई ट्रम्प समर्थक महसूस कर रहे हैं कि डेमोक्रेट अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए पॉप स्टार का समर्थन प्राप्त करने के लिए कर रहे हैं। अरबपति वैश्विक पॉप स्टार ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन का समर्थन किया जब उनका पहली बार ट्रम्प के खिलाफ मुकाबला हुआ। इस वर्ष की दौड़ में उस अभी तक किसी उम्मीदवार के समर्थन का ऐलान अभी तक नहीं किया गया है।

टेलर स्विफ्ट का समर्थन राष्ट्रपति पद की कड़ी दौड़ में मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। मतदान डेटा से पता चलता है कि ट्रम्प वर्तमान में एक काल्पनिक आमने-सामने के मैच में देश भर में बाइडेन से 2 प्रतिशत वोट से आगे चल रहे हैं। स्विफ्ट अपने फैन बेस के आधार के कारण राजनीतिक प्रभाव रखती है, जिसे स्विफ्टीज़ के नाम से जाना जाता है। वैश्विक स्तर पर उसके बिकने वाले संगीत समारोहों में यात्रा करके स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में अरबों का निवेश करती है। सर्वेक्षण में पाया गया कि 18 प्रतिशत मतदाताओं का कहना है कि टेलर स्विफ्ट द्वारा समर्थिक उम्मीदवार को वे वोट दें इसकी काफी संभावना है। जनवरी में कराए गए सर्वे में 45 फीसदी वोटरों ने कहा कि वे टेलर स्विफ्ट के प्रशंसक हैं और वे उस प्रत्याशी को वोट दे सकते हैं जिसका समर्थन टेलर स्विफ्ट करेंगी। बता दें कि टेलर स्विफ्ट की पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति नापसंदही जगजाहिर है। उन्होंने 2020 के एक ट्वीट में श्वेत वर्चस्व और नस्लवाद की आग भड़काने के लिए ट्रंप की निंदा की थी।

## 30 साल के संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत, अजरबैजान की गोलीबारी में 2 अर्मेनियाई सैनिक की मौत

आर्मेनिया ने आज कहा कि देश की अत्यधिक सैन्यीकृत सीमा पर अजरबैजान की गोलीबारी में उसके दो सैनिक मारे गए हैं, जो पिछले साल 30 साल से अधिक समय से चले आ रहे रुक-रुक कर युद्ध को समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते पर बातचीत शुरू होने के बाद पहली घातक घटना है। आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि दक्षिणी अर्मेनियाई गांव नेरकिन हैंड के पास एक युद्ध चौकी पर उसके दो सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। अज़रबैजान की सीमा सेवा ने एक बयान में कहा कि उसने एक 'उकसावे' के प्रतिशोध में 'बदला लेने की कार्रवाई' की, जैसा कि अर्मेनियाई बलों ने एक दिन पहले कहा था। इसमें कहा गया है कि आगे के उकसावे का जवाब अब से अधिक गंभीर और निर्णायक उपायों से दिया जाएगा। आर्मेनिया का सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व इस घटना के लिए पूरी तरह ज़िम्मेदार है। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अर्मेनियाई बलों ने सोमवार शाम को नेरकिन हैंड से लगभग 300 किमी दूर सीमा के उत्तर-पश्चिमी खंड पर बाकू के ठिकानों पर गोलीबारी की। आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय ने इस बात से इनकार किया है कि ऐसी कोई घटना हुई है। नागोर्नो-काराबाख को लेकर अर्मेनिया और अजरबैजान तीन दशकों से अधिक समय से संघर्ष में बंद हैं। सितंबर में अज़रबैजान ने ज़बरदस्त हमले में काराबाख को वापस ले लिया, जिससे क्षेत्र के लगभग सभी अर्मेनियाई निवासियों का तेजी से पलायन हुआ, और संघर्ष को औपचारिक रूप से समाप्त करने के लिए एक संधि के लिए दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दबाव पड़ा।

## नीदरलैंड के पूर्व पीएम ने पत्नी के हाथ में हाथ डाले ली अंतिम सांस

**कीव (एजेंसी)।** नीदरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी ने जो किया, वो सदियों याद किया जाएगा। प्रेम करने वालों के लिए हमेशा मिसाल की तरह होगा। दोनों ने प्रेम किया, शादी की और जब मौत की तारीख नजदीक दिखी तो हाथ में हाथ डाले अंतिम सांस भी साथ ली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नीदरलैंड्स के पूर्व प्रधानमंत्री ड्रीस वैन एग्ट 2019 में फिलिस्तीनियों के एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे। उसी वक?त उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ और फिर कभी वे पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए। उनकी पत्नी यूजिनी वान एग्ट-क्रेकेलबर्ग उनके साथ रहीं। हरपल उनकी सेवा करती रहीं। मगर उम्र बढ़ने के साथ उनकी भी तबीयत बिगड़ती चली गई। चलना फिरना मुश्किलि हो गया। दोनों एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते थे। सोचा साथ जी नहीं सकते, तो साथ मर तो सकते हैं। इसीलिए दोनों ने इच्छामृत्यु चुनी। 93 साल की उम्र में ड्रीस वैन एग्ट और उनकी पत्नी यूजिनी ने कानून के मुताबिक इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया और 5 फरवरी को दोनों ने अपने घर के अंदर एक दूसरे के हाथ में हाथ डाले आखिरी सांस ले ली। मानवाधिकार संगठन के मुताबिक वह अपनी पत्नी यूजिनी वान के साथ और हाथों में हाथ डालकर मरे, जिनके साथ वह 70 साल से अधिक समय तक रहे। दोनों को डुओ यूथेनेसिया दिया गया। यह एक घातक इंजेक्शन होता है, जिसे लेने के तुरंत बाद किसी की भी मौत हो जाती है। नीदरलैंड में इच्छामृत्यु कानून है, जिसके तहत गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोग कानूनी तौर पर इच्छामृत्यु के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों को उनके गृहनगर निजमेगेन में एक निजी समारोह में दफनाया गया। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दोनों की ही उम्र 93 साल थी। ड्रीस का 93वां जन्मदिन इसी 2 फरवरी को था।

# ट्रंप ने अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन को धमकी देकर सैनिकों को खतरे में डाला

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** नाटो देशों के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हाल के चुनाव प्रचार रैली में एक सदस्य देश के लिए बेतुका बयान देकर संगठन के भविष्य को कमजोर करने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा था कि आप भुगतान मत कीजिए, हम आपकी रक्षा नहीं करते। ट्रंप ने हाल ही में एक प्रचार अभियान के दौरान नाटो के भविष्य के बारे में आशंकाएं जताई थीं, जिसके बाद स्टोलटेनबर्ग ने दुनियाभर के नेताओं को चेतावनी जारी की। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ट्रंप ने कुछ नाटो देशों की यह कहकर आलोचना की थी कि वे कथित तौर पर उन लक्ष्यों को पूरा नहीं करते, जिनके लिए संगठन बनाया गया था। उन्होंने दक्षिण कैरोलिना की एक रैली में कहा कि गठबंधन में शामिल देशों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी जीडीपी का कम से कम 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करेंगे। ट्रंप ने विशेष रूप से उस बातचीत को याद किया, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह उस समय एक देश



के राष्ट्रपति के साथ हुई थी, जब वह पद पर थे। उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के राष्ट्रपतियों में से एक ने खड़े होकर कहा कि ठीक है सर, अगर हम भुगतान नहीं करते हैं और रूस हम पर हमला करता है, तो क्या आप हमारी रक्षा करेंगे? एक बयान में कहा गया कि ट्रंप का हमला नागरिकों और सैनिकों, दोनों को खतरे में डाल सकता है।

स्टोल्टेनबर्ग ने बयान में कहा कि कोई भी सुझाव कि सहयोगी एक-दूसरे का बचाव नहीं करेंगे, अमेरिका सहित हमारी पूरी सुरक्षा को कमजोर कर देगा और अमेरिकी और यूरोपीय सैनिकों को खतरे में डाल देगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका एक मजबूत और प्रतिबद्ध नाटो सहयोगी बना रहेगा। नाटो के चार्टर के अनुसार यदि सदस्यों पर हमला होता है तो उन्हें दूसरों की मदद के लिए आगे आना होगा। ट्रंप के हालिया बयान की अमेरिका की सीमाओं के भीतर भी आलोचना हुई। राष्ट्रपति जो बाइडेन की चुनाव प्रचार टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि अगर मेरे प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप सत्ता हासिल करने में सक्षम हैं, तो वह स्पष्ट करें कि अगर रूस हमला करता है तो वह हमारे नाटो सहयोगियों को यह अनुमति देंगे कि वे जो चाहें करें। दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली जो 2024 जीओपी नामांकन के लिए ट्रंप के खिलाफ दौड़ में हैं, ने कहा कि नाटो पिछले 75 वर्षों की सफलता की कहानी है। अब हम चाहते हैं कि नाटो सहयोगी अपना वजन कम करें। लेकिन ऐसे तरीके हैं, जिनसे आप वहां बैठे बिना और रूस को यह बताए बिना कि इन देशों के साथ अपने तरीके से काम कर सकते हैं, ऐसा कर सकते हैं।

# पाकिस्तान में किसी भी सरकार बने, हम साथ काम करने के लिए तैयार: अमेरिका

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आम चुनावों के बाद किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने पर नेताओं की खरीद-फरोख्त संबंधी अफवाहों और नेशनल असेंबली की सीट पर परिणाम घोषित करने में हुई देरी के बीच अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान में सत्ता में आने वाली किसी भी सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है।

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को हुए आम चुनाव के परिणामों में देरी के लिए मतदान वाले दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के निलंबन को जिम्मेदार ठहराया जबकि उसने पहले कहा था कि चुनाव प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) इंटरनेट पर निर्भर नहीं है और इंटरनेट बंद होने से काम प्रभावित नहीं होगा। आयोग ने दावा किया कि परिणामों में देरी से ''किसी विशिष्ट राजनीतिक दल'' को नुकसान नहीं हुआ है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि अभी तक कोई नयी पाकिस्तानी सरकार बनी है। मेरा मानना है कि सरकार के गठन को लेकर अब भी चर्चा जारी है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन एक बात हमने चुनावों से पहले कही थी और हम फिर से स्पष्ट करेंगे कि पाकिस्तानी लोग जिसे भी अपना प्रतिनिधि चुनेंगे, हम उस सरकार के साथ काम करेंगे।'' मिलर ने पाकिस्तान के चुनावों के दौरान मतों से छेड़छाड़ के आरोपों के बारे में सवाल किए जाने पर कहा, ''जहां तक धांधली के आरोपों का सवाल है, तो हम चाहेंगे कि इसकी पूरी जांच हो।''

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने101सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 सीट मिलीं, जबकि विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिली हैं। बाकी 12 सीट पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की। पीटीआई ने शुरू में सरकार बनाने का दावा किया था, लेकिन उसकी



संभावनाएं बाद में कमजोर पड़ने लगीं। सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी को प्रत्यक्ष मतदान से निर्वाचित 133 सदस्यों के समर्थन की जरूरत होगी। कुल मिलाकर, साधारण बहुमत हासिल करने के लिए 336 में से 169 सीट की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षित सीट भी शामिल हैं।

## महिला वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना चौथे नंबर पर पहुंचीं

**दुबई,** स्मृति मंधाना ने दो पायदान की छलांग लगाते हुए नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में महिला वनडे बल्लेबाजों की सूची में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। इंग्लैंड की नट शिवर ब्रंट, श्रीलंका की चामरी अथापथु और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं। मंधाना की उन्नति को बल्ले से उनके लगातार प्रदर्शन से मदद मिली, खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में, जहां उन्होंने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में 34 और 29 के स्कोर के साथ अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने न केवल उनकी टीम को जीत दिलाई बल्कि उन्हें रैंकिंग सीढ़ी पर भी ऊपर पहुंचाया। एश्ले गार्डनर तीन स्थान गिरकर 22वें नंबर पर आ गईं, जबकि फोएबे लीचफील्ड भी दो स्थान नीचे खिसक गईं। ताहलिया मैकग्रा बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान के फायदे से 30वें नंबर पर पहुंच गईं। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ट को गिरावट का सामना करना पड़ा और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गईं। दुर्जेय एलिसा हीली एंड कंपनी के खिलाफ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए, वोल्वार्ट ने संघर्ष किया और 2.33 की औसत से केवल सात रन ही बना सकीं। उनके निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें अपनी पिछली रैंकिंग त्यागनी पड़ी, जिससे मंधाना के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया। लेकिन यह सिर्फ बल्लेबाज़ नहीं थे जिनकी रैंकिंग में बदलाव देखा गया; हरफनमौला खिलाड़ियों और गेंदबाजों की भी हलचल देखने को मिली। दक्षिण अफ्रीका के एलिज़-मैरी मार्क्स की उल्लेखनीय वृद्धि, ऑलराउंडरों की रैंकिंग में 34 स्थान की बढ़त के साथ 75वें स्थान पर पहुंच गई, जिससे खेल में उभरती प्रतिभा की गहराई का पता चला।

# राहुल इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हुए

**राजकोट ।**

बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 15 फरवरी से यहां होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। राहुल को फिट नहीं होने के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है। वह अपनी चोट से अब तक उबर नहीं पाये हैं। राहुल को बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। साथ ही कहा गया था कि फिट होने पर ही उन्हें टीम में रखा जाएगा। वहीं ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर गये हैं और उनके तीसरे टेस्ट में खेलने की संभावना है। राहुल अभी बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि राहुल चौथे टेस्ट में खेल पायेंगे।

राहुल को हैदराबाद में हुए पहले टेस्ट के दौरान दाहिनी जांघ में खिंचाव हुआ था। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। राहुल की जगह पर खेलने के लिए कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को बुलाया गया है। ये दोनो ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) की ओर से खेलते हैं। पडिक्कल ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने भारत ए की ओर से खेलते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ काफी रन बनाये थे। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को तीसरे टेस्ट मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत के विकल्प के तौर पर रखा जाएगा। पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि नये विकल्पों की तलाश की जा रही है।

**इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए भारतीय टीम:**



रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल*, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# दोहा ओपनर में स्वीयाटेक ने क्रिस्टिया को हराया





**दोहा।** दो बार की गत चैंपियन इगा स्वीयाटेक ने दूसरे दौर में रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर कतर ओपन अभियान की शुरुआत की। स्वीयाटेक को शुरुआती दौर में बाई मिली । उनका अगला मुकाबला एरिका एंड्रीवा और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा के बीच मैच की विजेता से होगा। स्वीयाटेक उन पांच महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने दोहा में दो बार एकल खिताब जीता है, और वह इस आयोजन में तीन खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने 2022 और 2023 में यह खिताब जीता है। डब्ल्यूटीए के अनुसार, 2013-15 तक मियामी में सेरेना विलियम्स के जीतने के बाद से स्वीयाटेक लगातार तीसरे साल किसी भी डब्ल्यूटीए टूर इवेंट को जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रही हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी की सोमवार को डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में यह 68वीं जीत है। केवल कैरोलीन वोज्नियाकी (89) और विक्टोरिया अजारेंका (79) ने 23 साल की होने से पहले टूर्नामेंट स्तर पर अधिक जीत दर्ज की है। स्वीयाटेक ने दोहा में अपने पिछले नौ मैच जीते हैं। जिसमें लगातार 15 सेट शामिल हैं। अपनी 2022 की जीत के पहले मैच में उन्होंने विक्टोरिजा गोलुबिक को तीन सेटों में हराया और तब से कतर में एक भी सेट नहीं हारा है।

## बल्लेबाज सौरभ तिवारी ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली ।**

झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। सौरभ ने कहा कि वह राजस्थान के साथ 16 फरवरी से जमशेदपुर में होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले के बाद पेशेवर क्रिकेट नहीं खेलेंगे। तिवारी ने अपने 17 साल के करियर में झारखंड की ओर से घरेलू क्रिकेट खेला है। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। भारतीय टीम में पहुंचने पर उन्हें बाएं हाथ का धोनी भी कहा जाने लगा था। सौरभ ने आईपीएल में भी 4 फ्रेंचाइजी टीमों की ओर से खेला है। इस खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा को लेकर कहा कि इस यात्रा को अलविदा कहना थोड़ा कठिन है। मेरा मानना है कि यह संन्यास के लिए सही समय है क्योंकि अगर आप राष्ट्रीय टीम और आईपीएल में नहीं खेल रहे हो तो फिर टीम में किसी युवा खिलाड़ी के लिए जगह खाली करना सही रहेगा।




हमारी टेस्ट टीम में भी कई युवा खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है और इसलिए मैंने यह फैसला लिया है। सौरभ ने भारतीय टीम की तरफ से साल 2010 में तीन एकदिवसीय मैच खेले थे जिसमें उन्होंने 49 रन बनाए। उन्होंने अब तक 115 प्रथम श्रेणी मैचों में 47.51 की औसत से 8030 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 22 शतक और 34 अर्धशतक लगाये हैं। आईपीएल में उन्होंने 93 मैच में 28.73 की औसत से 1494 रन बनाए। उन्होंने 181 टी20 मैच भी खेलते हुए 3454 रन बनाए हैं।

## रोहित के लिए टीम चयन आसान नहीं, कम अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उतरना पड़ेगा



**लंदन ।**

इंग्लैंड के खिलाफ 15 फरवरी से होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। कप्तान रोहित शर्मा की इस टीम के तीन खिलाड़ी चोटिल होने से बाहर हैं जबकि विराट कोहली ने नाम वापस ले लिया है। ऐसे में टीम को गैर अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उतरना पड़ेगा। टीम की परेशानी कुछ खिलाड़ियों के खराब फार्म से भी बढ़ गयी है। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा के सामने सबसे कठिन अंतिम ग्यारह का चयन है। सीरीज में भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड की मजबूत टीम है। भारतीय कप्तान की परेशानी इस कारण से भी बढ़ गयी है कि यह इस सीरीज से पहले कई अनुभवी खिलाड़ियों को खराब फॉर्म के कारण बाहर होना पड़ा है। चयनकर्ताओं ने लगातार अवसरा देने के बाद भी रन बनाने में विफल रहे खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से चार खिलाड़ियों को बाहर किया जा गया है। इसमें अनुभवी अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं श्रेयस अय्यर को लेकर कुछ भी साफ नहीं है पर उनको भी बाहर किये जाने का कारण खराब फॉर्म ही है। युवा ईशान किशन को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत को अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल के चोटिल होने के कारण भी नुकसान हुआ है हालांकि रविन्द्र जडेजा फिट हो गये हैं और उनकी टीम में वापसी हुई है।

## ध्रुव इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में कर सकते हैं पदार्पण

**नई दिल्ली ।**

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ 15 फरवरी से राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में डेब्यू कर सकते हैं। पहली बार टेस्ट दल में शामिल जुरेल को जगह मिलना इसलिए तय माना जा रहा है क्योंकि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। भरत विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी में प्रभावित नहीं कर पाये थे। ऐसे में उनकी जगह जुरेल को अवसर दिया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भरत को एक और अवसर मिलने की संभावना बेहद कम है। वह इससे पहले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी प्रभावित नहीं कर पाये थे। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में उनक प्रदर्शन कमजोर रहा। उन्होंने पिछली 12 टेस्ट पारियों में 221 रन बनाए। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 20.09 रहा।

भरत की बल्लेबाजी के साथ ही विकेटकीपिंग भी अच्छी नहीं रही। वह अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये। वहीं जुरेल एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उनका रवैया भी अच्छा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश, इंडिया ए और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में यदि राजकोट में जुरेल को टेस्ट डेब्यू करते हुए देखा जा सकता है। जुरेल ने 15 फर्स्ट क्लास मैचों में 46.47 की औसत से 790 रन बनाये हैं। उनके नाम एक शतक और 5 अर्धशतक भी शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 249 रन रहा है। इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली थी।




दूसरी ओर भरत ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में मिले अवसरों को खो दिया। उन्होंने चार पारियों में 23 की औसत से केवल 92 रन बनाए , इस दौरान उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी नहीं रही।

### संक्षिप्त समाचार



## टेस्ट टीम में जगह मिलने से उत्साहित हैं पडिक्कल

### बिमारी से उबरकर फिट होना थी चुनौती

**मुम्बई ।** कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए केएल राहुल के फिट नहीं होने के कारण टीम में शामिल किया गया है। राहुल जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से उबर नहीं पाये हैं। इसी कारण पडिक्कल को टेस्ट टीम में जगह मिली है। टीम में जगह मिलने से उत्साहित पडिक्कल ने कहा कि उनके लिए 2022-23 सत्र में पेट की समस्या से उबर कर फिट होना सबसे बड़ी चुनौती थी। इस खिलाड़ी ने कहा कि वह काफी बीमार पड़ते रहे और ऐसे में फिट होना उनके लिए जरुरी था। टेस्ट टीम से खेलना उनके लिए हमेशा एक सपने की तरह रहा है। यह अवसर काफी मुश्किल से आया है। साथ ही कहा कि टीम में जगह मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि मैंने जो भी कड़ी मेहनत की है उसका फल मिला है। साथ ही कहा कि मेरे साथ बने रहने के लिए मेरे परिवार और शुभचिंतकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा, बीमारी से वापसी करना बहुत कठिन था। सबसे बड़ी चुनौती शारीरिक रूप से फिट होना था। मैंने 10 किलो वजन कम किया था और मुझे सही खाना खाना था और मांसपेशियों और ताकत वापस पाने पर ध्यान दिया था। रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले देवदत्त पडिक्कल ने अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए शतक और पचास रन बनाए थे।

## विराट का नहीं खेलना नुकसानदेह पर युवाओं के पास है अवसर : ब्रॉड

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के इस सीरीज में नहीं खेलने से उसका आकर्षण कम हुआ है। विराट ने निजी कारणों से इस सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। ब्रॉड ने कहा,ये सीरीज के लिए नुकसानदेह है कि विराट बाहर हैं। वह एक चैंपियन खिलाड़ी हैं पर हमेशा की तहर ही परिवार पहले है। ब्रॉड के अनुसार विराट के बाहर होने से इस सीरीज में युवाओं के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस सीरीज में अपने को साबित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि युवाओं के बल पर ही हमने पाकिस्तान में हमने सीरीज 3-0 से सीरीज जीती थी। न्यूजीलैंड में भी हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा था। आक्रामक रणनीति से हम खेल को आगे ले जाने में सफल रहे हैं। यह पहला मौका होगा जब विराट घरेलू धरती पर पूरी सीरीज से बाहर रहेंगे। भारतीय टीम ने हैदराबाद में पहला टेस्ट हारने के बाद विशाखापत्तन में हुए दूसरे टेस्ट में जीत से अच्छी वापसी की है ओर सीरीज अभी बराबरी पर है।







## धोनी ने सात नंबर जर्सी का राज बताया

**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने खेल के दौरान सात नंबर की जर्सी पहनने के कारण बताये है। धोनी ने एक कार्यकम में कहा कि मेरा जन्म 7 जुलाई को हुआ, जो 7वां महीना भी है। वहीं जन्म का साल 1981 था, इसलिए 8 घटा 1 बराबर 7 आया। इसलिए जब उन्होंने मुझसे पूछा कि आपको कौन सा नंबर चाहिए तो मैंने 7 नंबर चुना। धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 7 नंबर की जर्सी पहनकर की थी और इसका समापन भी इसी नंबर के साथ किया। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने धोनी के संन्यास लेने के बाद उनके सम्मान में गत वर्ष 7 जर्सी को रिटायर कर दिया था। इस प्रकार क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट में धोनी के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान दिया है। इससे पहले सचिन तेंदुलकर की 10 नंबर जर्सी भी रिटायर कर दी गयी थी। इसका मतलब यह है कि अब कोई भी खिलाड़ी अब पुरुष क्रिकेट में नंबर 7 या नंबर 10 की जर्सी नहीं पहन सकेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले धोनी अभी आईपीएल में सक्रिय है। आईपीएल 2023 जीतने के बाद धोनी ने अपने घुटने की भी सर्जरी करवाई थी पर अब वह फिट होने के बाद आईपीएल 2024 में वापसी के लिए तैयारी हैं। रांची में नेट्स में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया। अब जब धोनी अपने सत्र के लिए मैदान पर उतरेंगे तो सभी की नजरें उन पर होंगी।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारतीय महिला टीम चीन से हारी



**राउरकेला ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में चीन के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में भारतीय टीम को शुरुआत में बढ़त मिल गयी थी पर वह उसे बरकरार नहीं रख पायी। भारतीय महिला हॉकी टीम की ओर से संगीता कुमारी ने 14 वें मिनट में ही एक गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद चीन की ओर से गु बिंगफेंग ने 53 वें मिनट में एक गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। वहीं जीयू बिंगफेंग ने 53 वें मिनट में एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी जो अंत तक कायम रही और चीन की टीम 2-1 से मैच जीतने में सफल रही। वहीं भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही बढ़त ले ली थी। दोनों ही टीमों ने अपनी लय बरकरार रखी और इस दौरान उन्हें कई पेनल्टी कॉर्नर भी मिले। दूसरी ओर भारतीय टीम अपने तीन पेनल्टी कॉर्नरों में से किसी को भी गोल में नहीं बदल पायी। दूसरे क्वार्टर में चीनी खिलाड़ी हावी रहीं पर भारतीय रक्षापंक्ति ने भी बेहतर प्रदर्शन कर उन्हें कोई अवसर नहीं दिया। दूसरे क्वार्टर में लगभग 10 मिनट पहले चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला पर भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने उसे रोक लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर चीन की रक्षापंक्त ने उसपर गोल नहीं होने दिया। तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम नेट पर गोल नहीं कर पाई और गतिरोध जारी रहा।

## जडेजा की वापसी के कारण अक्षर या कुलदीप को बाहर बैठना होगा



**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से राजकोट में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस सीरीज में अभी तक दोनो ही टीमें एक-एक जीत के साथ ही बराबरी पर हैं। ऐसे में ये मैच बेहद अहम माना जा रहा है। इस मैच से पहले भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ को ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को लेकर कोई फैसला लेना होगा। द्रविड़ को देखना होगा कि जडेजा को जगह देने के लिए किस खिलाड़ी को अंतिम ग्यारह से बाहर रखा जाए। वहीं पिछले मुकाबले में स्पिनर कुलदीप यादव को उनकी जगह पर मौका दिया गया था पर इस खिलाड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा था, ऐसे में अक्षर पटेल और कुलदीप में से किसे शामिल करना है यह फैसला द्रविड़ को लेना होगा। बल्लेबाज लोकेश राहुल फिट नहीं होने के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे। दूसरे टेस्ट के लिए भारत की संभावित अंतिम ग्यारह : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मुकेश कुमार।



# क्रैक- जीतेगा तो जिएगा में ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी एमी जैक्सन

**विद्युत जामवाल अभिनीत फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा में अभिनय करने वाली अभिनेत्री एमी जैक्सन फिल्म प्रमोशन के लिए लंदन से वापस आ गई हैं, उन्हें पैपराजी के लिए पोज देते हुए देखा गया।**

गॉसिप गर्ल स्टार एड वेस्टविक से सगाई करने वाली अभिनेत्री को मुंबई के अंधेरी में देखा गया, जहां वह प्लंजिंग नेकलाइन और हाई स्लिट वाले आउटफिट में दिख रही हैं। उन्हें पत्रकारों के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है। अपने लुक को पूरा करने के लिए एमी ने काले धूप के चश्मे के साथ क्लासिक लुक चुना और अपने बालों को एक जूड़े में बांधा। क्रैक– जीतेगा तो जिएगा में एमी एक ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी, जिसका मुख्य मकसद घातक गेम मैदान को रोकना है। गेम मास्टर अर्जुन रामपाल हैं, जिन्होंने गेम के लिए नियम निर्धारित किया है जो जीतेगा तो जीएगा है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होगी। इसमें नोरा फतेही भी हैं।





# खाली हाथ बैठी हैं छोटे पर्दे की ये अभिनेत्रियां! शिल्पा शिंदे समेत इन एक्ट्रेस को नहीं मिल रहा काम

**शिल्पा शिंदे, दिव्यांका त्रिपाठी, रश्मि देसाई, करण पटेल जैसे कई सितारों ने छोटे पर्दे से खूब लोकप्रियता हासिल की है। ये ऐसे सितारे हैं, जिन्हें छोटे पर्दे से रातों-रात शोहरत मिली, लेकिन शो खत्म होते ही अब इन्हें वापसी का मौका नहीं मिल रहा है। तो आइए जानते हैं टीवी के इन मशहूर सितारों के बारे में...**

## शिल्पा शिंदे

शिल्पा शिंदे को सबसे ज्यादा लोकप्रियता भाबी जी घर पर हैं से मिली है। उन्होंने इस सीरियल में अंगूरी भाबी का किरदार निभाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हालांकि, शिल्पा शिंदे एक साल बाद ही शो से बाहर हो गईं। शो से बाहर होने के बाद शिल्पा पर्दे से दूर हैं, इंडस्ट्री में उन्हें कोई काम नहीं मिल रहा है।

## एरिका फर्नांडिस



एरिका फर्नांडिस छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री हैं। उन्होंने सीरियल कसौटी जिंदगी की' के दूसरे सीजन से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। उनके अभिनय को दर्शकों से सरहाना मिली। इसके अलावा एरिका कुछ रंग प्यार के ऐसे भी में डॉक्टर सोनाक्षी के किरदार में दिखी थीं। इस सीरियल के ऑफ एयर होने के बाद ये अभिनेत्री टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे दुबई में शिफ्ट हो गई हैं।

## दिव्यांका त्रिपाठी



दिव्यांका त्रिपाठी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री ने बनूं मैं तेरी दुल्हन', चिंटू चिंकी और एक बड़ी सी लव स्टोरी और 'ये हैं मोहब्बतें' जैसे सीरियल में काम किया है। ये हैं मोहब्बतें शो के ऑफ एयर होने के बाद से ही दिव्यांका त्रिपाठी पर्दे से दूर हैं।

## रश्मि देसाई

रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री को छोटे पर्दे के सीरियल उतरन से काफी लोकप्रियता मिली है। इसके अलावा रश्मि 'दिल से दिल तक' और रियलिटी शो 'बिग बॉस' का भी हिस्सा रही थीं। लंबे समय से रश्मि देसाई पर्दे से दूर हैं। बता दें कि रश्मि ने छोटे पर्दे पर ही नहीं भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है।



# अर्जुन रामपाल ने अपने सह-कलाकार विद्युत जामवाल को कहा एनिमल

फिल्म क्रैक – जीतेगा तो जिएगा को लेकर अभिनेता अर्जुन रामपाल पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने इस फिल्म को शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण बताया है। अभिनेता ने अपने सह-कलाकार विद्युत जामवाल को एनिमल कहकर संबोधित किया। फिल्म के एक्शन पर बोलते हुए अर्जुन ने कहा, मैंने अपने सभी स्टंट खुद करने की कोशिश की है। यह शारीरिक रूप से सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक रही। अपने सह-कलाकार विद्युत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब आप विद्युत से मिलते हैं, और आप उसे गले लगाते हैं और उसकी मांसपेशियों को महसूस करते हैं। आपको ऐसा लगता है, यह कौन सा एनिमल है। अर्जुन ने सेट पर प्रशिक्षित एथलीटों की तारीफ करते हुए कहा, हमें सेट पर पूरे देश से प्रशिक्षित एथलीट मिले, और मैं उनसे इतना प्रेरित हुआ कि मैं लगातार खुद को आगे बढ़ा रहा था। फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी हैं। यह 23 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



# तेलुगु डेब्यू को लेकर उत्साहित मानुषी छिल्लर

2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद मानुषी छिल्लर ने बॉलीवुड का रुख किया। हाल ही में मानुषी छिल्लर ने कहा, मिस वर्ल्ड ने मुझे सिखाया कि कुछ भी योजना के मुताबिक नहीं होता और यही जीवन की खूबसूरती है। मानुषी ने जोड़ा, मिस वर्ल्ड का मेरे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है, वह एक रात थी जिसने सब कुछ बदल दिया। मानुषी छिल्लर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं अभिनेत्री की तेलुगु डेब्यू फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन 1 मार्च को रिलीज होने वाली है। आगामी प्रोजेक्ट पर खुशी जाहिर करते हुए मानुषी ने कहा– बहुत सारे परिणामों का साल है, मैं हर चीज का इंतजार कर रही हूं।



# रामायण के लिए रणबीर ने शुरू की तैयारी, एक्सपर्ट के साथ ले रहे डिक्शन ट्रेनिंग

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' इन दिनों चर्चा में है। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर कपूर इस फिल्म के लिए खास ट्रेनिंग ले रहे हैं। दरअसल, नितेश तिवारी चाहते हैं कि शूटिंग की शुरुआत होने से पहले एक्टर्स पूरी तरह से तैयार हो। बता दें, नितेश तिवारी इस फिल्म के लिए एक डिक्शन (बोलने का तरीका) डिपार्टमेंट बना रहे हैं। इस डिपार्टमेंट का काम केवल डिक्शन और किरदारों के कॉस्ट्यूम पर ध्यान देना होगा। रणबीर श्रीराम का किरदार निभाने के लिए केवल अपना हुलिया ही नहीं बदलेंगे। वो अपनी आवाज भी बदलेंगे। फिल्म के सभी लीड एक्टर्स की ट्रेनिंग कराई जाएगी। डिक्शन के अलावा फिल्म में किरदारों के कॉस्ट्यूम और वो कैसे दिखेंगे, इस पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। फिल्म की तैयारी देखकर पता चल रहा है कि डायरेक्टर फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। 'रामायण' के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं रणबीर कपूर रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर अभी से ही फिल्म की तैयारियों में लग गए हैं। रणबीर, नितेश तिवारी के कहने पर डिक्शन एक्सपर्ट (बोलने के अंदाज के लिए एक्सपर्ट) के साथ प्रैक्टिस शुरू कर चुके हैं। डिक्शन एक्सपर्ट ये तय करेगा कि किरदार द्वारा बोले गए डायलॉग फिल्म के विजन के हिसाब से हो। रणबीर अपने रोल के साथ पूरी तरह से न्याय करना चाहते हैं। वो इस रोल के लिए घंटों प्रैक्टिस कर रहे हैं। रणबीर डायलॉग्स याद करके वीडियो बनाते हैं, और अप्रूवल के लिए डायरेक्टर के पास भेजते हैं। अप्रूवल के हिसाब से वो अपनी ट्रेनिंग पर ध्यान देना चाहते हैं। दरअसल, नितेश चाहते हैं कि इस फिल्म में रणबीर कपूर की आवाज उनकी अबतक की फिल्मों से अलग हो। वहीं, एक बेहतरीन एक्टर होने के नाते रणबीर इस प्रोसेस को एंजॉय कर रहे हैं।



# लीजेंड्री राजपूत योद्धा सुहेलदेव के रोल में नजर आएंगे राम चरण

संजय लीला भंसाली वेब सीरीज हीरामंडी से चर्चा में बने हुए हैं। अब खबर सामने आई कि वो एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर बेस्ड है। सूत्रों का कहना है कि भंसाली की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए उनकी टीम ने कुछ समय पहले राम चरण से संपर्क किया है। राम चरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। अगर उनके मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव के रोल में देखे जाएंगे। रिपोर्ट्स का दावा है कि कुछ समय में फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जाएगी। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर बेस्ड है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था। अगर ऐसा होता है तो भंसाली के निर्देशन में राम चरण को इस किरदार में देखना रोमांचक होगा। वर्क फ्रंट पर इन दिनों भंसाली फिल्म लव एंड वॉर से चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्मों में एक है। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणबीर कपूर को ग्रे शेड रोल में देखा जाएगा। यह अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।



# इंडस्ट्री के आखिरी सुपरस्टार हैं शाहरुख–सलमान

रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी सीरीज द इंडियन पुलिस फोर्स हाल ही में रिलीज हुई है। एक्टर निकितिन धीर ने फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। बातचीत में निकितिन ने अपने फिल्मी करियर और एक्सपीरियंस पर बात की है। निकितिन ने बताया कि शाहरुख खान स्टारर फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस उनके करियर की सबसे खास फिल्म है। इसमें काम करने के बाद ही उन्हें इंडस्ट्री में पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने थंगबली का किरदार निभाया था। उन्होंने कहा– ये फिल्म मेरे लिए सपना सच होने जैसा था। इस फिल्म की वजह से मुझे आज भी लोगों का प्यार मिलता है। ये हमेशा मेरे लिए सबसे खास रहेगी। निकितिन ने कहा– आप बहुत किस्मत वाले होंगे, अगर आपको सलमान और शाहरुख जैसे बड़े सुपरस्टार के साथ काम करने का मौका मिले। मुझे लगता है कि ये दोनों बॉलीवुड के आखिरी सुपरस्टार हैं। एक्टर ने कहा कि जिस तरह का उनका स्टारडम है, वो दोबारा देखने को नहीं मिलेगा। उनके साथ फिल्में करने के दौरान मैंने देखा कि किस तरह लोग उनकी एक झलक पाने के लिए परेशान रहते थे। उन्होंने कहा कि सक्सेस मिलना अलग बात है, लेकिन इतने सालों तक उसे बरकरार रखने के लिए अलग लेवल की मेहनत करनी पड़ती है।

# बड़े मियां छोटे मियां का एक्शन कैनवास रियल

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के निर्माताओं ने प्रशंसकों को मेकिंग ऑफ रियल एक्शन फिल्म वीडियो की एक झलक दिखाई। वीडियो हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसका दर्शकों का इंतजार हैं। निर्देशक अली अब्बास जफर ने कहा, लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं कि बड़ी एक्शन फिल्में बनाने का यह पागलपन भरा आकर्षण क्या है, और मेरे पास कोई जवाब नहीं है। मैं आमतौर पर कहता हूं कि शायद यह डरने की प्रवृत्ति है, कुछ ऐसा हासिल करने की कोशिश करने की प्रवृत्ति है, जो असंभव है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में एक्शन का कैनवास बहुत वास्तविक है, यह एक्शन प्रेमियों के लिए एक उपहार होगा। निर्माता जैकी भगनानी ने कहा कि बड़े मियां छोटे मियां में दो सबसे बड़े एक्शन स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ पहली बार एक साथ हैं। उन्होंने कहा, हमने इस इरादे से शूट किया कि एक्शन धमाकेदार और असली होना चाहिए। हमने यह सुनिश्चित किया है कि यह वास्तव में विश्वसनीय लगे। हमें उम्मीद है कि दर्शक स्क्रीन पर अपने नायकों के रियल एक्शन से जुड़ेंगे।

निर्माता वासु भगनानी ने कहा, अली अब्बास जफर ने हर चीज पहले ही बोली थी, उन्होंने कहा था कि कम से कम मुझे हर चीज रियल करनी है। मुझे बहुत घबराहट होती थी, आज के जमाने में इतना बड़ा एक्शन रियल कैसे हो सकता है और हमने देख लिया।

मुंबई, लंदन, अबू धाबी, स्कॉटलैंड और जॉर्डन सहित अन्य स्थानों पर फिल्माई गई यह फिल्म हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर की याद दिलाते हुए एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन एक दिलचस्प खलनायक की भूमिका में हैं, साथ ही सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पूरे भारत में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में बहुभाषी रिलीज के लिए निर्धारित, बड़े मियां छोटे मियां सभी उम्र के दर्शकों को लुभाने और बॉक्स ऑफिस पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है। वासु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट एएजेड फिल्म्स के सहयोग से बड़े मियां छोटे मियां लेकर आ रहे हैं।

